दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 178 | जयपुर | शनिवार, 03 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### मुख्यमंत्री ने ली चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक

## आमजन को हीट वेव से राहत देने के लिए चिकित्सा विभाग रखे अपनी पूरी तैयारी : सीएम शर्मा

### अस्पतालों का नियमित रख-रखाव सुनिश्चित करें, नहीं तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किलू-तापघात (हीट वेव) और गर्मी जनित अन्य बीमारियों से आमजन को राहत पहुंचानें के लिए चिकित्सा विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। जिला कलक्टर नियमित तौर पर अस्पतालों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का पूर्ण रख-रखाव किया जाए एवंकिसी भी तरह की कमी पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को बिजली, पानी एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारी संवेदनशीलता के साथ पूरे समर्पण भाव से काम करें जिससे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### स्वास्थ्य सेवाओं का और अधिक विस्तार कर रही राज्य सरकार, स्वास्थ्य के कई मानकों में राजस्थान देश में बेहतर

#### अस्पतालों मे दवाइयों की हो पूरी उपलब्धता

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में लू से निपटने की तैयारियों के मद्देनजर अस्पतालों में दवाइयां और उपकरणों की हर समय उपलब्धता हो। हीट वेव की स्थिति में नियमित निगरानी रखी जाए तथा चिकित्सालयों में हर समय सभी आवश्यक मेडिकल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परप्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक कोसंबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राज्य में पब्लिक हेल्थ केयर के बुनियादी ढ़ांचे को सुदृढ़ कर विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित किया जा रहा हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य के बुनियादी ढ़ांचे को विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाते हुए महामारियों से बचाव के लिए उच्च स्तर की तैयारियां की जाएं। उन्होंने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में वंचित वर्ग को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा इन आरोग्य मंदिरके लिए चिन्हित सरकारी अनुपयोगी जमीन को उपयोग में लिया जाए।


मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में इस वर्ष तक प्रमुख 12 सेवाएं मिलना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस करते हुए इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएं। साथ ही, एम्बुलेंस की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में एक्सरे, सोनोग्राफी एवं डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए तथा इन सभी मशीनों को हर समय कार्यशील रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से संधारित करने के लिए प्रदेश के हर व्यक्ति किना केवल आभा आईडी बनाई जाए बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आभा आईडी का अधिक से अधिक उपयोग शीघ्र प्रारम्भ हो।बैठक में नव-निर्मित उपस्वास्थ्य केन्द्र, इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, क्रिटीकल केयर ब्लॉक, मा वाउचर योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नेविभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नवाचारों का प्रस्तुतिकरण दिया।बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सोने के दाम लगातार दूसरे दिन भी टूटे

### 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 96 हजार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** वैश्विक बाजार में जारी बदलाव और भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात के बाद सोने और चांदी की कीमत में बदलाव का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट हुई। इसके बाद स्टैंडर्ड सोने की कीमत 300 रुपए टूटकर 96 हजार रुपए पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार बदलाव का यह दौर आने वाले दिनों में जारी रहेगा।

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96 हजार रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 89 हजार 100 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 76 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 60 हजार 400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 96 हजार 800 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। सर्राफा एसोसिएशन के शंकर सोनी ने बताया- भारत के मौजूदा हालात और डॉलर की कीमतों की वजह से फिलहाल सोने की कीमत में मामूली गिरावट हुई है।

## हाईकोर्ट ने दिव्यांग बेटी को फैमिली-पेंशन देने के दिए आदेश

### कार्मिक विभाग को 1 मई से पेंशन शुरू करने के दिए निर्देश, सिजोफ्रेनिया रोग से है पीड़ित

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पिता की मृत्यु के बाद उनकी दिव्यांग बेटी को पारिवारिक पेंशन देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने कार्मिक विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वह 1 मई से याचिकाकर्ता की पारिवारिक पेंशन शुरू करें। दरअसल, याचिकाकर्ता सीमा हार्डी सिजोफ्रेनिया (मानसिक रोग) नामक बीमारी से 40 प्रतिशत से ज्यादा ग्रसित हैं। उनके पिता सचिवालय से वरिष्ठ लिपिक के पद से साल 1987 में रिटायर हुए थे। 15 सितम्बर 2008 को उनका निधन हो गया। याचिकाकर्ता की मां की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। ऐसे में याचिकाकर्ता ने स्वयं के लिए पारिवारिक पेंशन का कार्मिक विभाग में आवेदन किया। लेकिन आवेदन के साथ मानसिक दिव्यांगता का प्रमाण नहीं होने से विभाग ने 23 जुलाई 2010 को उसका आवेदन खारिज कर दिया।

# एक मंच पर मोदी-थरूर और सीएम विजयन

# युवाओं का सपना हकीकत में बदल रहा है : मोदी




बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम/अमरावती (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एक दिन के केरल-आंध्र प्रदेश के दौरे पर थे। केरल के कार्यक्रम में पीएम के साथ मंच पर सीएम पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता शशि थरूर मौजूद थे। इस पर पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसा।

उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद हराम कर देगा।

कार्यक्रम में पीएम के भाषण को ट्रांसलेट करने वाले इसे सही ट्रांसलेट नहीं किया। इस पर पीएम ने कहा- जहां मैसेज जाना था चला गया।

पीएम के तंज पर कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा- पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भी हमारे पीएम असली खतरे पाकिस्तान का सामना करने के बजाय विपक्षी नेताओं की नींद में खलल डालने पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा- पीएम की प्राथमिकताएं बिल्कुल साफ हैं, अपने असली मालिक- अडाणी को खुश करना, लेकिन पीएम बेफिक्र रहें जब आप अपने कामों में व्यस्त होंगे, तब हमारी रातों की नींद आपको जवाबदेह ठहराने में ही बीत जाएगी।

#### केरल में मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन

पीएम मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में 8900 करोड़ की लागत से बने विझिनजाम इंटरनेशनल डीप सी-वाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन किया। मोदी ने पोर्ट को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा- इस पोर्ट को 8,800 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां आने वाले समय में तीन गुना ज्यादा जहाजों का ट्रांस-शिपमेंट किया जा सकेगा और अब बड़े-बड़े माल ढोने वाले जहाज भी सीधे भारत आ सकेंगे। जब कोई बड़ा जहाज एक देश के बंदरगाह (पोर्ट) पर माल लेकर आता है, लेकिन वो माल किसी और देश या शहर तक पहुंचाना होता है, तो उस माल को वहां से छोटे जहाजों या दूसरे साधनों में लादकर आगे भेजा जाता है।

#### पीएम के संबोधन की अन्य 5 बड़ी बातें...

भारत में निवेश बढ़ा- भारत सरकार ने सागरमाला और गति शक्ति योजनाओं के तहत बंदरगाहों को आधुनिक बनाया है। अब सड़क, रेल, जल और हवाई रास्तों को जोड़ा जा रहा है। इससे व्यापार आसान हुआ है और निवेश भी बढ़ा है। केरल शांति की भूमि- केरल हमेशा से ही शांति और धर्म सहिष्णुता की धरती रहा है। यहां हजारों साल पहले सेंट थॉमस चर्च बना था। हाल ही में पोप फ्रांसिस का निधन हुआ, जिनके अंतिम संस्कार में भारत के राष्ट्रपति भी शामिल हुए। भारत में सी पोर्ट की क्षमता दोगुनी हुई- पिछले 10 सालों में भारत ने कड़ी मेहनत से बड़ी तरक्की की है। बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हुई, जलमार्ग आठ गुना बढ़े। दो बंदरगाह दुनिया के शीर्ष 30 में हैं और भारत जहाज निर्माण में भी आगे है। देश में नाविकों की संख्या बढ़ी- भारत सरकार ने नाविकों के हित में कई बड़े सुधार किए हैं। 2014 में देश में करीब 1 .25 लाख नाविक थे, जो अब बढ़कर 3 .25 लाख हो गए हैं। अब भारत दुनिया में सबसे ज्यादा नाविक देने वाले तीन देशों में है।

## भारत ने पाकिस्तानी पीएम शरीफ का यूट्यूब चैनल ब्लॉक किया

### 4 क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद; खड़गे बोले- पहलगाम हमले पर सरकार की रणनीति साफ नहीं

बढ़ता राजस्थान

**पहलगाम/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में कहा कि हमले पर सरकार की रणनीति साफ नहीं है, जबकि पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाए थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गई। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे। पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों की गोलीबारी में 26 टूरिस्ट की मौत हो गई थी।
पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तानी साइबर हैकर्स लगातार भारतीय संस्थानों और कंपनियों की वेबसाइट हैक करने की कोशिश कर रहे हैं। 1 मई को एचओएएक्स1337 और नेशनल साइबर क्रू नाम के हैकर्स ग्रुप्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल नगरोटा और सुंजवान की वेबसाइट पर साइबर अटैक किया।

श्री त्र्यबकेश्वरायनमः
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वर, जि. नासिक
हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है। यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

## नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को कोर्ट का नोटिस

### कहा- आरोपियों का पक्ष भी सुना जाएगा; अगली सुनवाई 8 मई को होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा, किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी।

#### 25 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था- चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स गायब हैं, दाखिल करें

25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते। स्पेशल जज विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर 25 अप्रैल को पहली सुनवाई की थी। उन्होंने कहा, ईडी की चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। उन डॉक्यूमेंट्स को दाखिल करिए। उसके बाद नोटिस जारी करने पर फैसला करेंगे।



**चार्जशीट से पहले प्रॉपर्टी जब्त करने की कार्रवाई हुई-** इससे पहले 12 अप्रैल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। ईडी ने दिल्ली के हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) और लखनऊ के विशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाए गए थे। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजेएल के 90 .2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

#### ईडी ने कहा- हम कुछ भी नहीं छिपा रहे

ईडी ने कोर्ट से कहा था कि हमारी तरफ से कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि आदेश जारी करने में ज्यादा वक्त लगे। इसलिए कोर्ट को नोटिस जारी करना चाहिए। इस पर जज ने कहा कि जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि नोटिस की जरूरत है, हम कोई आदेश पारित नहीं कर सकते। आदेश जारी करने से पहले यह देखना होता है कि उसमें कोई कमी तो नहीं है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# नाबार्ड द्वारा प्रायोजित उन्नत बकरी पालन कार्यक्रम के अंतर्गत उपकरणों का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) तथा दिशा आर. सी. डी. समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आजीविका उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत बकरी पालन प्रबंधन एवं तकनीकों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं किसान उत्पादक संगठन आधारित परियोजना हेतु परियोजना निगरानी एवं क्रियान्वन समिति बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही स्वनिर्माण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की आउटलेट का अवलोकन किया गया। जिसमें नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक आशीष जैन तथा ब्यावर अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश परमार (बैंक आफ बड़ौदा) तथा फतेह सिंह (पशुधन सहायक), कृषि अधिकारी हेमलता शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से अक्षय कुमार क्षेत्राधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहें, साथ ही कंपनी के बोर्ड आफ डायरेक्टर ने भाग लिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती नमिता शर्मा द्वारा नाबार्ड के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला विकास प्रबंधक अधिकारी आशीष जैन द्वारा नाबार्ड की योजनाओं को बताते हुए एलईडीपी कार्यक्रम की उपयोगिता को समझाया और परियोजना निगरानी एवं कार्यान्वयन समिति बैठक में अपने विभिन्न सुझाव दिए गए। ब्यावर अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश सिंह परमार (बैंक आफ बड़ौदा) द्वारा बैंक लिंकेज, लोन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा सुरक्षा योजना और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए बैंको द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समझाया गया। कृषि अधिकारी हेमलता शर्मा द्वारा उन्नत एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राजेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित सभी अतिथि गण एवं सहभागियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद अर्पित किया है, साथ ही मसूदा के नीमगढ गांव में संतोष, जमीला, संतोष बानो को प्रदर्शन ईकाई के रूप में चरनी,पानी टब स्टेण्ड एवं सबीना जी को प्रदर्शन ईकाई के रूप ट्रेविस और पुष्पा देवी को साबुन ईकाई के लिए बर्तन और मिक्सी सांचे आदि सामग्री वितरित की गई । इस कार्यक्रम में कुल 120 महिलाओं को बकरीपालन तकनीक अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संस्था स्टाफ राजेश नाथ, राजेंद्र सिंह चौहान, सरकार सिंह, रेखा तोमर, भाग्यश्री, चेतन कुमार, धर्मीचंद गुर्जर, स्थानीय पशु सखी और 30 प्रशिक्षित महिलाओं ने भाग लिया है।

# मत्स्य नगर डिपो के बस परिचालक ने छात्रा के साथ की बदसलूकी

## परिचालक के बिगड़ैल रवैया से, यात्रियों का होता आ रहा है अपमान, छात्रा ने परिचालक के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शुक्रवार को यहां शहर के हनुमान नगर क्षेत्र निवासी एक छात्रा ने मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर मत्स्य नगर डिपो बस परिचालक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। देवली निवासी छात्रा ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को भी शहर के पेट्रोल पंप चौराहा स्थित टोंक शहर जाने के लिए रोडवेज बस का इंतजार कर रही थी तभी मत्स्य नगर 00 58 नंबर की बस चौराहे पर पहुंची इस पर टोंक जाने के लिए छात्रा जैसे ही बस में चढ़ने लगी तभी परिचालक ने उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गैर मर्यादित शब्दों से अपमानित भी किया।छात्र ने अपने साथ ऐसा दुर्व्यवहार होता देख अपने पिता देवेंद्र मेघवंशी को उक्त घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी। अपनी पुत्री के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर देवेंद्र मेघवंशी तुरंत प्रभाव से देवली बस स्टैंड पहुंचे जहां बुकिंग इंचार्ज से इस मामले की शिकायत की साथ ही देवेंद्र मेघवंशी ने यात्रियों के साथ इस तरह के दुर्व्यवहार पर कड़ी निंदा जताई छात्रा के पिता देवेंद्र मेघवंशी ने बताया कि उनकी बेटी पुरवा मेघवंशी हनुमान नगर क्षेत्र की निवासी है। वह टोंक में वेटरनरी डिप्लोमा की पढ़ाई कर रही है। इस दौरान छात्रा ने आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह करीब 7-30 बजे वह पेट्रोल पंप चौराहे पर खड़ी थी, तभी मत्स्य नगर डिपो की एक बस चौराहा पर आकर रुकी इस दौरान वह टोंक जाने के लिए बस की सीढ़ियों पर चढ़ी,तो उक्त बस के परिचालक राजेश चौधरी ने गैर मर्यादित शब्द कहते हुए उसे बस से नीचे उतार दिया और बस टोंक नहीं जाने की बात कह डाली। इसके बाद छात्रा अपने पिता के साथ देवली बस पहुंची और उक्त बस में टोंक जाने के लिए कहा तो परिचालक राजेश चौधरी छात्रा के साथ से उलझ गया और उसके पिता के साथ फिर से दुर्व्यवहार करने पर उतारू हो गया इस पर पीड़ित छात्रा ने तुरंत प्रभाव से राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाते हुए उक्त परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्रा का कहना है कि परिचालक राजेश चौधरी का व्यवहार बहुत ही अपमानजनक बना रहा था। इसी बस में सवार कर रहे यात्रियों ने भी बताया कि उक्त परिचालक का व्यवहार सभी यात्रियों से इसी तरह दिखाई दिया है।

# बाबा कबीरूद्दीन शाह के उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़ हिंदू-मुस्लिम समुदाय ने शिद्दत से ग्रहण किया प्रसाद

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में नारायणपुर मोड़ स्थित गौस्या मस्जिद में शुक्रवार को सूफी संत हजरत मौलाना बाबा कबीरूद्दीन शाह रहमतुल्ला तआला अलैह का 69 वां सालाना उर्स अपनी रस्मो रिवायत के साथ आयोजित हुआ। उर्स की शुरुआत महफिल-ए-मिलाद से हुई, जिसका संचालन प्रागपुरा सदर आमीन मंसूरी ने किया। इस मौके पर जयपुर व नरहड़ शरीफ की मशहूर कव्वाल पार्टियों ने एक से बढ़कर एक नातें पेश कर समा बांधा और इस्लाम की तालीमात पर रोशनी डाली। वक्फ बोर्ड कमेटी सदस्य इमरान लुहार ने बताया कि सामूहिक भोज कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चादर रस्म अदा कर बड़ी शिद्दत से प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी संगठन महामंत्री अजय सैनी भी उर्स में शामिल हुए। जहाँ उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ दरगाह में चादर चढ़ाकर क्षेत्र में खुशहाली और अमन्न चैन कि दुआ मांगी। प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसूरी व नायब सदर अयूब लुहार ने बताया कि दोपहर बाद बरोज जुम्मा की नवाज अदा कर शाही जामा मस्जिद से चादर पोशी व गुलपोशी लेकर कब्बाली के साथ सूफी संत बाबा कबीरूद्दीन शाह रहमतुल्ला तआला अलैह के चादर रस्म अदा की। कमेटी सचिव समीर लुहार ने बताया सभी धर्मों व जातियों के लोग मजार पर चादर चढ़ाते है। सूफी संत कबीरूद्दीन शाह की दरगाह पर चद्दर पोशी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान एलबीएस पीजी महाविद्यालय की पूर्व महासचिव दीपिका स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, खजांची बाबू खोखर, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, लल्लू बिस्ती, सराज कुरेशी, इकबाल शाह, उमराव जाट, महेन्द्र पारिक, सद्दाम हुसैन, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र यादव, सलीम कोटपूतली, सतार खान, इस्लामुद्दीन मंसूरी, खैराती बिस्ती, मुमताज लुहार, राजकुमार सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध हथियार के साथ 3 गिरफ्तार

## देवगढ़ पुलिस ने अवैध पिस्टल व छुरे के साथ 3 को दबोचा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में देवगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध पिस्टल, कारतूस व दो धारदार छुरे बरामद किए। देवगढ़ पुलिस थाना इंचार्ज अनिल कुमार के अनुसार नेशनल हाईवे नम्बर 8 आए दिन मारपीट, लडाई झगड़े व अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में तीन टीमों का गठन किया गया। जिसके बाद पुलिस की टीमों द्वारा लगातार संदिग्ध बदमाशों पर नजर रखी जा रही थी।

इस दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से 3 संदिग्ध युवकों की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश होटल, ढाबों सहित कई स्थानों पर की। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि एक युवक के पास पिस्टल है।पुलिस की टीम हाईवे से कुण्डेली जाने वाले रोड पर पहुंची जहां एक युवक मिला। युवक ने जब पुलिस का जाब्ता देखा तो वो भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने पकड़ कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल व जेब में एक पीतल का कारतूस मिला। जिसके बाद पुलिस ने युवक नरेन्द्र सिंह उर्फ छोटू (26) पुत्र शंकर सिंह रावत निवासी पेलाडोल भीम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से अवैध पिस्टल को लेकर पूछताछ कर रही है।

**हथियार लेकर घूमने की सूचना मिली :** पुलिस की दूसरी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक मदारिया से नीमझर जाने वाले रोड़ पर राड़ाजी बावजी के स्थान के पास पानी की प्याऊ के सामने रोड़ धारदार हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक आते जाते लोगों को हथियार दिखाकर डरा धमका रहा है। जिस पर पुलिस ने युवक को अवैध हथियार के साथ भगवान सिंह (28) पुत्र उदयसिंह रावत निवासी हाथीभाटा थाना करेडा को गिरफ्तार किया।

**कार से हथियार जब्त :** पुलिस की तीसरी टीम ने लसानी गांव तिराया पर एक कार को रुकवाकर तलाशी ली तो कार के डेस्क बॉक्स में लोहे का धारदार हथियार निकला जो अवैध था। जिस पर पुलिस ने तेजसिंह (32) टीलसिंह रावत निवासी सोहनगढ थाना देवगढ को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ देवगढ़ पुलिस थाने में आपराधिक मामले दर्ज है।

# शिक्षक ने फांसी का फंदा लगाया, पुलिस जांच में जुटी

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र में गत रात्री को हिरामल मंदिर स्थित किराये के मकान में निवासरत एक शिक्षक ने फंखे से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त सूचना के गत रात्रि में राहुल से मिलने कोई परिचित आया और दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खोलने पर उन्होंने पास ही रह रहे अन्य किरायेदारों को जानकारी दी। लोगों ने बताया कि काफी देर दरवाजा खटखटाने व आवाज देने से भी युवक ने दरवाजे की कुंदी नहीं खोली तो मकान मालिक को सूचना दी गई, तथा मकान मालिक से प्राप्त सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे में लगे रोशनदान से झांककर देखा तो विकाश मीना ने पंखे से फंदा लगा रखा था। घटनाक्रम की सूचना परिजनों को दी गई। विकाश के रिस्तेदारों की मौजूदगी में पुलिस ने रात करीब साढ़े दस बजे कमरे का दरवाजा खोलकर शव कबजे में लिया। एम्बूलेंस की सहायता से राहुल को उपजिला अस्पताल पावटा में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रेनवाल कस्बे के छोटी बड़ी डूंगरी निवासी विकाश पुत्र भंवर लाल मीना के रूप में हुई। मृतक विकाश मीना ग्राम पाथरेड़ी के राजकीय विद्यालय में शिक्षक था। पुलिस ने शुक्रवार तड़के पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया। वहीं पुलिस घटनाक्रम की जांच में जुटी है।

# खबर का असर : बढ़ता राजस्थान में प्रमुखता से छपी खबर के बाद खेळ में भरवाया पानी

- बेजुबान अब बुझाएंगे प्यास, सुखी पड़ी खेळ में भरवाया पानी
- काफी समय से खाली पड़ी खेळ में जमा पड़ा था कच्चरा

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** आसमान से आग बनकर बरस रही चिलचिलाती धूप में प्यास बुझाने के लिए दर दर भटक रहे बेजुबान पशु पक्षी अब पानी के अभाव में प्यासे नहीं रहेंगे। इसके लिए कई महीनों से खाली पड़ी पानी की सार्वजनिक खेळ में पानी भरना शुरू कर दिया है। बेजुबानों के लिए पानी की समस्या को देखते हुए बढ़ता राजस्थान ने 'चिलचिलाती धूप में पानी को तरस रहे बेजुबान' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर गर्मी में बेजुबानों के लिए पानी की समस्या प्रमुखता से उठाई थी जिस पर शुक्रवार को जलदाय विभाग के पास बनी पानी की खेळ की साफ सफाई करवा कर पानी भरवाया गया। खेळ में पानी भरा होने से अब गर्मी में बेजुबानो को प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। गुरुवार को जलदायकर्मी शीशपाल पीरगावत और बाबूलाल शर्मा सोमसीसर ने खेल के आस पास जेसीबी से मिट्टी, कूड़ा कच्चरा हटवाकर खेळ की अच्छी तरह से साफ सफाई करवाई। इसके बाद खेल में हर रोज पानी भरवाया जायेगा। जिससे आवारा जानवरों और पक्षियों को गर्मी में पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। विदित रहे गर्मी की तपिश शुरू होने के साथ ही बदलते मौसम के मिजाज व लगातार चढ़ते पारे से पानी के स्त्रोत सूखे पड़ते जा रहे हैं जलदाय विभाग के पास बनी पानी की खेळ सुखी पड़ी थी। ऐसे में पशु पक्षियों और बेजुबानों के सामने पानी की विकराल समस्या खड़ी हो गई थी। चिलचिलाती धूप में प्यास बुझाने के लिए आवारा मवेशी और पक्षी पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। सूखती हलक क़ो तर करने के लिए बेजुबान पानी को मोहताज थे ऐसे में अब खेळ में पानी भरने से बेजुबानों को राहत मिलेगी।

# देवगढ़ नगर 356 वा स्थापना दिवस : सनातन धर्म जागृति परिषद् ने गौ सेवा कर मनाया देवगढ़ का स्थापना दिवस

## गो भक्तो द्वारा 600 किलो हरी सब्जी और गुड गोवंश को खिलाया गया

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के देवगढ़ नगर के 356 वे स्थापना दिवस पर सनातन धर्म जागृति परिषद् द्वारा श्री गुरु सौभाग्य मदन गोशाला में गौ सेवा कर नगर का स्थापना दिवस मनाया । प्रात:काल से ही सभी सनातन धर्म जागृति परिषद् के सदस्यों द्वारा गायो के लिए लिए 600 किलो हरी सब्जी और गुड की व्यवस्था की गई । दोपहर को सभी सदस्य गोशाला पहुंचे और नगर स्थापना दिवस पर गोवंश को सब्जी और गुड खिलाया । अरावली की पहाड़ियों के बीच बसे देवगढ़ नगर की नींव विक्रम संवत 1726 वैशाख शुक्ल पंचमी को रावत द्वारकादास ने रखी थी। यह कस्बा मेवाड, मारवाड़ तथा मेरवाड़ा क्षेत्रों की सीमाओं पर संग्राम सागर तालाब एवं राघव सागर के मध्य सर्व प्रथम मदारिया, द्वितीय चरण में मानपुरा एवं तृतीय चरण में देवगढ़ नाम से बसाया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व यह मेवाड़ राज्य की प्रथम श्रेणी की जागीर थी, जिसमें देवगढ़ नगर तथा इसके चारों ओर के 181 गांव सम्मिलित थे। समित सदस्यों ने कहा की गाय हमारी संस्कृति की आत्मा है। गो पालन और गोसेवा से ही हमारा ग्राम्य जीवन समृद्ध हुआ है। हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व कहा था कि गाय के संरक्षण से ही मानवता का कल्याण संभव है। आज जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है, तब हमें पुन: अपनी जड़ों की ओर लौटने की आवश्यकता है और उस यात्रा का पहला चरण गोसेवा है।

## जिला कलक्टर ने बैठक लेकर 5 करोड़ और उससे अधिक राशि के विकास कार्यों की समीक्षा

# 5 करोड़ से अधिक लागत से सभी बड़े प्रोजेक्ट जल्द पूर्ण कर आमजन को सुपुर्द करें : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में समस्त विभागों के वर्तमान में चल रहे 5 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभागों के जो भी 5 करोड़ और 5 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्य प्रगति पर हैं उन्हें अब बिना किसी विलंब से जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। विभाग निरंतर कार्य करने वाले संवेदक को मॉनिटर करें और कोई भी लापरवाही होने पर कार्यवाही भी अमल में लाएं।

कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिन भवनों के कार्य पूर्ण हो गए हैं उनके हैंड ओवर करने की प्रक्रिया तुरंत पूर्ण की जाकर आगामी दिनों में लोकार्पण करवाया जाए ताकि आमजन को इन परियोजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। विकास कार्यों में देरी से न सिर्फ समय व्यर्थ होता है, बल्कि आमजन को समय पर लाभ भी नहीं मिलता, ऐसे में सभी कार्य टाइम बाउंड मेनर में पूर्ण होने अत्यंत आवश्यक है। कलक्टर ने एक-एक कार्य पर बारीकी से संबंधित विभाग के प्रभारी अधिकारी से पूछा और कहा कि समस्त कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें ताकि लोगों को समुचित रूप से इन कार्यों का लाभ मिल सके। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बिल्डिंग कार्यों को हेंड ओवर करने से पूर्व परिसर में न्यूनतम 50 पेड़ लगाए जाने सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने यह भी कहा कि अब वे हर माह बैठक लेकर 5 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। कलक्टर ने आरडीएसएस के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएचईडी के 133 करोड़ की लागत के बाघेरी-चिकलवास पुर्नगठन पेयजल परियोजना के साथ-साथ ग्रामीण जल योजना जुणदा, लापस्या ग्रामीण जल योजना कोटडी-काबरा-खड़बामनिया, भैसाकमेड, उसरवास, रेबारियों की ढाणी, बडी बल्लों की भागल योजना की समीक्षा की।चिकित्सा विभाग के तहत 40 करोड़ की लागत से उपजिला चिकित्सालय भीम के अलावा 50 बैडेड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमेट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेड़च, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनेड़िया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठारिया के कार्यों की प्रगति पर बारीकी से जानकारी ली।आईटीआई भवन देवगढ़, खमनोर एवं भीम का निर्माण के साथ ही 9 करोड़ के इन्डोर स्टेडियम निर्माण, 21 करोड़ के बीएससी नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण, 37.60 करोड़ की लागत से राजकीय आयुर्वेद योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र नाथद्वारा निर्माण, 150 करोड़ के राजसमन्द बांध मे जल की आवक में अभिवृद्धि करने हेतु खारी फीडर की प्रवाह क्षमता को बढाने के लिए शेष रहे जीर्णोद्धार तथा आवश्यक मरम्मत कार्य, 5 करोड़ के आगरिया फीडर का पुनरूद्धार कार्य (कुम्भलगढ) की समीक्षा की।इसी तरह 30 करोड़ की लागत से मेडिटूरिज्म एवं वेलनेस सेंटर बिल्ली की भागल नाथद्वारा का कार्य, रूडिप के तहत 106 करोड़ के नाथद्वारा शहर में गैर राजस्व जल को घटाने एवं नियमित जलापूर्ति हेतु जल उत्पादन एवं वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य व 10 वर्ष का रखरखाव एवं संचालन का कार्यों के लेकर कार्यकारी एजेंसी एवं विभाग से समीक्षा करते हुए जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।एनएचएआई के तहत लगभग 1000 करोड़ की लागत से एनएच 162 ई का कार्य, 64 करोड़ की लागत से चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण केलवाडा-ओलादर चौराहा (राजसमन्द) से भादसोडा चौराहा (चित्तौडगढ) वाया सापोल, मुण्डोल, राजनगर, रिको सडक, सोमनाथ चौराहा, जे.के.सर्कल, रेलमंगरा, गिलूण्ड, कपासन, शनि महाराज सडक के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।ऐसे ही अन्य कार्य जैसे आमेट से कोशिथल सडक नाडियावाडा से सिरोडी सडक जेतपुरा पुलिया निर्माण कार्य (बिफरजॉय से क्षतिग्रस्त), 50 करोड़ के नवीनीकरण एवं चौडाईकरण कार्य भीम से कामलीघाट वाया टॉडगढ मण्डावर सडक कार्य, 17 करोड़ की लागत से नवीनीकरण एवं चौडाईकरण कार्य आंजना महादेव मन्दिर से जगदीश सडक, 28 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीम पर 50 बैडेड मातृ एवं शिशु इकाई स्थापना हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य, डीएमएफटी के कार्यों जैसे 67 करोड़ की लागत से जिला चिकित्सालय नाथद्वारा में भवन निर्माण कार्य, 17 करोड़ की लागत से सामान्य अस्पताल नाथद्वारा में 50 बेडेड नये एमसीएच बिंग निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की गई।सभी विभागों ने कलक्टर को आश्वस्त किया कि कार्य समय बद्ध रूप से पूर्ण किए जाएंगे।

# पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरूवार को एसपी राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी द्वारा लोकल व स्पेशल एक्ट में अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

पैंडिग प्रकरणों का अधिक से अधिक निस्तारण कर पैण्डेंसी कम करने, पोक्सो व बलात्कार महिला अत्याचार व एस.सी/एस.टी के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने, आपराधिक प्रवृति के अपराधियों को चिन्हित कर गुण्डा एक्ट व राजपासा के तहत प्रभावी कार्यवाही करने तथा विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। एनडीपीएस एक्ट एवं साईबर अपराध की तुलनात्मक स्थिति की समीक्षा करते हुये उक्त अपराधों में कमी लाने के निर्देश दिये गये। एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा वाहनों के निस्तारण करने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जिले में निवासरत अवैध नागरिकों की पहचान कर विस्थापित करने के निर्देश दिये गये। नीट (यूजी) परिक्षा के सफल



क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सोशल मीडिया अवैध हथियारों के साथ पोस्ट करने वाले व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली टिप्पणियां करना, सोशियल मीडिया पर अफवाहे फैलाना भडकाउ पोस्ट करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त, नाकाबंदी व चैकिंग को बढ़ाया जाकर सम्पति संबधी अपराध के प्रकरणों में सफलता हांसिल करने के निर्देश प्रदान किये गये। वहीं कानून व्यवस्था के संबध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा, नीमराणा एएसपी शालनी राज, नीमराणा डीएसपी सचिन शर्मा, बहरोड़ डीएसपी कृतिका, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत समेत जिले के समस्त थानाधिकारी मौजूद रहे।

## होटल में जुआ खेलते 5 युवक गिरफ्तार

**कमरे में रुपयों का दाव लगाते मिले, शौक-मौज के लिए खेल रहे थे जुआ**

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने होटल में जुआ खेलते मिले 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। कमरे में रुपयों का दाव लगाते मिले पांचों आरोपी शौक-मौज के लिए जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 55 हजार रुपए जुआ रकम बरामद की है। पुलिस के अनुसार जुआ खेलते आरोपी किशोर कुमार (40) व नरेन्द्र कुमार (32) निवासी शंकर नगर ब्रह्मपुरी, बादल सिंह (36) निवासी बारियो की बाग सुभाष चौक, पंकज कुमार (32) निवासी शिव शक्ति कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर और धीरज कुमार (32) निवासी गोविन्द नगर ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार रात करीब 8 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रह्मपुरी इलाके में स्थित होटल रासमहल के रुम में कुछ लड़के ताशपत्ती से रुपयों का दाव लगा रहे हैं। पुलिस टीम के होटल रुम में दबिश देने पर पांचों आरोपी जुआ खेलते मिले। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 55 हजार 300 रुपए जुआ रकम बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने नशे और शौक-मौज के लिए जुआ खेलना स्वीकार किया।

## ट्रेनों में बढ़ रही चोरी की वारदाते

### ट्रेन में महिला का लाखों के गहने से भरा बैग चोरी,फुलेरा जीआरपी थाने पर दर्ज करवाया मामला

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा।** अब ट्रेनों में भी चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। ट्रेनों में महिला यात्री सुरक्षित नहीं हैं। सवारी गाड़ी संख्या 14701 गंगानगर-बांद्रा ट्रेन में बदमाशों ने महिला के लाखों के गहने से भरा बैग चोरी कर ले गए। महिला फुलेरा से किशनगढ़ जा रही थी। तभी फुलेरा जीआरपी थाना इलाके में चोरों ने घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के पति की शिकायत पर फुलेरा जीआरपी थाने पर केस दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार फुलेरा की मिश्र कॉलोनी निवासी गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि मेरी पत्नी विजय लक्ष्मी गौड़ एवं बेटी विधि शेखावत, वैभवी शेखावत 29 अप्रेल को प्रात: 9.40 बजे शादी समारोह में जाने के लिए फुलेरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 14701 के आगे के जनरल कोच में बैठकर किशनगढ़ जा रही थी। उनके पास बड़ा लेडीज फर्स था। जिसमें एक छोटा फर्स था। जिसमें सोने की ज्वैलरी थी। जिसको रास्ते में नरेना रेलवे स्टेशन के पास देखा तो नहीं मिला। उसमें एक सोने की रखड़ी, शीशफूल, रानी हार के साथ कंठिया, इयररिंग्स, चैन, अंगूठी, एक चिक शेर, नेकपीस विथ इयररिंग्स एवं एक फर्स जिसमें 1100 रुपये नगद थे। जिनको अज्ञात बदमाशों ने चुरा लिया।

## पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद कट्टे में छिपाई लाश

**घर जाकर बच्चों के पास सोया, पति गिरफ्तार**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में युवक ने अपनी ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर उसकी लाश को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर कबाड़ गोदाम में छिपा दिया। पत्नी की हत्या के बाद घर पर बच्चों के साथ जाकर सो गया। पुलिस ने लाश मिलने पर एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गृहक्लेश के चलते झगड़ा होने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करना सामने आया है। पुलिस के अनुसार विश्वकर्मा के बढारणा गांव में कबाड़ गोदाम में फरीन कुरैशी (27) की लाश अर्धनग्न हालत में मिली है। वह पति मोहम्मद अकील कुरैशी (36) और दो बच्चों के साथ हरिजन बस्ती भट्टाबस्ती में रहती थी। पिछले करीब डेढ़ साल से उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी पति मोहम्मद अकील कुरैशी बढ़ारणा गांव में कबाड़ गोदाम पर काम कर रहा था। हत्या की प्लानिंग के तहत गुरुवार सुबह करीब 10 बजे कबाड़ गोदाम पर अकील अपनी पत्नी फरीन को लेकर पहुंचा। पुलिया के नीचे सुनसान जगह पर बने गोदाम के पास पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

फरीन को मारने के बाद अर्धनग्न हालत में शव को प्लास्टिक के कट्टे में डालकर ऊपर से सील दिया। जिसके बाद दूसरे कट्टे में लाश को बांधकर कबाड़ गोदाम के पिछले हिस्से में करीब 30 मीटर अंदर ले गया। वहां पड़े प्लास्टिक के कट्टों के बीच गड्ढे में लाश को डालकर छिपा दिया। देर शाम अकील घर जाकर अपने दोनों बच्चों के साथ सो गया। अकील ने अपने दोस्त को पत्नी फरीन की हत्या की बात बताई थी। कहा था कि वह पुलिस में सरेंडर करना चाहता है। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे पुलिस को कबाड़ गोदाम में लाश होने का पता चला। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर फरीन की लाश को अर्धनग्न हालत में बरामद किया। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने तुरंत पति को राउंडअप किया। पूछताछ में पति ने गृहक्लेश के चलते पत्नी फरीन की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया




बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली।(बिल्लूराम सैनी) पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान नन्हें बच्चों ने नाटक के माध्यम से देश व समाज में मजदूरों की भागीदारी को प्रदर्शित किया, जो आकर्षक का केंद्र रहा। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका बिंदु सांगवान ने मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुये स्कूल के सहायक कर्मचारियों, बस के चालक, परिचालक व माली, सफाईकर्मी, चौकीदार आदि का उनके द्वारा जिम्मेदारी से काम करने पर गिफ्ट कार्ड देकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की अहम भूमिका होती है। इसलिये हम सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व उनकी समर्पण भावना का सम्मान करना चाहिये। उन्होंने कहा की यह दिन राष्ट्र निर्माण की असली नींव रखने वालों को समर्पित है। इस दौरान सहायक कर्मचारी के बीच रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों का आयोजन भी हुआ।

## ज्वैलरी शोरूम से डेढ़ लाख की कीमत के वेवर के 9 कार्टन चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में ज्वैलरी शोरूम से चोर 9 कार्टन वेवर के चोरी कर ले गए। इनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार यूनिवरसिटी मार्ग निवासी जितिन मोहने ने मामला दर्ज करवाया कि कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम के तीसरे और चौथे फ्लोर से चोर 9 कार्टन वेवर चोरी कर ले गए। इनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। घटना 29 अप्रेल की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धौलादांता विद्यालय खेल मैदान से हटाया अतिक्रमण हटाया

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** अतिक्रमण की स्थिति में तत्परता से सख्त कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा संदेश दिया है। मसूदा तहसीलदार शिल्पा चौधरी, राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस जाप्ते के साथ राजस्व ग्राम धौलादांता स्थित अराजी अमरा नम्बर 811/439, विद्यालय खेल मैदान (धौलादांता) पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में की गई। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, समस्त विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अतिक्रमी भोजराज पुत्र लाडू एवं नरसिंह पुत्र हीमला द्वारा किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। साथ ही, अतिक्रमण से संबंधित ईंट, पत्थर एवं बजरी को स्वयं के स्तर पर पाँच दिवस के भीतर हटाने का शपथ पत्र अतिक्रमी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## जिले को मिली एएलएस एंबुलेंस,मरीजों को मिलेगी राहत

**जिला कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी**



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार कोकोटपूतली-बहरोड़ जिले को प्राप्त एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को जिला कलेक्ट्रेट भवन कोटपूतली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि यह एम्बुलेंस वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सहित अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इसमें एक प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी भी तैनात किया गया है। यह सेवा मरीजों को उच्च स्तर पर रेफर करने में सहायक होगी।इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, जयपुर जॉन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. यदुराज सिंह, डीपीएम योगेश कुमार, जिला नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ और जिला समन्वयक अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

## हरियालो राजस्थान' के तहत वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने कहा कि इस वर्ष 'हरियालो राजस्थान' के तहत बड़े स्तर पर पौधे लगाये जायेंगे। पौधों में छायादार व फलदार पौधे अधिक लगाये जायेंगे। 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी व कृषि विपणन विभाग द्वारा लगभग 32 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल शुक्रवार को पंत कृषि भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ 'हरियालो राजस्थान' अभियान, कृषक उत्पादक संगठनों की प्रगति, ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट, राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'हरियालो राजस्थान' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से लगाये जाने वाले प्रत्येक पौधे की जीयो टैगिंग की जाये, जिससे उनकी निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। राजन विशाल ने कहा कि तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन मिशन प्रारंभ किया गया है। वेल्यू चैन पार्टनर्स को ऑयल मील स्थापित करने हेतु प्रदेश में व्यापक



प्रचार-प्रसार कर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### जीआई टैग

शासन सचिव ने कहा कि राज्य में संचालित 'एक जिला एक उत्पाद' योजनान्तर्गत भौगोलिक विशिष्टता आधारित सूचीबद्ध फसलों का संरक्षण करने एवं क्षेत्र विशेष को पहचान दिलवाये जाने के लिए जियोग्राफिकल इन्डीगेशन टैग (जीआई टैग) कृषक हित में प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय कमेटियों का गठन किया गया है। कृषि एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता के मद्देनजर जीआई टैग के पश्चात प्रदेश के कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाऐं बढ़ेगी।

### राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड

उन्होंने कहा कि राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड राजस्थान सरकार का एक उपक्रम है, जो मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में विकास और समर्थन के लिए काम करता है। इसमें बीजों का उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा भी दिया जाता है। बैठक में आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल, आयुक्त उद्यानिकी सुरेश कुमार ओला, निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान सहित कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## रिश्वत के वायरल वीडियो के मामले में मानसरोवर थाने का एएसआई सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रिश्वत लेते वायरल विडियों के मामले में मानसरोवर थाने के एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस अब इस पूरे प्रकरण की जांच करने में जुटी है। इस संबंध में डीसीपी साउथ ने आदेश जारी किए है। इस पूरे प्रकरण की जांच एसीपी मानसरोवर को सौंपी गई है। एएसआई कैफे में रेड मामले का जांच कर रहा था।

गौरतलब है कि मानसरोवर थाने में तैनात एएसआई मदन लाल सादा वर्दी में एक व्यक्ति से रुपए लेते नजर आ रहे है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने एएसआई के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इस विडियो में दोनों के बीच पैसे पूरे होने की बातचीत भी हो रही है।

इसमें एएसआई यह पूछ रहे हैं कि पैसे तो पूरे हैं ना। यह पूरा मामला थाना क्षेत्र के गंगा-जमुना पेट्रोल पंप के पास चार माह पहले ही खुले कैफे का है। जानकारी के अनुसार एक कैफे संचालक को एएसआई ने कैफे के साथ हुक्का बार चलाने को कहा था। इसके बदले में 15 हजार रुपए मंथली दे देना तय हुआ और कहा गया कि तुम्हारे यहां छापा नहीं पड़ेगा, लेकिन 13 फरवरी को डीएसटी ने रेड डाल दी। इसमें संचालक अजयराज सिंह और शंभू सिंह, मैनेजर हार्दिक सिंह सहित 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद हुक्का बार बंद कर मंथली देना भी बंद कर दिया। इससे खफा एएसआई ने डीएसटी के साथ दो बार और छापे मारे, लेकिन कुछ मिला नहीं। अब 30 अप्रैल की रात 10:30 बजे तीसरी बार छापा मारा और कर्मचारी करण सिंह को उठा ले गया। उसी को छोड़ने की एवज में एएसआई को 10 हजार रुपए दिए हैं। यह वायरल विडियो भी करण सिंह को छुडाने के दौरान का ही है।

## कृष्ण रुक्मणी के विवाह की सजाई झांकी श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का छठा दिन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के लक्ष्मी नगर मे राममंदिर दीपचंद जी की बगीची में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के छठे दिन कृष्ण रुक्मणी विवाह की झांकी सजाई गई इस दौरान कथा में आई महिलाओं ने बड़ी संख्या में कन्यादान में वस्त्रो का दान किया व्यास सुदामा दास महाराज वृंदावन वालों ने भक्तों को कंस वध कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई व लक्ष्मी नगर प्रभात फेरी वालों के द्वारा व्यास सुदामा ने सभी कार्यकर्ताओं को माला व दुपट्टा पहन कर सम्मान किया इस दौरान प्रात: प्रभात फेरी लक्ष्मी नगर के सदस्यों ने मंदिर महंत राम वचन दास महाराज व सीताराम दास जी महाराज को प्रभात फेरी की तरफ से कुछ भेंट समर्पण किया ।

इस दौरान मक्खन दास महाराज,




पंडित बजरंग शर्मा, जगदीश मीणा, रामविलास सिंगल,कमल जांगिड़, अनिल जांगिड़, अरुण गर्ग, विजय आनंद भारद्वाज, पप्पू प्रजापत, केशव टेलर, सुरेश मेहरा, सुरेश सैनी, रोहतास सैनी (उपाध्यक्ष) सतीश यादव, पत्रकार जितेंद्र जलेन्द्रा,पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पूर्व सरपंच शिंभू दयाल गर्ग, सुभाष कंपाउंडर, महिलाओं समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## कार बेकाबू होकर कंटेनर में घुसी, कारोबारी की मौत

### रिश्तेदार के घर से कार लेकर थे निकले, रोड किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से घुसी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर कार बेकाबू होकर कंटेनर से टकरा गई। हादसे में एक कारोबारी की मौत हो गई। वह रिश्तेदार के घर से कार लेकर निकले थे। बिजनेसमैन की कार रोड किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी। एक्सीडेंट थाना (वेस्ट) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल के मुर्दाघर भिजवाया। एएसआई रघुनंदन ने बताया कि हादसे में हरमाड़ा के गोविन्दपुरा निवासी गिर्राज जागीड़ (39) पुत्र कन्हैया लाल की मौत हो गई। उनकी विश्वकर्मा रोड नंबर-14 पर बैरिंग बनाने की फैक्ट्री है। नौ दिन पहले उनके साले की पत्नी की डेथ हो गई थी। शुक्रवार दोपहर को गिर्राज बढ़ारणा में खातियों की ढाणी में साले की पत्नी के नई के नहान में शामिल होने आए थे। दोपहर करीब 1:15 बजे वह कार लेकर घर जाने के लिए निकले थे। रिश्तेदार के घर से कुछ ही दूरी पर बढ़ारणा पुलिया पर पहुंचते ही कार बेकाबू होकर पीछे से रोड किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर हाईवे पर बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। एक्सीडेंट की सूचना पर विश्वकर्मा और एक्सीडेंट थाना वेस्ट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार के केबिन में फंसे गिर्राज को बाहर निकाल कांवटिया हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टर्स ने चेकअप के दौरान गिर्राज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार व कंटेनर को जब्त कर लिया है।

## ट्रांसफॉर्मर कंपनी में युवक की करंट से मौत,परिजनों ने किया थाने का घेराव

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। विश्वकर्मा थाना इलाके में एक ट्रांसफार्मर कम्पनी में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर जमा हो गए और मुआवजे की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीकर निवासी 35 वर्षीय रणजीत सिंह शेखावत एक ट्रांसफार्मर निर्माण करने वाली कम्पनी में काम करता था निर्माण करने के दौरान गुरुवार शाम को रणजीत को करंट लग गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद शुक्रवार सुबह परिजन थाने पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक और परिजनों का समझौता करवा दिया। समझौते के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया। बताया जा रहा है कि रणजीत परिवार का एक मात्र सहारा थे। उनके अलावा परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है।

## सम्पादकीय

# जाति जनगणना के नफा-नुकसान, सामाजिक न्याय को सच में नई उड़ान मिलती है या नहीं

मोदी मंत्रिमंडल ने जाति जनगणना कराने का अप्रत्याशित निर्णय लिया। लगभग सौ वर्षों बाद पूर्ण जाति जनगणना होगी। संभवत: 2031 तक हमें जातियों के प्रमाणिक आंकड़े मिल सकेंगे। अंतिम जाति जनगणना 1931 में हुई थी। भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही समय-समय पर इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण बदलती रही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस पर अपना रुख बदला है। अब विपक्षी दलों में जाति जनगणना के निर्णय का श्रेय लेने की होड़ है। मोदी ने यह फैसला तब लिया, जब विपक्षी दलों को इसकी बिल्कुल उम्मीद न थी। सबका ध्यान पहलगाम आतंकी हमले पर था और विपक्ष मोदी सरकार के साथ खड़ा था। इस निर्णय को बिहार के आगामी चुनावों से भी जोड़कर देखा जा रहा है, जहां तेजस्वी यादव और राहुल गांधी जातिगत जनगणना को अपना प्रमुख चुनावी एजेंडा बना कर मोदी- नीतीश को शिकस्त देना चाहते थे। ब्रिटिश काल में जब 1881 से 1931 तक जाति जनगणना हुई, तो उसे बंद क्यों किया गया और अब करीब सौ वर्षों बाद उसे पुन: शुरू क्यों किया जा रहा है 1941 में भी जाति जनगणना हुई, पर उसके आंकड़े प्रकाशित नहीं हुए। स्वतंत्रता के बाद 1951 से 2011 तक आंशिक जाति जनगणना होती रही, जिसमें अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गणना की गई। 1941 जनगणना कमिश्नर एमडब्लूएम यीट्स ने जाति जनगणना को खर्चीला, समय खपाऊ, सामाजिक विद्वेष पैदा करने वाली और डा आंबेडकर के जाति विहीन समाज के मार्ग में अवरोध बताया था। जाति जनगणना से दलितों-आदिवासियों को कोई फर्क नहीं, क्योंकि उनकी गणना तो बराबर होती रही है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को लगता है कि अब उसे इसका लाभ होगा, पर किसी को नहीं पता कि ऐसा कैसे होगा क्या जाति जनगणना केवल एक चुनावी दांव-पेच का खेल है और राजनीतिक दलों द्वारा समाज के एक बड़े वर्ग को साधने की कवायद है बेशक जाति जनगणना से ओबीसी जातियों के भी आंकड़े मिल जाएंगे और आरक्षण के उपवर्गीकरण से उन्हें कुछ लाभ भी मिलेगा, लेकिन यह भविष्य बताएगा कि जातिवार गणना से सामाजिक न्याय को सच में नई उड़ान मिलेगी। यदि जाति जनगणना से ही सामाजिक न्याय की स्थापना होती, तो क्या एससी-एसटी समाज को वांछित सामाजिक न्याय मिल सका यह सही है कि दलितों में एक-दो जातियों की स्थिति में बेहतरी आई है, लेकिन शेष सैकड़ों जातियों का क्या यही स्थिति आदिवासियो में भी है। संविधान के अनुसार जनगणना का एकाधिकार संसद यानी केंद्र को प्राप्त है, पर बिहार, कर्नाटक आदि ने अपने-अपने यहां जाति सर्वेक्षण किया। यद्यपि उसमें पारदर्शिता का अभाव और राजनीतिक निहितार्थ थे। जिन राज्यों ने जाति सर्वेक्षण कर विभिन्न जातियों के आंकड़े प्राप्त किए, उन्होंने ऐसा कौन सा कदम ओबीसी की बेहतरी के लिए उठाया, जो बिना जातिगत आंकड़ों के संभव नहीं था पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2011 में एक सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया, लेकिन उसके जातिगत आंकड़े प्रकाशित नहीं कर सके। तब गृहमंत्री चिदंबरम ने जाति जनगणना न कराने के कई कारण बताए थे, जैसे केंद्र और राज्य की अलग-अलग ओबीसी सूचियां होना, कई राज्यों में ओबीसी सूचियां न होना, कई जातियों का एससी और ओबीसी, दोनों में होना, मतांतरण कर ईसाई और इस्लाम अपनाने वालों की भिन्न-भिन्न राज्यों में अलग-अलग स्थिति होना, एक से दूसरे राज्यों में जाने वालों की भिन्न-भिन्न स्थितियां और अंतर धार्मिक विवाह से उत्पन्न बच्चों की अस्पष्टता। अब जब मंत्रिमंडल ने निर्णय ले ही लिया है, तो जनगणना आयोग को इन समस्याओं से निपटना पड़ेगा।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 3 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लाऊंदू समझौते के बाद फ्रांस का गृहयुद्ध 1616 को समाप्त हुआ।
- स्वीडन, पोलैंड, ब्रैंडेनबर्ग और ऑस्ट्रिया ने ओलिवा शांति समझौते पर दस्तखत 1660 में किये।
- यूएस का पहला मेडिकल कॉलेज फिलाडेलफिया में 1765 को खुला।
- दुनिया में भाप इंजन से चलने वाली पहली नियमित यात्री रेलगाड़ी 1830 में चलनी शुरू हुई।
- एथेंस विश्वविद्यालय की स्थापना 1837 में हुई।
- चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1845 में 1600 लोगों की मौत हुई।
- पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र 1913 को प्रदर्शित हुई।
- अमेरिका में पहली यात्री उड़ान न्यूयार्क और अटलांटिक सिटी के बीच संचालित 1919 को हुई।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 1939 में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।
- प्रसिद्ध जर्मन भौतिकशास्त्री वर्नर हाइजनबर्ग को 1945 में गिरफ्तार किया गया।
- विश्व युद्ध के बाद जापान में नया संविधान 1947 में लागू हुआ।
- कमांडर ऐलन शेपर्ड 1961 में अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमरीकी यात्री बने।
- कंबोडिया ने 1965 में अमेरिका के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए।
- संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा 1993 में की थी।
- 'यूरो' को यूरोपीय मुद्रा के रूप में स्वीकार करने का यूरोपीय नेताओं का ऐतिहासिक फैसला 1998 में हुआ।
- अमेरिकी मीडिया ने परवेज मुशर्रफ़ के जनमत संग्रह को 'शर्मनाक जनमत संग्रह' 2002 में बताया।
- ऑस्ट्रेलिया के स्टीव वॉ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज 2003 में बने।
- वेस्टइंडीज ने छठे एक दिवसीय मैच में 2004 में इंग्लैंड को चार विकेट से परास्त किया।
- टाटा स्टील लिमिटेड को ब्रिटेन में कोयला खनन करने का पहला लाइसेंस 2008 में प्राप्त हुआ।
- पाकिस्तानी जेल में सज़ा काट रहे भारतीय क़ैदी सरबजीत सिंह की फाँसी की सज़ा 2008 को अनिश्चित समय तक टाली गई।
- दक्षिणी चिली के लास लगासे क्षेत्र में हज़ारों साल से निष्क्रिय पड़ा एक ज्वालामुखी 2008 को फटा।
- जापान की निसान के साथ मिलकर बजाज रेनो नामक छोटी कार बनाने वाली कंपनियों बजाज ऑटो व फ्रांस की रेनॉल्ट ने उसकी कीमत टाटा की नैनो से भी कम लगभग 1.10 लाख रूपए रखने का निर्णय 2010 में किया।
- चीन में लगभग 16 करोड़ साल पुराना डायनासोर का जीवाश्म 2013 में मिला।
- 2016 में 63वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों की घोषणा हुयी उसमें मनोज कुमार, अमिताभ बच्चन और कंगना राणावत सम्मानित हुए।

### अंतरराष्ट्रीय प्रेस दिवस पर विशेष

# प्रेस का स्वतंत्र, निडर और पारदर्शी होना आवश्यक है



– सुनील कुमार महला

**वर्ष 1991 में यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग ने मिलकर इस दिन को मनाने का निर्णय किया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी 3 मई को अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यूनेस्को महासम्मेलन के 26वें सत्र में वर्ष 1993 में इससे संबंधित प्रस्ताव को स्वीकार किया गया था। सच तो यह है कि 1993 से हर साल 3 मई को मनाया जाने वाला विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के सार्वभौमिक महत्व और लोकतंत्र, पारदर्शिता और मानवाधिकारों की रक्षा में पत्रकारिता की भूमिका की याद दिलाता है।**

प्रत्येक वर्ष 3 मई को अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। लोकतंत्र में प्रेस का बहुत महत्व है। जैसा कि प्रेस के बारे में यह कहा गया है कि प्रेस की स्वतंत्रता के बिना न तो लोकतंत्र है, न पारदर्शिता है और न ही न्याय है। प्रेस की स्वतंत्रता किसी देश के नागरिकों को सरकार और अन्य संस्थानों के कार्यों की निगरानी करने में मदद करती है, जिससे वे सूचनाओं को प्राप्त कर सकते हैं और जागरूक बन सकते हैं।यहां पाठकों को बताता चलूं कि वाल्टर क्रोनकाइट ने प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में यह बात कही है कि प्रेस की स्वतंत्रता न केवल लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्वयं लोकतंत्र है। वास्तव में, यह (3 मई का दिन) पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक सूचनापरक चर्चा के लिए स्वतंत्र प्रेस के महत्व को रेखांकित करने का दिन है। यहां यह भी गौरतलब है कि नामीबिया में वर्ष 1991 में अपनाई गई विंडहोक घोषणा में मुक्त, स्वतंत्र और बहुलवादी प्रेस का आह्वान किया गया था। पाठकों को बताता चलूं कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2025 का आधिकारिक विषय/थीम बहादुर नई दुनिया में रिपोर्टिंग - प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव रखा गया है। वास्तव में यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे उभरती हुई तकनीकें, खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पत्रकारिता को नया आकार दे रही हैं, सूचना तक पहुँच को प्रभावित कर रही हैं और प्रेस की आज़ादी के लिए नई चुनौतियाँ पैदा कर रही हैं। सच तो यह है कि यह तेज़ी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में पत्रकारिता की अखंडता की रक्षा करने की ज़रूरत पर ज़ोर देता है।वास्तव में, इस दिन के मनाने का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लघंनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस भी मनाया जाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2024 की थीम प्रेस की बदलती प्रकृति रखी गई थी।बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि प्रेस हमेशा स्वतंत्र और जिम्मेदार होनी चाहिए, क्यों कि यह प्रेस ही है जो जहां एक ओर जनमत को आकार देती है , सूचनाओं का प्रसार करती है, सरकार और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करती है, तथा जनता को शिक्षित व जागरूक करने में मदद करती है। वास्तव में प्रेस लोकतंत्र की सच्ची प्रहरी और वाच डाग की भूमिका निभाती है। प्रेस ही किसी समाज और देश में विभिन्न विचारों और दृष्टिकोणों को बढ़ावा देती है जिससे देश और समाज को उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर होने में मदद मिलती है। वास्तव में सूचनाओं के प्रसार का यह (प्रेस) सबसे बड़ा उपकरण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि एक स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की रक्षा करने और एक पारदर्शी, सशक्त एवं जवाबदेह सरकार को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। आज प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दृढ़ राजनीतिक संकल्पों के साथ ही न्यायिक दृढ़ संकल्प भी बहुत आवश्यक है। वास्तव में प्रेस की स्वतंत्रता से तात्पर्य यह है कि वह विभिन्न पत्रकारों और मीडिया संगठनों को सेंसरशिप या सरकारी हस्तक्षेप के बिना कार्य करने की अनुमति दे। यदि हम यहां पर प्रेस की संवैधानिक पृष्ठभूमि की बात करें तो भारत के संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लेख नहीं किया गया है। हालाँकि, यह बात अलग है कि प्रेस या मीडिया की स्वतंत्रता भारत के संविधान द्वारा अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त वाक्-स्वातंर्त्य और अभिव्यक्ति-स्वातंर्त्य के अधिकार में निहित है। यह स्वतंत्र पत्रकारिता को प्रोत्साहित करता है और लोगों को सरकार के कार्यों के पक्ष या विपक्ष में अपनी राय देने का अवसर देकर लोकतंत्र को बढ़ावा देता है। वास्तव में देश के सभी नागरिकों को बिना किसी रोक-टोक के अपनी बात रखने, विचारों और विचारों को व्यक्त करने का अधिकार है। हालांकि, इसकी कुछ सीमाएं हैं जैसे कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और नैतिकता। सरल शब्दों में कहें तो प्रेस की स्वतंत्रता का मतलब है कि समाचार-पत्र, पत्रिकाएं, वेबसाइटें और अन्य मीडिया संगठन अपनी राय, विचार और जानकारी को बिना किसी सरकारी या निजी सेंसरशिप के प्रकाशित कर सकते हैं। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि एक स्वतंत्र प्रेस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और जानने के अधिकार सहित मूल अधिकारों का संरक्षक होता है। यह व्यक्तियों और समूहों के अधिकारों का पक्षसमर्थन कर इन अधिकारों की रक्षा करने में मदद करता है। वास्तव में स्वतंत्र प्रेस के बहुत से महत्व हैं। मसलन यह लोकतंत्र के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। सूचनाओं का प्रसार करती है, विशेषकर उन सूचनाओं को जो छिपाई जा रही हों या जिनको समाज और देश से छिपाने का किसी द्वारा प्रयास किया जा रहा हो। अल्बर्ट कैमस ने प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर यह कहा है कि स्वतंत्र प्रेस अच्छा या बुरा हो सकता है, लेकिन स्वतंत्रता के बिना यह कभी भी बुरा नहीं होगा। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि एक स्वतंत्र प्रेस सरकार और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं द्वारा सत्ता के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने का कार्य करती है। यह भ्रष्टाचार, मानवाधिकारों के हनन और अन्य गलत कृत्यों को उजागर करने में भी मदद करती है। वास्तव में एक स्वतंत्र प्रेस विविध विचारों और दृष्टिकोणों को एक सशक्त मंच प्रदान करती है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक स्वतंत्र प्रेस विविध आवाज़ों एवं दृष्टिकोणों के लिये मंच प्रदान करता है, जिससे सुनिश्चित होता है कि विभिन्न समुदायों की चिंताओं को सुना जा रहा है। यह (एक स्वतंत्र प्रेस) मानवाधिकारों की रक्षा करने में भी अभूतपूर्व और महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। पाठकों को बताता चलूं कि हमारे देश में भारतीय प्रेस परिषद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय,न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन ,एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया जो कि भारत के प्रमुख समाचार पत्रों और समाचार पत्रिकाओं के संपादकों का एक स्वैच्छिक संघ है, भारत की विधिक प्रणाली (न्यायपालिका सहित) तथा रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स और कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जिम्मेदार संस्थान हैं।

# जाति आधारित जनगणना : सामाजिक न्याय की संपूर्णता की ओर एक निर्णायक कदम



– संजय खाबिया

**जब हम भारत की आत्मा को टटोलते हैं, तो वहां नदियों की तरह बहती भाषाएँ, पर्वतों जैसे अटल विश्वास, और आस्थाओं का महासागर दिखता है। परंतु इस वैभवशाली सांस्कृतिक परिदृश्य के पीछे एक कठोर सत्य भी छिपा है-जातीय असमानता, जो सदियों से हमारी सामाजिक संरचना की रीढ़ तो रही है, परंतु दुखद रूप से कई वर्गों के लिए एक बोझ भी बन गई है।**

आज जब भारत 21वीं सदी की प्रगति, डिजिटलीकरण और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, तब यह आवश्यक हो गया है कि हम अपनी सामाजिक नींव की समीक्षा करें। इसी संदर्भ में जाति आधारित जनगणना की माँग पुन: प्रासंगिक हो उठी है।

**इतिहास की प्रतिध्वनि :** 1931 की जाति आधारित जनगणना आखिरी थी, जिसके आँकड़ों को आज भी कई नीतियों का आधार बनाया जाता है। यह अपने आप में एक विडंबना है कि जिस जाति व्यवस्था पर हम सामाजिक योजनाओं, आरक्षण और कल्याणकारी नीतियों की बुनियाद रखते हैं, उसके अद्यतन आँकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति न केवल नीति-निर्माण को बाधित करती है, बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी अधूरा छोड़ देती है।

**आज के भारत में इसकी आवश्यकता क्यों :** नीतियों में वास्तविकता का समावेश सरकारी योजनाएँ तब तक पूर्ण रूप से कारगर नहीं हो सकतीं, जब तक उन्हें उन लोगों तक नहीं पहुँचाया जाता, जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। जाति आधारित आँकड़े इस टार्गेटिंग को अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। सामाजिक न्याय को ठोस आधार केवल भावनात्मक या राजनीतिक स्तर पर नहीं, बल्कि आँकड़ों के आधार पर जब वंचितों के लिए योजनाएँ बनाई जाएँगी, तब समाज में विश्वास और न्याय की भावना गहरी होगी। राजनीतिक विमर्श में संतुलन वर्तमान समय में जातीय पहचान एक महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय बन चुका है। ऐसे में पारदर्शी और सटीक आंकड़ों की उपस्थिति इस विमर्श को तथ्यपरक बनाएगी और संदेहों को समाप्त करेगी। विकास की असल परिभाषा जब तक विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तब तक वह अधूरा है। जातीय जनगणना इस अंतिम पंक्ति तक पहुँचने का एक आवश्यक उपकरण बन सकती है।

### संभावित आपत्तियाँ और उनका उत्तर

यह तर्क दिया जाता है कि जाति आधारित गणना से सामाजिक विघटन को बल मिल सकता है, परंतु यह भय तभी वास्तविक होता है जब प्रक्रिया को राजनीति की दृष्टि से संचालित किया जाए। यदि इसे एक वैज्ञानिक, गोपनीय और पारदर्शी प्रक्रिया के रूप में लागू किया जाए, तो यह सामाजिक समरसता को और सुदृढ़ कर सकता है। जाति आधारित जनगणना कोई राजनैतिक हथियार नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और न्याय का आईना है। जब तक हम समाज की असल संरचना को नहीं जानेंगे, तब तक उसके लिए सटीक उपचार कैसे तय कर सकते हैं? यह जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि उस मौन वर्ग की आवाज़ है जो अब तक गिनती में नहीं, केवल गिनती के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है। आज समय आ गया है कि भारत अपनी आत्मा से ईमानदारी से संवाद करे। जाति आधारित जनगणना इसी संवाद की पहली पंक्ति हो सकती है। यह एक ऐसा कदम होगा जो भारत को और अधिक न्यायपूर्ण, और अधिक समावेशी राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर करेगा।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं अलवर की जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मोनिका गुप्ता जिनका दक्ष हॉस्पिटल है। इनका जन्म 1 अगस्त 1973 को जयपुर में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा जयपुर से प्राप्त की और फिर चिकित्सा क्षेत्र को अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। वर्ष 1990 में इन्होनें आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर से एमबीबीएस में प्रवेश लिया और सफलतापूर्वक इसे पूर्ण किया। इसके बाद स्त्री एवं प्रसूति रोग (प्रसूति एवं स्त्री रोग ) में विशेषज्ञता हासिल की और वर्ष 2000 में पीजी परीक्षा उत्तीर्ण की। अपने अनुभव को और गहरा करने के लिए इन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित सर गंगा राम अस्पताल में सीनियर रेजिडेंसी की। वहां इन्हे चिकित्सा के उच्च मानकों को समझने और उन्हें व्यवहार में उतारने का अवसर मिला। यह इनके करियर का एक निर्णायक पड़ाव था। साल 2002 में इन्होंने अलवर को अपनी कर्मभूमि के रूप में चुना। यहां इन्होंने गोविंद देवजी अस्पताल और सोलंकी अस्पताल में काम किया। समय के साथ यह अनुभव और विश्वास मुझे अपने सपने की ओर ले गया एक ऐसा स्थान जहाँ ये मरीजों को अपनी सोच, संवेदना और विशेषज्ञता के साथ बेहतर सेवा दे सकें। वर्ष 2007 में इन्होंने दक्ष अस्पताल की स्थापना की। यह सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि इनके जीवन का सपना था एक ऐसा स्थान जहाँ हर महिला को सम्मान और सुरक्षित चिकित्सा मिले। तब से लेकर आज तक ये पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ यहाँ कार्यरत हैं। डॉ. मोनिका का कहना है कि मेरे लिए डॉक्टर होना सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि एक पुकार है जीवन बचाने, आशा देने और समाज की सेवा करने की। हर मरीज की मुस्कान, हर सफल प्रसव, हर सजीव नवजीवन मुझे यह याद दिलाता है कि मैंने जो रास्ता चुनाए वह सही था। आज जब पीछे मुड़कर देखती हूं, तो गर्व होता है कि मैंने कठिन परिश्रम, निरंतर सीख और सच्ची सेवा भावना से अपने जीवन को सार्थक बनाया है। और यह यात्रा अभी जारी है।



डॉ.मोनिका गुप्ता
( वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ )

रूपक शर्मा

## 2025_0117 a – बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | 1 | 6 | | 4 | | |
| 3 | 1 | | | 4 | | | | 8 |
| | 6 | 4 | | 3 | 2 | | 1 | 9 |
| 2 | 9 | | | | 6 | 7 | 5 | |
| | | | 5 | | 8 | 3 | 6 | |
| 5 | | 6 | | | | | | 1 |
| | | 3 | 6 | | | 1 | | |
| 9 | 8 | 1 | | | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | | | | 9 | | |

**Ans_2025_0116**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कर्क**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**सिंह**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कन्या**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**तुला**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**वृश्चिक**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**धनु**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मकर**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कुंभ**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**मीन**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सब्जी मंडी में ठेलों का जाम, हर पल परेशान आम

## जाम से निजात दिलाने को नगर परिषद ने बनाया एक्शन प्लान



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आए दिन जाम के हालात से जूझ रही सब्जी मंडी को अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद ने यहां नई व्यवस्था बनाते हुए एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके तहत ठेला चालकों को समय देते हुए आपसी समन्वय से सुव्यवस्थित होने के लिए दो दिन का समय दिया है। इसकी अवधि शुक्रवार को समाप्त हो रही है। इसके बाद यहां अतिक्रमण एवं जाम की समस्या आने पर नगर परिषद की टीम कार्रवाई करेगी।

बता दें कि सब्जी मंडी के सामने रोड पर जहां सुबह आढतियों की मंडी के चलते जाम के हालात रहते हैं। वहीं दिन के समय भी पेट्रोल पंप के पास से सिंचाई विभाग की ओर जा रहे रास्ते पर भी ठेला संचालकों के जगह-जगह खड़े होने से निकलना मुश्किल हो जाता है। हाल ही जिले में अतिक्रमण के मामलों को लेकर जिला प्रभारी मंत्री ने भी प्रशासन से इसकी रिपोर्ट मांगी थी और अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से ही नगर परिषद की टीम हरकत में आ गई है। गत दो दिन से नगर परिषद की टीम यहां कार्रवाई करने पहुंच रही है। मंगलवार शाम को नगर परिषद के सभापति जयप्रकाश सामरिया भी सब्जी मंडी क्षेत्र में पहुंचे थे और यहां मिलकर लोगों से व्यवस्था बनाने की अपील की। साथ ही अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसी मामले को लेकर बुधवार को सब्जी मंडी के आढतियां एवं ठेला व्यापारी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और सभापति से मिलकर कार्रवाई नहीं करने की मांग की। साथ ही ठेला चालकों के लिए खड़े होने की जगह मांगी। इस पर सभापति ने नई व्यवस्था देते हुए सब्जी मंडी के ठेला व्यापारियों को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है।

### यह है नई व्यवस्था

नई व्यवस्था के तहत पोस्ट ऑफिस से स्टेशन रोड स्थित विष्णु साइकिल स्टोर तक एक तरफ की सड़क को छोड़ एक साइड खड़े होने की व्यवस्था इन ठेला संचालकों को दी है। साथ ही जो ठेला संचालक यहां नहीं खड़े हो पा रहे हैं। उन्हें सिंचाई विभाग के सामने खाली जगह पर खड़ा होने के लिए कहा है, जिससे लोग मंडी में सुगमता से निकल सकें और जाम के हालात नहीं बने।

### सभी पोल के अन्दर खड़े हो

सब्जी मंडी में जाम की समस्या है। इसके लिए यहां एक व्यवस्था बनाई है। सभी को पोल के अंदर खड़ा होने और एक तरफ का रास्ता जाम रहित होने को लेकर व्यवस्था बनाने को कहा है। इसके लिए इन्हें दो दिन का समय दिया है। व्यवस्थित नहीं होने पर नगर परिषद की टीम यहां कार्रवाई करेगी।

# सहायक निदेशक वीर सेन ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संभाला कार्यभार

## आमजन तक सूचना पहुंचाना व प्रचार-प्रसार रहेगी प्राथमिकता: वीर सेन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सवाई माधोपुर में सहायक निदेशक वीर सेन ने गुरुवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। वे जयपुर से स्थानांतरित होकर यहां पदस्थापित हुए हैं। इससे पूर्व उन्होंने निर्वाचन विभाग, जनसम्पर्क मुख्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय में सेवाएं दी हैं। उन्होंने जिला कलक्टर शुभम चौधरी से मुलाकात की।

इस अवसर पर सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, वरिष्ठ सहायक किरोड़ी लाल मीणा द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से साफा बांधा और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात सहायक निदेशक ने विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय कर कार्यालय के विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी एवं सूचनाओं का प्रभावी व्यापक प्रचार-प्रसार उनकी प्राथमिकता रहेगी, जिससे आमजन तक सूचनाएं सहजता से पहुंच सकें।

# 'रास्ता खोलो अभियान': ग्राम ढोलाडा में हटाया अतिक्रमण, किसानों को मिली राहत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित रास्ता खोलो अभियान के तहत नायब तहसीलदार टोडरा नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम ढालोड़ा में सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान खसरा नंबर 97, 98, 99, 100, 104, 105 सिवायचक भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम हटवाकर सार्वजनिक रास्ते को सुगम किया गया। इस दौरान पुलिस जाब्ता थाना रवांजना डूंगर मौजूद रहा। टीम द्वारा अतिक्रमियों को भविष्य में दुबारा से अतिक्रमण नहीं करने के लिए पाबंद भी किया गया। प्रशासन की इस तत्परता से किसानों और ग्रामीणों को उनके खेतों तक पहुंचने के लिए रास्ता पुनः उपलब्ध हो सका, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। रास्ता खोलो अभियान के तहत आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# दीक्षार्थीयों के शाही वरघेड़ा जुलुस में उमड़ा जनसैलाब

## कई स्थानो पर हुआ भव्य स्वागत, जलदाय मंत्री चौधरी मौजुद रहकर लिया संतो का आर्शिवाद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के टोडा रोड स्थित श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ की ओर से दादाबाड़ी में तीन दिवसीय भव्य भगवती रत्नत्रयी दीक्षा महोत्सव के अन्तर्गत निकले दीक्षार्थियों के वरघोड़ा शाही जुलुस में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। वहीं जूलुस का शहर में अनेक स्थानो पर जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक पदम सिंह चौधरी ने बताया कि डॉ. साध्वी लक्ष्यपूर्णा श्रीजी महाराज के पावन सानिंध्य में मुमुक्षु कुमारी संजना एवं मुमुक्षु कुमारी अंजली का दीक्षा महोत्सव आचार्य मंज्जिनपूर्णानंद सागर सुरीश्वर महाराज एवं डॉक्टर साध्वी लक्ष्यपूर्णा श्रीजी महाराज के सानिंध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को व्यास सर्किल से बेण्डबाजो व शाही लजाजमे के साथ दोनो दीक्षार्थीयों का भव्य एवं विशाल वरघोड़ा जुलुस रवाना हुआ। जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो व मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल दादाबाड़ी पहुंचा। जुलुस में शामिल श्रद्धालुओं का शहर में



अनेक स्थानो पर जोरदार स्वागत के अलावा दोनो दीक्षर्थियों की छोल भराई भी हुई। सुभाष सर्किल पर सरावगी जैन समाज व रेखा देवी मेमोरियल संस्थान की ओर से एडवोकेट रवि कुमार जैन, डॉ. राकेश जैन, डॉ. रोहिणी जैन, डॉ. अकिंत जैन, डॉ. आस्था जैन व सरावगी जैन समाज के मौजुद समाजबंधुओं सहित संस्थान के अन्य चिकित्सको व कार्मिको ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही दोनो दीक्षार्थीयों की छोल भराई कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इसके आगे गांधी पार्क पर दिगम्बर मन्दिर के सामने अग्रवाल जैन समाज की ओर से स्वागत व छोल भराई हुई। इसके अलावा शहर में अन्य कई स्थानो पर स्वागत व छोल भराई के कार्यक्रम हुए। दीक्षार्थीयों के वरघोड़ा जुलुस को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए गए। थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय जाप्ते के जुलुस के साथ रहकर सुरक्षा प्रदान की।

### जलदाय मंत्री चौधरी शामिल होकर लिया संतो का आर्शिवाद

प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी व्यास सर्किल पर जुलुस में शामिल होकर जुलुस के साथ मौजुद संतो का आर्शिवाद लिया। साथ ही दोनो दीक्षार्थियों से भी मिलकर आर्शिवाद प्राप्त किया। इस दोरान संघ व कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं की ओर से जलदाय मंत्री चौधरी का स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया।

# जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

## नीट यूजी परीक्षा 2025: कौताही बर्दाश्त नहीं, परीक्षा सफल, निष्पक्ष और सुचारू हो: शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** नीट यूजी परीक्षा 2025 के सफल, निष्पक्ष और सुचारू आयोजन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों को आपसी समन्वय के साथ राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी की गाइडलाइन की सख्ती से पालना कराते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।



जिला कलक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी नीट यूजी परीक्षा-2025 4 मई, 2025 को दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक एवं दिव्यांगजनों के लिए दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक जिला मुख्यालय के पांच परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। जिसमें कुल 1896 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

जिला कलक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, टॉयलेट आदि की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने केंद्राधीक्षकों, निरीक्षकों एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारियों की तैनाती समय पर करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक बंदोबस्त करने को कहा गया। साथ ही, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुँचाने के लिए परिवहन विभाग को विशेष निर्देश जारी किए गए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र एवं आवश्यक सामग्री के साथ राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा निर्धारित समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आवश्यक रूप से परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि बायोमैट्रिक व अन्य सभी आवश्यक प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूर्ण की जा सके।

उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को गाइडलाईन की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करते हुए सभी केन्द्रों पर मैटल डिट्रेक्टर, जेमर लगवाने, किसी भी स्थिति में केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने के निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने अंत में सभी अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा को जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम अनूप सिंह, नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य केन्द्रीय राजेश्वर सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी एजाज अली सहित समस्त केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वतन फाउंडेशन ने यात्रियों के लिए मलारना रेलवे स्टेशन पर लगाई मोहब्बत की प्याऊ



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** निकटवर्ती उपखंड मलारना रेलवे स्टेशन पर पहली बार आमजन ओर रेल यात्रियों के लिए वतन फाउंडेशन उप खण्ड टीम द्वारा प्याऊ लगाकर भीषण गर्मी में ठंडा पानी पिलाने के लिए मोहब्बत की प्याऊ सेवा शुरू की गई।

मलारना स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक पुलिस कमलेश कुमार, व सी पी डब्ल्यू आई हरकेश मीना ने प्लेटफार्म पर स्थापित प्याऊ का फीता काट कर उद्घाटन किया।

वतन फाउंडेशन टीम मलारना उपखंड अध्यक्ष इरफान खान ने मोहब्बत की प्याऊ के उद्घाटन में पहुंचे वतन फाउंडेशन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष हुसैन आर्मी, इलतान आर्मी सहित सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के बाद सभी मौजूद लोगों ने रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों , एवं कोटा आगरा यात्री ट्रेन के यात्रियों को शुरुआत के पहले दिन मीठा शरबत और ठंडा पानी पिलाकर सेवा कार्य शुरू किया।

इस मौके पर वतन फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की ए.एस.आई. कमलेश कुमार सहित सभी लोगों ने सराहना की। टीम के संरक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि वतन फाउंडेशन द्वारा विगत चार वर्षों से सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर मोहब्बत की प्याऊ चलाकर भीषण गर्मी में आमजन की प्यास बुझाने के लिए सेवा की जा रही है, और इसी कड़ी में मलारना रेलवे स्टेशन पर पहली बार प्यार का आगाज कर यहां आने वाले यात्रियों की सेवा शुरू की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन के मुखिया हुसैन आर्मी ने उपखण्ड की पूरी टीम का माल्यार्पण कर उनकी हौसला अफजाई की।

# सरकारी जमीन के विरुद्ध पारित न्यायालय के आदेशों की समीक्षा कर तय होगा नामान्तरकरण: चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजकीय भूमि से संबंधित नामान्तरकरणों के संबंध में शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में राजकीय भूमि नामान्तरकरण परामर्श समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सरकारी भूमि, सिवायचक एवं चारागाह भूमि से जुड़े नामान्तरण और आवंटन मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने सिवायचक/चारागाह भूमि से संबंधित आवंटन एवं नामांतकरण प्रकरणों पर चर्चा कर उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह एवं तहसीलदार भू-अभिलेख विष्णु कुमार माथुर को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने लम्बे समय से पेंडिंग प्रकरणों की जांच कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी प्रदान किए।



जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को सरकारी या कस्टोडियन भूमि पर किसी न्यायालय के आदेश की पालना से पूर्व उस आदेश की उक्त कमेटी में विधिक समीक्षा करते हुए यह निर्णय लेना होगा कि उस आदेश के विरुद्ध अपील की जाए या उसे यथास्थिति में स्वीकार किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना समिति की अनुशंसा के नामान्तरण स्वीकार करना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी।

उन्होंने बताया कि विभिन्न न्यायालयों में सरकारी भूमि को निजी खातेदारों को देने के आदेशों पर उच्च स्तर पर अपील या नो-अपील का निर्णय किया जाना आवश्यक है। बैठक में ऐसे नामान्तरण आवेदनों व न्यायिक निर्णयों से जुड़े मामलों की समीक्षा कर निर्णय लिया गया कि जिन मामलों में सक्षम स्तर से अपील का निर्णय किया गया है, ऐसे प्रकरणों मे उच्चतर न्यायालय में अपील पर निर्णय अनुसार कमेटी में पुनः समीक्षा कर नामान्तरण दर्ज करने की कार्यवाही की जाए।

# रात के अंधेरे में किया अतिक्रमण दिन के उजाले में हटाया गया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा से सदरपुरा की ओर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग से पुराने पंचायत भवन की ओर जाने वाले के बीच में पड़ने वाली सरकारी भूमि पर बीति देर रात्रि अंधेरे में तारबंदी कर किया गया अतिक्रमण दिन के उजाले में हटवाया गया। मामले के अनुसार मालपुरा से सदरपुरा की ओर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पहले ग्राम पंचायत बृतजाजलगर के अधीन था। इसी के चलते तत्कालीन ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से मुख्य सड़क स्थित मॉडल स्कूल के सामने जाने वाले रास्ते पर लगभग दो किलोमीटर आगे चलकर सरकारी भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण करवाया था। इधर स्वायत शासन विभाग ने नगरपालिका मालपुरा की सीमा विस्तार कर अब इस स्थान को नगरपालिका मालपुरा में ले लिए जाने के चलते यह पंचायत भवन नकारा हो गया। लेकिन इस भवन व मुख्य सड़क के बीच काफी भूमि सरकारी रिक्त पड़ी हुई थी। इस सरकारी भूमि में सार्वजनिक चरागाह भूमि भी शामिल है। नगरपालिका सीमा में शामिल होने के बाद जब मुख्य सड़के किनारे स्थित भूमि की कीमते बढ़ने लग गई। गुरूवार शुक्रवार की रात्रि के घुप्प अंधेरे में रात्रि सार्वजनिक चरागाह सहित अन्य सरकारी भूमि पर अज्ञात भू माफियाओं व




अतिक्रमणकर्ताओं ने खाली पड़ी सरकारी व चरागाह भूमि पर तारबंदी कर अतिक्रमण का प्रयास किया हे। अज्ञात रूप से अतिक्रमण करने वालो ने खाली जमीन पर तारबंदी करवा ली। इसकी जानकारी शुक्रवार को प्रशासन को लगते ही तुरन्त उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी एक्शन में आ गए। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी होने के नाते चौधरी ने तुरन्त नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते को मौके पर भेज कर तुरन्त रात के अंधेरे में किया गया अतिक्रमण चिलचिलाती घूप व दिन के उजाले में हटवा दिया। मौके पर पालिका के जमादार राजेश जेसीबी मशीन की सहायता से तारबंदी को हटवा कर पालिका की बेशकीमती जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवा लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग काउंटडाउन: केंद्रीय संचार ब्यूरो का योगाभ्यास जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** केन्दीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर द्वारा रणथंभौर नर्सिंग कॉलेज सवाई माधोपुर के सभागार परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग काउंटडाउन 50 दिन पूर्व योगाभ्यास जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्यूरो के प्रभारी नेमीचंद मीणा ने बताया कि योग स्वस्थ व तनावमुक्त जीवन जीने का आधार हैं। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक विचार है, एक चेतना है, जो हमें अपने शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देता है। योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं है, यह एक जीवनशैली है। यह आत्म-अनुशासन और आंतरिक शांति का मार्ग है। जब हम प्राणायाम करते हैं, ध्यान करते हैं, तब हम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनते हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला इस दौरान उन्होंने विभागीय गतिविधियों की और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सैयद बलिग अहमद ने बताया कि भारत में योग प्राचीनकाल से ही किया जा रहा है, जिसका मुख्य उदेश्य शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना हैं। योग न केवल शरीर को रोगमुक्त करने में सहायक होता है इसके निरंतर अभ्यास करने से मन को शांति भी प्राप्त होती है।

कार्यक्रम सत्र को संबोधित करते हुए रणथंबोर नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य हेमंत शर्मा ने बताया कि योग एकमात्र व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्र खोजने का भाव है उन्होंने इस अवसर पर योग का संक्षिप्त इतिहास एवं विकास के बारे में विस्तार से बताया। आकाशवाणी से सतीश वर्मा ने योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

योगाभ्यास सत्र के दौरान पतंजलि संस्थान कुंडेरा सवाई माधोपुर के योग प्रशिक्षक गिरधर प्रसाद शर्मा एवं नेहरू युवा केंद्र के योग प्रशिक्षक महेंद्र शर्मा ने खड़े होकर एवं बैठकर किए जाने वाले आसन उदर के बल, पीठ के बल, लेटकर किए जाने वाले आसनों के अलावा कपाल भारती, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, ध्यान, ताड़ासन, व्रजासन इत्यादि योगाभ्यास करवाकर योग के




महत्व का संदेश दिया। साथ ही कार्यक्रम उपस्थित जन समूह को प्रतिदिन योग अभ्यास करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सवाई माधोपुर की ओर से योग विषय पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में रहे विजेता प्रतिभागियों को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जिला कलेक्टर ने उपखंड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

## जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को ग्राम पंचायत प्रोफाइल बनाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा।** जिला सचिवालय सभागार में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में आधारभूत सुविधाओं एवं चलाए जा रहे अभियानों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्मियों को ध्यान में रखते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल से पूर्व ग्राम पंचायत की संपूर्ण प्रोफाइल तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मौके पर यह स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके कि कितने ग्रामीण केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं तथा कितने पात्र लाभार्थी अभी शेष हैं। बैठक में जिला कलेक्टर ने अत्यधिक गर्मी और संभावित हीट वेव के मद्देनज़र भीषण गर्मी के चलते किसी भी क्षेत्र में बिजली या पानी की किल्लत न हो, इसके लिए अग्रिम योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। हीट वेव के चलते स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने और दोपहर के समय में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार प्रसार को और बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि इस योजना का लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए की फॉल्ट या बिजली नहीं आने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करें तथा कंट्रोल रूम सुचारू रूप से चालू रहे। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को भी हीट वेव के संबंध में अस्पतालों में पंखे, कूलर, एसी, ओआरएस सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग को जिले में पानी की सुचारू सप्लाई रखने के निर्देश दिए ताकि आमजन को पानी की किल्लत न हो तथा पाइपलाइन से पानी उपलब्ध नहीं करने की स्थिति में टैंकरों के माध्यम से उसे स्थान पर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही 'रास्ता खोलो अभियान' की प्रगति पर भी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन रास्तों पर अतिक्रमण या बाधाएं हैं, उन्हें शीघ्र हटाया जाए ताकि आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

तिजारा तहसीलदार ने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत आज माजरा पीपली से इसरोदा रास्ते पर अतिक्रमण हटाया जाकर सुचारु किया। उन्होंने निराश्रित गोवंशों को आश्रय अभियान 2025 के तहत गोवंशों को प्रदान किए गए आश्रय की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सैनी समाज की बैठक का हुआ आयोजन, कार्यकारिणी का किया विस्तार

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (राजकुमार गुप्ता)।** सैनी समाज राजगढ़ की बैठक सैनी धर्मशाला राजगढ़ में सैनी समाज राजगढ़ के अध्यक्ष पी डी सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष पी डी सैनी ने सैनी समाज राजगढ़ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रामखिलारी सैनी, बनवारी लाल सैनी, देवीसहाय धामला,गिर्राज मैदानी को व्यवस्थापक, जितेंद्र सैनी एडवोकेट को विधि सलाहकार, कन्हैया लाल सैनी मैनेजर, छाजू राम,बनवारी लाल सैनी गुरुजी,भगवान सहाय सैनी गुरुजी, रूपनारायण सैनी को सलाहकार, भोरेलाल सैनी, कजोड़ सैनी, अशोक सैनी मास्टर,महेंद्र सैनी आढ़तीया, कन्हैयालाल सैनी, सुखलाल, दीपचंद सैनी को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया साथ में 40 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। सैनी समाज के सचिव सत्येंद्र सैनी ने बताया कि बैठक में सैनी समाज के विधान के गठन हेतु प्रस्ताव पारित किया गया तथा पूर्व कार्यकारिणी द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारी को अपना चार्ज सौपा गया। सैनी समाज के पूर्व सेक्रेटरी कन्यालाल सैनी ने बताया कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए बदलाव आवश्यक है यह बदलाव ही समाज की प्रगति की राह दिखाता है। समाज के संयोजक गोवर्धन लाल सैनी गुरु जी ने वर्तमान कार्यकारिणी में युवा साथियों को जोड़ने पर खुशी जाहिर की और बताया कि युवा ही समाज व देश का भविष्य है। सैनी समाज का अध्यक्ष पीडी सैनी ने बताया कि जल्दी ही कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह किया जाएगा कार्यकारिणी बैठक को गंगा लहरी सैनी सेढ़, प्रहलाद राय सैनी गुरुजी मोहनलाल सैनी जगदीश आर्य भट्ट, कैलाश सैनी गुरुजी, दीपचंद सैनी आदि ने संबोधित किया। बैठक में हजारीलाल सैनी, रघुवीर सैनी नाथूराम सैनी सहित समाज के गणमान्य पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# निजी विद्यालयों ने आवेदन में लगाएं आक्षेप, अभिभावक 5 मई तक सीबीईओं कार्यालय में करा सकते हैं दस्तावेज सत्यापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** निजी स्कूलों में आरटीई के तहत नि:शुल्क सीटों पर प्रथम वरियता सूची के पश्चात जिन विद्यालयों के द्वारा बच्चों के दस्तावेजों में कमी पाई गई है तथा अभिभावकों द्वारा निर्धारित दिनांक 24 अप्रैल तक दस्तावेज में कमी को पूर्ती नहीं कि गई है वो सभी अभिभावक 5 मई तक सीबीईओं कार्यालय में जाकर पुनः दस्तावेज अपलोड का आवेदन देकर सत्यापित करवा सकते हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि ब्लॉक में 55 विद्यार्थियों के आवेदनों में निजी विद्यालयों द्वारा आक्षेप लगाया है। ऐसे विद्यार्थी सीबीईओं कार्यालय में आकर अपना आवेदन पत्र को अनलॉक करवाकर पुनः दस्तावेज अपलोड करवा सकते हैं। निजी विद्यालयों को 5 मई तक वैरिफाई करना आवश्यक है। यदि निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थी डाटा वैरिफाई नहीं करते हैं तो 6 मई को एनआईसी के माध्यम से ऑटो वैरिफाई होंगे। पोर्टल द्वारा उपलब्ध आरटीई सीट्स पर प्रथम चरण में बच्चों का आवंटन 9 मई से 15 जुलाई तक राज्य स्तर से एनआईसी के माध्यम से होगा। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण जिस भी विद्यार्थी द्वारा आनलाइन रिपोर्टिंग कर दी गई है उन सभी बच्चों को उनके द्वारा चयनित पांच विद्यालयों में से जिस विद्यालय में सीटें उपलब्ध है उसी विद्यालय में एनआईसी द्वारा प्रवेश दे दिया जाएगा।

**इनका कहना :** 'आरटीई के अंतर्गत नि:शुल्क सीटों पर ब्लॉक के 55 विद्यार्थियों के निजी विद्यालयों द्वारा आक्षेप लगाए गए हैं।वो सभी अभिभावक 5 मई तक कार्यालय में आकर अपने दस्तावेज सत्यापित करवा सकते हैं।'

**लीलावती मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

# री ओरियंटेशन कोर्स करके लौटे स्काउट लीडर ट्रेनर शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (राजकुमार गुप्ता)।** भारत स्काउट गाइड राजगढ़ के लीडर ट्रेनर राम प्रताप शर्मा भारत स्काउट गाइड्स के तत्वावधान मे स्टेट ट्रेनिंग सेंटर, उदय निवास, उदयपुर में आयोजित पांच दिवसीय ट्रेनर्स री-ओरियंटेशन कोर्स में भाग लेकर शुक्रवार को वापस राजगढ़ लौट आये। उन्होंने बताया कि यह कोर्स नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी से उपनिदेशक स्मृति सौरभ राय (शिविर निदेशक) एवं महेंद्र शर्मा के निर्देशन में प्रदान किया गया। शिविर में फंडामेंटल, फॉर्मल इनफॉर्मल नॉन फॉर्मल एजुकेशन, प्रिंसिपल्स ऑफ़ मैनेजमेंट, यूथ प्रोग्राम, कंटेंट ट्रांजैक्शनल एनालिसिस, फॉर्म्युलेटिंग ऑब्जेक्टिव्स, प्रिंसिपल्स आफऑर्गेनाइजेशन आदि के अलावा प्रशिक्षण पद्धति में आए नवाचारों पर विस्तृत विवेचन किया गया। इस प्रशिक्षण में अलवर के तीन ट्रेनर्स समेत राज्य से कुल 35 ट्रेनर्स ने भाग लिया। इस कोर्स में राज्य मुख्यालय से रघुवीर सिंह शेखावत सहायक राज्य कमिश्नर, पूरन सिंह शेखावत राज्य संगठन आयुक्त, बन्ना लाल राज्य प्रशिक्षण आयुक्त आदि ने भाग लिया।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था को दुरुस्त करें : जयसवाल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता करते हुए आक्रोश व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल जायसवाल ने कहा की जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था से भय का माहौल बन गया है। महिलाओं, छात्राओ एवं आमजन असुरक्षित महसूस कर रहे है,अलवर में नीट की छात्रा का अपहरण करके गैंगरेप किया गया है, गैंगरेप के दोषी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

# समाज के अन्तिम व्यक्ति को मिले लाभ यह मोदी गारंटी : शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले की पंचायत समिति बानसूर के सभागार में बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली।बैठक के उन्होंने कहा कि समाज के अन्तिम व्यक्ति को लाभ मिले यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब अन्तिम आदमी जब तक पहली पंक्ति में नहीं होगा भारत का विकास नहीं माना जाएगा। मोदी की गारंटी ही मेरी गारंटी है। आप सबको की बैठक इसलिए ली गई है कि आप केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को क्रियान्वयन में सरकार का सहयोग करें। शेखावत ने कहा कि दायमा जी को छोड़कर विकास के लिए मैं एक नया प्रयोग करने जा रहा हूँ!जिसमें बानसूर विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो!वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रहे!पानी का संकट नहीं उभरे उसके लिए आपको मैंने यहाँ बुलाकर बैठक आहूत की है।वहीं नरेगा कार्मिक (ग्रामीण विकास) संघ बानसूर ने विधायक देवीसिंह शेखावत को अपनी पदस्थापन की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में मांग कि है कि ग्रामीण विकास विभाग के नवसृजित पदों के लिए सेवा नियम जारी किए जाएँ। कार्मिक विभाग की ओर से अनुमोदन होने के बाद आज तक भी सेवा नियम जारी नहीं किए गए हैं। जो क़ानून सम्मत नहीं हैं। उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि लोक विज्ञापन और योग्यता के कारण वंचित कार्मिकों को शिथिलता दी जाए। नरेगा योजना में कार्यरत कार्मिक संविदा नियम में आने के बाद जिन्होंने 3 वर्ष का अनुभव पूरा करने वाले कार्मिकों को नियमित नियुक्ति दी जाए। राज्य सरकार द्वारा मनरेगा में 9 वर्ष या उससे अधिक अनुभव रखने वाले कार्मिकों नियमित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रशासनिक नियुक्ति जारी की जाए।बैठक में उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित, विकास अधिकारी महेन्द्र सैनी सहित पंचायत राज विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विशेष योग्यजनों को वितरित की गई इलेक्ट्रिकल व्हील चेयर

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में समाज कल्याण कार्यालय खैरथल-तिजारा में एक कार्यक्रम आयोजित कर जिले के पाँच मांसपेशीय दुर्विकास से पीड़ित विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रिकल पावर/व्हील चेयर वितरित की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों के सशक्तिकरण हेतु लगातार प्रयासरत है और इस प्रकार की योजनाएं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अंतर्गत 80% से अधिक मांसपेशियां दुर्विकास बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर दि गई। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से छटनी कर पांच जरूरतमंद विशेष योग्यजन धर्मदास, अंजू, कैलाश गुर्जर, योगेन्द्र सैनी एवं राहुल सांखला को सहायता प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट, जिला समाज कल्याण अधिकारी गजराज सिंह यादव, तिलकराज शर्मा, नीरज भड़ाना एवं सत्यनारायण यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# कन्यादान के साथ एक सौ दो बेटियों को दक्षता प्रमाण-पत्र दिए

## बेटियों को स्किल डवलपमेंट कोर्स के बाद दिया सममान, एक बेटी का हुआ कन्यादान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से अलवर के रिवाज रिसोर्टस में एक बेटी का कन्यादान किया गया। इस अवसर पर एक सौ दो बेटियों को बयूटी पार्लर दक्षता प्रमाण पत्र दिया गया जिन्होंने एक माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण लिया है।

इस बार कोरोना में पिता को खो चुकी ऐसी बेटी का कन्यादान किया जिसने कठिन परिस्थितियों में भी परिवार को चलाया और स्वयं भी पढ़-लिखकर लायक बनी। इस बेटी की विवाह की जानकारी मिलने पर नेक कमाई टीम ने स्वयं जाकर कन्यादान करने की इच्छा जताई जिसे परिवार ने स्वीकार कर लिया।

मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में इस बार मुखय अतिथि समाज सेविका शिखा जैन, मुकेश जैन और रामावतार महावर रहे।

अन्य अतिथियों में आयुर्वेद चिकित्सक डा. बी. बी. गौतम, शिक्षाविद डा. जी. डी. मेहंदीरता और बीमा अधिकारी डी. डी. शर्मा थे। अध्यक्षता पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई की ओर से 1100 युवतियों को नारी सृजन प्रोजेकट प्रभारी बिंदू कपूर के नेतृत्व में सिलाई व बयूटी पार्लर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिनके तीन बैच की बेटियों को प्रमाण पत्र दिए गए। नेक कमाई अब तक अलवर में 263 बेटियों का कन्यादान कर चुका है। मंच संचालन सौरभ कालरा ने किया। कार्यक्रम में नेक कमाई के शिक्षा संकल्प की प्रभारी प्रवीन बत्रा, महिला विंग प्रभारी सोनिका अरोड़ा, कमला यादव, गायत्री प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रतिभा सिंह सहित स्वदेश कपिल, जार के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, ज्योति शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में दुल्हन के साथ सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बेटियों ने महिला संगीत में नृत्य किया और आगे खूब पढने् व स्वावलंबी बनने का संकल्प लिया। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने कहा कि अलवर में पहली बार एक साथ 1100 बेटियों को निशुल्क स्किल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में नेक कमाई की ओर से बिंदू कपूर और प्रो. जी. डी. मेहंदीरता ने सभी का आभार जताया।

# राजस्थान प्रदेश के हालात चिंताजनक, जिम्मेदार लगा रहे दिल्ली में हाजिरी : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिल्ली से रिमोट कंट्रोल से चल रही प्रदेश की पर्ची वाली सरकार पर फिर एक बार जमकर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष जूली बोले राजस्थान प्रदेश के हालात चिंताजनक हो गए हैं और प्रदेश के मुखिया दिल्ली में हाजिरी लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडाराज कायम हो गया है। लॉ एंड ऑर्डर के हालात दिन पे दिन खराब होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर शहर की एक छात्रा से दरिंदों ने 3 घंटे तक दरिंदगी की और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी बल्कि अभी पुलिस खाली हाथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बालिकाएं और महिलाएं अब सुरक्षित नहीं है। राजस्थान प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामलों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। नीट छात्रा से गैंगरेप मामला: भारतीय जनता पार्टी के अग्रिम संगठन एबीवीपी का मोती डूंगरी पर प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में महिलाओं के साथ हो रही है दरिंदगी जिससे आहत होकर अब उनके संगठन एबीवीपी के कार्यकर्ता भी अब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। जूली बोले विपक्ष पूरी तरीके से ऐसी घटनाओं के खिलाफ और महिलाओं के सम्मान में हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। जूली ने कहा कि अलवर सहित पूरे प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामलों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और भारतीय जनता पार्टी के नेता चैन की नींद में सोए हुए हैं। जूली ने भाजपा नेताओं को आगाह करते हुए कहा कि चिर निद्रा से उठकर प्रदेशवासियों पर भी ध्यान दें, प्रदेश की जनता केवल वोट बटोरने या राजनीति की रोटी सेंकने का माध्यम नहीं है।

# निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025 के तहत 34 गोवंशों को प्रदान किया गया आश्रय



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** जिले के शहरी क्षेत्रों (नगर परिषद / नगर पालिका) में निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने इस दिशा में एक अभिनव पहल 'निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025' शुरू की जिसमें अभियान के प्रथम दिन जिले भर में कुल 34 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का संचालन नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में किया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन नगर परिषद तिजारा क्षेत्र से 21 गोवंश को श्री मोनी बाबा गौशाला सूरजमुखी आश्रम मेंआश्रय प्रदान किया। इसी प्रकार नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा 11 गोवंश को बाबा मोहन राम गौशाला तथा खैरथल में 2 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया।

अभियान के तहत नगर परिषद और नगर पालिका स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगरों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिन्हित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित पशुओं को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है।

# खैरथल-तिजारा में जल शक्ति केंद्र की स्थापना, जल संरक्षण को मिलेगा नया बल

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने खैरथल-तिजारा स्थित जिला सचिवालय में जल शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र आम जन को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, पारंपरिक जल संरचनाओं के नवीनीकरण तथा जल प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने बताया कि जल शक्ति अभियान के प्रभावी संचालन हेतु एडीएम भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र को नोडल अधिकारी और अधिशासी अभियंता वाटरशेड छत्रपाल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देना, वर्षा जल का संचयन एवं पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का नवीनीकरण, गहन वृक्षारोपण एवं हरित आवरण का विस्तार, जलग्रहण क्षेत्रों का वैज्ञानिक प्रबंधन करना है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि जल संकट को दूर करने और सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जन सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। जल शक्ति केंद्र के माध्यम से लोगों को तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी ताकि वे अपने स्तर पर जल संरक्षण में योगदान दे सकें।

# करोड़ों की फैंसी लाइटों को चुरा रहे गिरोह 15 किलो बजन और 18000 रुपये है कीमत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** यूआईडी द्वारा लगाए गए बिजली के पोल्स को चोर लगातार निशाना बना रहे है। बाराँ रोड पर लगाई गई हेरिटेज फैंसी लाइटों को खोलकर ले गये। घटना 4 दिन पूर्व की है। नया नोहरा के बारा रोड फ्लाईओवर से मंडानिया की ओर जाने वाले स्लिप लेने पर लगी इन फैंसी लाइटों में से करीब 24 पोल्स की लाइट को खोलकर ले गए। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार पूरी गैंग के रूप में आए थे और हथियारों से भी लेस थे। केवल 3 घंटे में ही यह सारी लाइट खोल कर रफू चक्कर हो गए। हालांकि सूत्र ने बताया कि उन्होंने स्थानीय थाने में फोन किया बावजूद इसके पुलिस रात 2.30 बजे तक मौके पर नहीं पहुंची । वही यूआईटी के अधिकारियों द्वारा भी पुलिस थाने पर सूचना दे दी गई थी। लेकिन गश्ती दल या अन्य किसी प्रकार का जाप्ता मौके पर नहीं पहुंच पाया । यूआईटी के बिजली विभाग के जेईएन पवन ने बताया कि हमने करीब 10.30 बजे के आसपास बोरखेड़ा थाना में सूचना दी कि हमारे स्ट्रीट लाइटों को करीब सात आठ लोग गिरोह के रूप में खोलने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जाप्ता बहुत देर बाद पहुंचा। जब तक चोर वहां , करीब 24 पोल की लाइटों को खोल चुके थे।



**निरंकुश और बुलंद हौसले वाले गिरोह :** चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि करीब तीन से चार घंटे तक वह यह काम करते रहे, सभी खोली गई लाइट्स को अपने साथ लेकर भी चले गए। हालांकि मौके पर से एक मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है और अब आगे की कार्रवाई पुलिस ही करेगी।

**स्थानीय निवासियों में दहशत :** करीब 6 माहपूर्व भी सत्यनारायण धाकड़ नामक व्यक्ति की उसी के खेत पर चोरो द्वारा नृशंस हत्या कर दी गई थी,तत्कालीन थानाधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या करने वाले गिरोह को मुंबई से गिरफ्तारी की थी। ऐसे में फिर से क्षेत्र में इसी तरह गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है ।

**इनका कहना :** एक लाइट का वजन करीब 15 किलो के आसपास है ऐसे में शातिर और अनुभवी गिरोह का यह काम हो सकता है। हमें सूचना मिली थी हमने तत्काल रात 10.30 बजे के थाने पर सूचना दे दी थी।

**पवन कुमार, कनिष्ठ अभियंता**

## इनका कहना



हमारे और आसपास के खेतों में भी पानी की मोटर बिजली के तार समेत कई वस्तुएं अब लगातार चोरियां हो रही है। ऐसे में चोरों के बढ़ते होसलो के सामने पुलिस की गस्त बढ़नी जरूरी है।

**एडवोकेट डॉ जितेंद्र सिंह चौधरी**



# नर्सिंग, पैरामेडिकल कार्मिको ने काली पट्टी बांधकर दिया ज्ञापन

## वित्तीय वर्ष 025-26 का बकाया भुगतान दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** शुक्रवार को उप जिला चिकित्सालय नैनवां के सभी नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं अन्य स्टॉफ द्वारा नर्सेज यूनियन, लैब तकनीशियन यूनियन एवं रेडियोग्राफर यूनियन नैनवां के तत्वावधान में उपखंड अधिकारी नैनवां को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पिछले 6 वर्षों से उपजिला चिकित्सालय में कनिष्ठ व वरिष्ठ सहायक का पद रिक्त चल रहा है। गत माह पूर्व एकमात्र लेखकर्मी का भी अन्यत्र स्थानांतरण हो गया है। ऐसे में सभी कर्मचारियों के वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बकाया समर्पित अवकाश भुगतान तथा 9 वर्षीय सेवा पूर्ण कर चुके नर्सिंग स्टाफ के एसीपी प्रकरण तथा समस्त स्टॉफ का वेतन जिसमें संविदा कार्मिक भी शामिल है। संबंधित कार्य रुक गए हैं। संविदाकर्मी जो अल्प वेतन भोगी है। उनका भी भी वेतन रुक गया है। उक्त कार्य नहीं होने से समस्त कर्मचारी परेशान है। पूर्व में भी 3 बार प्रार्थना पत्र प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उपजिला चिकित्सालय नैनवां एवं संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं परिक्षेत्र कोटा को दिए जो चुके है। इसके बावजूद इसके कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वे मांग करते है,कि संस्था के सभी स्थाई एवं संविदा कर्मचारियों की उक्त समस्याओं का समाधान नहीं होने से 2 मई से 3 दिवस तक सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। उसके पश्चात भी समस्याओं का समाधान नहीं। होने पर कार्य बहिष्कार जैसे ठोस कदम उठाने के लिए कर्मचारियों को विवश होना पड़ेगा।



# ग्रीष्म कालीन स्पेशल अभियान के अंतर्गत मूंगफली का तेल, दही व बेसन का लड्डू सीज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठोड़,आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान सरकार एच गुईटे के निर्देशन तथा जिलाधीश डा. रविन्द्र गोस्वामी एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कोटा डा नरेन्द्र नागर के दिशा निर्देश पर ग्रीष्मकालीन स्पेशल अभियान के अंतर्गत कोटा में 18 अप्रैल से आज दिनांक तक लगातार विभिन्न खाद्य पदार्थ जैसे डेरी प्रोडक्ट (पनीर, मावा,दूध, दही,घी, लस्सी) शीतल पेय कोल्ड ड्रिंक, आइस क्रीम, आइस कैंडी,बर्फ , पानी , मिठाईयां शर्बत ,ज्यूस ,शेक इत्यादि के कुल 250 से अधिक नमूने लिए गए हैं, जिन्हें कोटा जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया गया है जहां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, और यह अभियान शादी के सीजन एंव गर्मी को देखते हुए लगातार जारी रहेगा ताकि आमजन को शुद्ध सामग्री उपलब्ध हो सके। प्रयोगशाला कोटा से प्राप्त जांच रिपोर्ट में अब तक लिए नमूनो में प्राप्त जांच रिपोर्ट में मैसर्स साईं ट्रैडर्स विज्ञान नगर से स्वारतिक मूंगफली तेल के तीन नमूने जांच रिपोर्ट में अवमानक पाये गये है यहां से नमूने लेने के पश्चात 3900 लीटर मूंगफली का तेल सीज किया गया था। साथ ही जय जय दुग्धालय पाटन पोल से लिया दही का नमूना जांच में अवमानक पाया गया,स्टेशन रोड स्थित पंडित स्वीट्स एंड नमकीन से लिए बेसन व बूंदी के लड्डू जांच में अवमानक पाये गये है। उक्त फर्मों को नोटिस जारी किए गये है एंव खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत आगामी कार्यवाही की जा रही है। दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण सक्सेना खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रवीर सिंह जादौन खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोजी लाल कुंभकार शामिल थे।

# यंग स्पोर्ट्स क्लब कपासन के वॉलीबॉल खेल मैदान का 1.37 लाख की लागत से आधुनिक सुविधायुक्त निर्माण होगा

## जनप्रतिनिधियों एवं वॉलीबॉल खिलाड़ियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक शिलान्यास एवं भूमि पूजन सम्पन्न





बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर में स्थित यंग स्पोर्ट्स क्लब खेल मैदान का नगर पालिका द्वारा आधुनिक सुविधायुक्त निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।जिसका शिलान्यास एवं भूमि पूजन शुक्रवार को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों सहित खिलाड़ी वर्ग की उपस्थिति में समारोहपूर्वक किया गया।

यंग स्पोर्ट्स क्लब कपासन के कोच एवं सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक गोपाललाल कोदली ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग एवं निर्माणाधीन नवीन सब्जी मंडी के समीप स्थित यंग स्पोर्ट्स क्लब वॉलीबॉल खेल मैदान को नगर पालिका कपासन द्वारा आधुनिक सुविधायुक्त बनाने हेतु निर्माण कार्य किया जा रहा है।नगर पालिका द्वारा यंग स्पोर्ट्स क्लब वॉलीबॉल खेल मैदान को 1.37 लाख की लागत से आधुनिक सुविधायुक्त बनाया जायेगा।जिसके अंतर्गत यंग स्पोर्ट्स क्लब वॉलीबॉल खेल मैदान पर आधुनिक सुविधायुक्त स्टेडियम-पेवेलियन मय छत,स्टेज,चेंजिंग रूम,लाइटिंग एवं इंटरलॉकिंग आदि कार्य किया जायेगा।जिसके तहत यंग स्पोर्ट्स क्लब वॉलीबॉल खेल मैदान पर उक्त निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी की अध्यक्षता में राजू पंडित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिवत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा, नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका पार्षद मुकेश पलोड़,पुष्पा वैष्णव,वंदना सोनी,वंदना बुढ़ासाणा,पार्षद अशोक विजयवर्गीय,गोपाल पुर्बीया, पूर्व नपाक अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,पूर्व नपाक पार्षद राजेश बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभुलाल बागड़ा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,सेवानिवृत शिक्षा अधिकारी डॉ. रामसिंह चुंडावत,पंचायत समिति कपासन सदस्य दिनेश पाराशर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,अधिवक्ता बंशीलाल लड्ढा,गोविंद सिंह पंवार,भाजपा एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,एससी मोर्चा अध्यक्ष अरुण कोदली, सरपंच प्रकाश चौधरी,दरगाह कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी,भाजपा राशमी मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र कोठारी,मूंगाना सरपंच प्रतिनिधि कैलाश अहीर, नगर मंडल कोषाध्यक्ष प्रवीण कोठारी,राकेश आचार्य, चेतन बारेगामा,मनीष बारेगामा,गौरव दाधीच,प्रतीक वैष्णव,आशीष नंदवाना सहित नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर,नपा जमादार मुकेश कोदली, शांतिलाल खटीक,जानकीलाल माली,विजय कोदली एवं यंग स्पोर्ट्स क्लब के वॉलीबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस शिलान्यास कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर कपासन के यंग स्पोर्ट्स क्लब खेल मैदान पर करीब 50 वर्षों से वॉलीबॉल खेल का संचालन हो रहा है।यहां सुविधाओं के अभाव में भी यंग स्पोर्ट्स क्लब से अभ्यासरत रहते हुवे वॉलीबॉल के कई खिलाड़ी जिला,राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर चुके है।अब आधुनिक सुविधायुक्त खेल मैदान तैयार होने की प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ क्षेत्रीय खिलाड़ी वर्ग में हर्ष के साथ उत्साह बना हुआ है।यंग स्पोर्ट्स क्लब के वॉलीबॉल खेल मैदान का आधुनिक सुविधायुक्त निर्माण कार्य होने से क्षैत्र का खिलाड़ी वर्ग वॉलीबॉल खेल में अपना भविष्य तलाश सकता है।

# बालविवाह रोकथाम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियो की हुई मीटिंग

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा तालुका विधिक सेवा समिति नैनवां के अध्यक्ष डॉ. दूडा राम खोकर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में नालसा द्वारा बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं तथा बाल विवाह के अंतर्गत अक्षय तृतीया तथा पीपल पूर्णिमा के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु उपखंड अधिकारी, तहसीलदार तथा उपाधीक्षक के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।



महिला बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समस्त परियोजना अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं निर्देशित किया गया कि विशेष रूप से अक्षय तृतीया तथा पीपल पूर्णिमा के दिन होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करनें एवं उक्त कार्यक्रम में यह भी पता लगाने का प्रयास करेंगे कि किसी का बाल विवाह तो नही कराया जा रहा है। इस प्रकार की आशंका होने पर तत्काल जिला विधिक सहायता अधिकारी बूंदी को सूचित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। ताकि समय रहते जिला विधिक सहायता अधिकारी संबंधित थाने से समन्वय उचित रोकथाम का प्रयास कर सकेंगे। साथ ही आम जानता से भी यह अपील करे कि बाल विवाह संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा नालसा हेल्पलाइन नंबर नालसा 15100 में सूचित कर सकते है। साथ ही बाल विवाह रोकथाम में सहायोग प्रदान करें।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के आदर्श विद्या मन्दिर उच्च प्राथमिक विद्यालय चौमहला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित गया। कक्षा मे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक पुरुस्कृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता आदित्य जैन (एडवोकेट) ने की। समारोह मे विद्यालय प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी विष्णु पोरवाल, संजय जैन एवं हेमप्रकाश टेलर का आतिथ्य प्राप्त हुआ। तरुण शर्मा ने अतिथियों का परिचय करवाया। श्यामलाल कार्पेंटर एवं ललित किशोर शर्मा ने अतिथियों का श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत सत्कार किया। अतिथियों के द्वारा कक्षा मे स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं एवं सर्वाधिक उपस्थित रहने वालों छात्र छात्राओं साथ ही वर्षभर अनुशासन मे रहने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कार दिया गया। कुल 491 छात्र छात्राओं ने परीक्षा मे भाग लिया जिसमे से 408 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी मे सफलता प्राप्त की एवं 72 छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्राप्त हुए। समिति सदस्यों के द्वारा तीन सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 500-500 रुपये नकद उपहार दिये गये। समारोह के कार्यक्रम का संचालन प्रीतम कुमार टेलर ने किया। अन्त मे विमल कुमार टेलर ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



विद्यालय के समस्त गुरूजन एवं दीदियों ने पुरे समय समारोह में सहयोग कर समारोह को सफल बनाया।

# चौमहला में पार्सल ट्रेन से गिरा युवक कोटा रैफर

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** कोटा-नागदा रेलखंड स्थित थूरिया और चौमहला स्टेशनों के बीच शुक्रवार एक युवक बड़ौदा-कोटा पार्सल ट्रेन (19819) से गिर गया। शाम करीब 4.50 बजे हुई इस घटना का पता चलते ही चेन पुलिंग कर परिजनों ने ट्रेन को मौके पर रोक लिया। लेकिन तब तक ट्रेन करीब डेढ़-दो किलोमीटर आगे पहुंच चुकी थी। इसके बाद ट्रेन को वापस पीछे लिया गया। यहां परिजनों ने गंभीर रूप से घायल युवक को उठाकर वापस ट्रेन में बिठाया। इसके बाद ट्रेन को चौमहला स्टेशन रोका गया। यहां सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद परिजन युवक को लेकर कोटा रवाना हो गए। युवक का नाम भीमा (40) पुत्र नाथू महाराज बताया जा रहा है। यह कोटा घोड़े वाला बाबा चौराहे का रहने वाला है। भीमा अपने परिजनों के साथ रिश्तेदार की शादी में जावरा गया था। यहां से लौटते समय यह हादसा हो गया।

# किसानों से अवैध वसूली और अनियमितता पर तत्काल करें कार्रवाई : नागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद,( विनोद गौड़ )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गेहूं खरीद केंद्रों पर अनियमिताओं की लगातार आ रही शिकायतों के बीच हाडोती की सभी खरीद केन्द्रों की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्री नागर ने जिला कलेक्टर से बात कर उन्हें खरीद केन्द्रों पर अधिकारियों और ठेकेदारों के द्वारा किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता को लेकर



गंभीर कार्रवाई के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सांगोद में जनसुनवाई के दौरान किसानों ने ऊर्जा मंत्री नागर से तुलाई केंद्र पर रिश्वत लेने की शिकायत की थी।मामले को गंभीरता से लेते हुये अधिकारियों व पुलिस उपाधीक्षक से त्वरित कार्यवाही को कहा था। जिसके बाद ठेकेदार अंशुल जैन तथा इंचार्ज सतीश नागर को गिरफ्तार किया गया था। मंत्री नागर ने खरीद केन्द्रों पर किसानों से तुलाई और ट्राली खाली कराई के नाम पर वसूली जा रही अतिरिक्त राशि को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जब किसान अपनी उपज को स्वयं ही ट्रैक्टर से खाली कर देता है तो उससे अतिरिक्त राशि की वसूली नहीं की जानी चाहिए।

# कोटा में बेकाबू ट्रक से मची अफरातफरी, ट्रक चालक गिरफ्तार, लोगों में दहशत का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** कोटा शहर के कुन्हाड़ी क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अफरातफरी मचा दी। जानकारी के अनुसार, नयापुरा क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला और चंबल पुलिया पार कर कुन्हाड़ी की ओर दौड़ गया। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को मिलने पर कुन्हाड़ी थाना पुलिस सक्रिय हुई और नाकाबंदी कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ युवकों ने चंबल पुलिया पर पहले से ही ट्रैफिक रोककर जाम लगा दिया था। तभी तेज रफ्तार में एक ट्रक वहां पहुंचा, जिसका एक टायर फटा हुआ था। ट्रक ने बेरिकेड्स को तोड़ते हुए पुलिया पार की, इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह रुक गया।घटना स्थल पर मौजूद ट्रैफिक हवलदार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक पर चढ़कर चालक को रुकने का इशारा किया। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने भी ट्रक को घेर लिया और चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# किसानों की बैठक बोले पूर्व सांसद, भ्रष्ट्राचार को लेकर करेंगे आन्दोलन : रामकिशन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** शताब्दी पुरुष और भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि भ्रष्ट्राचार को लेकर सरकार को ज्यादा कड़ा कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब हम अगला आन्दोलन भ्रष्ट्राचार के मुद्दे पर करेंगे। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन गुरुवार को ग्राम विरमपुरा में आयोजित किसान की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिये जिसमें भ्रष्ट्राचार में सजा होने के बाद आरोपी की पैत्तिक सम्पति को भी जब्त करना चाहिये तथा ऐसे भ्रष्टाचारियों को श्रम दंड के बतौर नरेगा में कार्य करने और नगरपालिकाओं और पंचायतों में सफाई व्यवस्था में कार्य कराना चाहिये ताकी उनको समाज में शर्म और लाज आए। सरकार को ऐसा कानून सभी के लिए समान तौर पर बनाना चाहिए ताकी भ्रष्ट्राचार करने बालों के मन में डर पैदा हो सके। उन्होंने कहा कि हर तरफ कही भी चले जाए देश भर में लूट मची हुई है। भ्रष्ट्राचार के मामले में दूनिया में हमारे देश का स्थान गत वर्ष 163 था जो इस वर्ष बढ़ कर 166 वाँ स्थान पर पहुँच गया है यानी भ्रष्ट्राचार में देश लगातार प्रगति कर रहा है। भ्रष्ट्राचार कानून के डर के साथ साथ जनता की ईमानदारी के रास्ते पर चलकर ही कम हो सकता है। जहाँ जिसका काबू लग रहा है वह वही गड़बड़ कर रहा है। उन्होंने उदाहरण स्वरूप कहा कि जब मेरा बेटा रिश्वत ले तब तो भ्रष्ट हो जाता है और जब आपका लड़का भ्रष्ट्राचार करके मंहगी शादी कार और कई कई मकान बना लेता है तब कहते है कि बेटा बड़ा सुपात्र निकला है इसने तो हमारे खानदान का नाम ही निकाल दिया ऐसी सोच रखने से भ्रष्ट्राचार नहीं रुक सकता, सभी लोगों को प्रयास करने चाहिए। देश भर में भ्रष्ट्राचार से लोग परेशान है, विकासकार्य सही नहीं हो रहे। उन्होंने देश में चुनाव सुधारों की भी जरूर बताई। उन्होंने कहा कि सरकारों को लोकपाल और सूचना का अधिकार कानून की मनसा के मुताविक मजबूत बनाना चाहिये जबकि इन कानूनों का लाभ कम और दुरुपयोग ज्यादा हो रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि पदों पर बैठे लोगों की निर्धारित समय सीमा कानूनन तय होनी चाहिये और इसमें लापरवाही करने बालों के खिलाफ जब तक कड़ी कार्यवाही नहीं होती तब तक लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि मौसम में हो रहे परिवर्तनों के कारण खेती भी ज्यादा प्रभावित हो रही है। लोगों को गाँवो गाँवों में ज्यादा से ज्यादा पैड़ पौधे लगाने चाहिये तथा प्लास्ट्रिक का और पन्नियों का उपयोग नहीं करना चाहिये इसके जमीन की उर्वरक शक्ति समाप्त हो रही है जो पशु प्लास्ट्रिक खाते है उनकी मौते हो रही है। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि सब काम सरकार करेगी ऐसी धारणा पालना गलत है सरकार के अलाबा हम सभी की भी देश और समाज के प्रति जिम्मेदारियाँ है। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि उनके मुख्यमंत्री बनने के तुरन्त बाद जल्दी इआरसीपी-पीकेसी का समझौता हो गया अब सरकार को पानी की इस योजना को जल्दी पूरी करना चाहिए। उन्होंने कहा की जगर बाँध को पाँचना से जोड़ने की योजना का भी शीघ्र टेन्डर करना चाहिए ताकी गम्भीर नदी को पानी मिल सके। जगर बाँध की योजना गहलौत सरकार के समय ही मंजूर हो गई थी लेकिन चुनावों से पूर्व टेन्डर नही हो सके थे। इस बैठक में शतायू पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह का ग्रामीणों द्वारा इआरसीपी की योजना पानी आन्दोंलन के लिए साफा मालाये पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में पूर्व जिला पार्षद रामबाबू धाकड़, युवा नेता सतीश मीणा पीपरी, किसान यूनियन के अध्यक्ष विश्वेन्द्र सिंह समाजसेवी नन्दा धाकड़, विरेन्द्र मीणा मिलकपुर, छोटे लाल मिलकपुर, रामतस्वीर बीरमपुरा, भगवान सिंह फरसों, भूदेव केन्दर, महावीर, विजय सिंह, राहुल कुमार ने भी अपने विचार प्रकट किए। किसानों ने कहा कि मौसम परिवर्तन और खेती की लागत बढ़ने के कारण खेती में अब कुछ नहीं बचता सरकार को किसानों की उपज का लाभकारी मूल्य देना चाहिये तथा खाद, बीज बिजली, डीजल, उपकरण तथा कीटनाशक दवाओं के मूल्यों पर भी नियंत्रण करना चाहियो । किसानों की इस बैठक की अध्यक्षता सरपंच पूरन सिंह फरसों ने की जबकि संचालन रामबाबू ने किया।

## भाजपा नेता के साढे आठ बीघा में बने स्कूल को नप ने किया ध्वस्त, 15 साल से था कब्जा

### बड़ा सवाल : 15 साल से था कब्जा, नप को अब दिखा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा बाईपास स्थित तगावली क्षेत्र में नगर परिषद ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की साढे आठ बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। इस जमीन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बांकेलाल लोधा ने बीते 15 साल से कब्जा कर रखा था। नगर परिषद ने साढे आठ बीघा सरकारी जमीन पर फैले स्कूल को जेसीबी से जमींदोज कर डाला। इस जमीन की बाजार कीमत करीब 20 करोड़ रुपए बताई जाती है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम से लेकर तहसीलदार, आयुक्त समेंत आरएसी जाप्ता अतिक्रमण वाले स्थल पर मौजूद रहे। इस कार्रवाई को देख स्कूल की चारदीवारी के बाहर लोगों की भीड़ जुटी दिखाई दी।

**पहुंची सिफारिशें, लेकिन नकारी :** सत्ताधारी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बांके लाल लोधा के खिलाफ नगर परिषद ने बड़ा एक्शन लिया और अपने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की साढे आठ बीघा जमीन का अतिक्रमण मुक्त कराया। इस कार्रवाई से पहले नगर परिषद में पूर्व जिलाध्यक्ष के स्कूल पर कार्रवाई रुकवाने के लिए सुबह से लेकर दोपहर तक उठा पटक चलती रही। कार्रवाई को रुकवाने के लिए स्वयं वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष से लेकर भाजपा नेताओं की आवाजाही नगर परिषद में देखी गई। वही आयुक्त अशोक शर्मा के फोन पर सिफारिश वाली घंटी घनघनाती रही। लेकिन जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी के आदेशों के आगे किसी की एक नहीं चली। आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं उच्च अधिकारी कर रहे है। तगावली सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की लगभग साढे आठ बीघा जमीन पर बीते 15 साल से अवैध रुप से कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा था। नगर परिषद ने अतिक्रमणकारी को पूर्व में नगर परिषद की ओर से नोटिस भी भेजा गया था। लेकिन अतिक्रमण नहीं स्वयं नही हटाया गया। जिसके बाद नगर परिषद ने कार्रवाई कर स्कूल की बिल्डिंग को पूरी तरह ध्वस्त कर जमीन का अपने स्वामित्व में ले लिया है।

अतिक्रमण अभियान के तहत तगावली में मुक्त कराई गई साढे आठ बीघा भूमि बीते 15 साल से अतिक्रमणकारी के कब्जे में थी। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने दिन अधिकारियों ने नजर अंदाज क्यों किया। जिस सरकारी जमीन पर वर्ल्ड सनराइज पब्लिक स्कूल कई सालों से संचालित था, वह जमीन नगर परिषद के तगावली सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की जमीन है। जो अभिलेखों में सरकारी भूमि की श्रेणी में दर्ज है। लेकिन सरकारें और अधिकारियों के बदलने के बावजूद साढे आठ बीघा जमीन पर स्कूल का निर्माण किसकी सरपरस्ती में हुआ। वही लोगों का कहना है कि सरकारी जमीन पर कब्जा कराने में कौन-कौन सफेदपोश और अधिकारी शामिल थे, उन्हें भी जांच के दायरे में लाना आवश्यक है। साथ ही नगर परिषद 15 साल से उक्त जमीन को लेकर क्यों चुप्पी साधे रहा। इसकी जांच भी होना जरुरी है।

### रेलवे फाटक पर सर्राफा व्यापारी से लूटपाट और जानलेवा हमले का मामला

# चार दिन में पुलिस की स्पेशल टीम ने किया घटनाक्रम का खुलासा

- वारदात को अंजाम देने वाले जीजा-साले सहित तीन बदमाश दबोचे, बाजार में निकाला जुलूस
- लूट की अधिकांश राशि और जेवरात किए बरामद, मुख्य आरोपी की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के रेलवे फाटक पर 28 अप्रैल की शाम 8 बजे दुकनद बंद कर घर जा रहे सर्राफा व्यापारी अनिल बंसल के साथ हुई लूटपाट और जानलेवा हमले और फायरिंग के मामले में पुलिस ने चार दिन बाद घटनाक्रम का खुलासा किया है। पुलिस द्वारा हमले और वारदात में शामिल जीजा-साले सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लूट की राशि के साथ अधिकांश गहनों को जप्त कर लिया है। वही घटनाक्रम का मुख्य आरोपी अभी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाली थाने पर पूरे मामले का खुलासा करते हुए बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ ने बताया कि व्यापारी अनिल बंसल के साथ रेलवे फाटक पर दो बदमाशों द्वारा फायरिंग कर लूटपाट की गई थी। जिसमें नगदी के साथ करीब 500 से 600 ग्राम सोने के गहने और डेढ़ किलो चांदी के साथ दुकान के हिसाब की किताब और अन्य सामान शामिल थे। घटना के बाद पुलिस ने घायल व्यापारी से पूछताछ कर तुरंत मामले में कार्रवाई की। एसपी धौलपुर सुमित महरेड़ा के निर्देश पर कंचनपुर थाना, सदर थाना, बसेड़ी थाना और बाड़ी कोतवाली थाने के थाना अधिकारियों अमित शर्मा के साथ बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। जिसमें एसआई हरवीर सिंह, चार एएसआई, डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह के साथ करीब 52 पुलिस जवान शामिल थे। शहर के सभी सीसीटीवी कैमरा की जांच की गई। ऐसे में लगातार टीमवर्क के बाद सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मानवीय इनपुट के आधार पर तीन बदमाशों को पुलिस ने अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। जिनमे निधारा गांव से आरोपी शीशराम गुर्जर पुत्र मुंशी गुर्जर, तकीपुर गांव से उसका जीजा रामनाथ गुर्जर पुत्र श्रीपत गुर्जर और शीशराम का सहयोगी सचिन गुर्जर पुत्र रामअवतार गुर्जर निवासी घेसुआ को गिरफ्तार किया है। जिनसे लूट की सवा दो लाख रूपये और गहने जप्त कर लिए हैं। मामले का मास्टरमाइंड निधारा निवासी हंसा उर्फ हंसराम गुर्जर अभी फरार है।

**बाजार में निकाला बदमाशो का जुलूस :** थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया की वारदात में शामिल तीनों बदमाशों को पूछताछ के बाद शुक्रवार को दिन में कोर्ट में पेश किया गया। जहां से चार दिन की पीसी रिमांड पर लिया है। सभी बदमाशों को शहर के मुख्य बाजार से होकर निकाला गया है। जिससे आमजन में पुलिस का जो विश्वास है वह कायम रहे। आरोपियों से घटना के संदर्भ में पूछताछ जारी है।

**बदमाशों से नहीं डरे आमजन, करे संगठन के साथ मुकाबला :** प्रेस वार्ता के दौरान एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ ने बताया की घटना को लेकर जो सीसीटीवी फुटेज जारी हुए है। उसमे व्यापारी अकेला ही बदमाशों से जूझ रहा है। काफी समय तक उसने मुकाबला किया है। ऐसे में आसपास से गुजर रहे लोग केवल तमाशाबीन होकर देख रहे है। जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते है। ऐसे में आमजन से अपील है की वे डरे नहीं संगठित होकर अपराधियों का मुकाबला करे, यदि मोके पर एक दो लोग भी हल्ला मचाते या विरोध करते तो शायद यह वारदात नहीं होती।

## पीएमश्री योजना अंतर्गत उ. मा. वि. वैर में शिक्षा और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता में तेजी से हुआ सुधार



**वैर/भरतपुर (गोपाल पाठक)।** भारत सरकार की विद्यालयों में बुनियादी भौतिक शैक्षणिक एवं सह शैक्षिक संरचनाओं का विकास कर एक मॉडल विद्यालय के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए प्रारंभ की गई पीएम श्री योजना 'प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया', द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास देखने को मिल रहा है। इसको लेकर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में पडताल की गई पाया कि शिक्षा और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। विद्यालय की प्राचार्य पुष्पेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार विद्यालय को मॉडल रूप में प्रतिस्थापित हो रहा है जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और समग्र विकास के अवसर मिल रहे है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत का वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है । जिसमें 5 वर्षों में औसत रूप से प्रत्येक विद्यालय को लगभग 1.5 करोड की राशि के कार्य होने है। जिसके तहत पिछले दो वर्षों में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर लगभग 75 लाख रुपए के भौतिक एवं शैक्षणिक तथा सह शैक्षणिक कार्य किए गए हैं जिनमें 1. भौतिक एवं अवसंरचनात्मक विकास - इसके तहत 2023 - 24 एवं 2024- 25 में कुल लगभग 55 लाख रुपए की लागत से समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा तीन कक्ष मय बरामदा , छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक पृथक दो शौचालय, स्टेयर, वॉलीबॉल पक्का कोर्ट एवं पोर्च का निर्माण कार्य किया गया है। इसके साथ ही विद्यालय की आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय भामाशाहों का भी खूब सहयोग प्राप्त हुआ है भामाशाहों के सहयोग द्वारा भी विद्यालय में 7 कक्षा कक्षों मय बरामदा एवं एक टॉयलेट, चबूतरा एवं स्टेज का निर्माण कार्य कराया जा चुका है। तथा स्टाफ के सहयोग से विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं।

## फिजी गणराज्य उच्चायुक्त महामहिम सामी का भारत कर्म रत्न अवार्ड से 10 मई को जयपुर में होगा सम्मान

### फिजी गणराज्य उच्चायुक्त है महामहिम सामी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/जयपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अन्तराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा जयपुर शहर में 10 मई को आयोजित वैश्विक शान्ति समरसता सांस्कृतिक सम्मेलन एवं 192 राष्ट्रों का नागरिक अभिनन्दन समारोह में नई दिल्ली में फिजी गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम जगन्नाथ सामी को भारत कर्म रत्न अलंकरण से विभूषित किया जाएगा। मुख्य सलाहकार डा. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट वैस्ट लॉ फर्म काडमाण्डौ ने बताया कि महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा, पूर्व न्यायाधीश नेपाल सर्वोच्च न्यायालय काठमाण्डो की अभिषंशा पर फिजी के मुख्य न्यायाधीश द्वारा जगन्नाथ सामी को जस्टिस ऑफ पीस पुरूस्कार प्राप्त होने पर कर्मस्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर चयन किया है। भारत कर्म रत्न प्रतिभा जगन्नाथ सामी विश्वबन्धुत्व एकामहे के लिए समरसता वसुधैव कुटुम्बकम, ग्लोब्ल विल्लेज, सत्यम शिवम सुन्दरम कार्य योजना में भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धान्तों को वैश्विक स्तर बढा रहे हैं। फिजी के साथ भारत के सम्बन्ध 1879 से है। अनुबन्ध प्रणाली के तहत 60,553 भारतीयों को 1916 तक सम्मान के साथ फिजी में आमंत्रित किया गया, भारत-फिजी के बीच मजबूत सांस्कृतिक सम्बन्ध हैं, फिजि की 38 प्रतिशत आबादी भारतीय मूल की है, 2015 में जयपुर में आयोजित प्रशान्तद्वीप देशों के दूसरे शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिजी में एक अन्तरिक्ष अनुसंधान और उपग्रह निगरानी स्टेशन खोलने की योजना की घोषणा कर बहुआयामी सम्बन्धों को आगे बढाया है। मानवीय प्रेम एकता के प्रतीक श्री जगन्नाथ सामी की सेवाओं का मूल्यांकन करते हुए उल्लेखनीया सेवा कर्म निष्ठा, उपलब्धियों की प्रशंसा पर समस्त भूटान सरकार के आर्थिक मंत्री महामहिम लोकनाथ शर्मा नेपाल सरकार के पूर्व मंत्री अब्दुल खान सामी को भारत कर्म रत्न अलंकरण से विभूषित करेंगे, विश्वरत्न महावीर प्रसाद टोरडी विशिष्ट सलाहकार महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल द्वार पर अगवानी करेंगे। समारोह का आयोजन 25 राष्ट्रों भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रिया, क्रोएटिया, फिनलैण्ड, तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक, इजराईल, मैकड़ोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल डेनिश, श्रीलंका, मालदीव, किर्गिजस्तान, फिलस्तीन, फिजी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## 30 दिन में पेयजल समस्या से जुड़ी 63 शिकायत दर्ज, निस्तारण 39 का 24 बिना समाधान के छोड़ीं

### कंट्रोल रुम पर सबसे अधिक शिकायत सप्लाई व लीकेज की

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भीषण गर्मी बढ़ने के साथ शहर में पानी का संकट गहराने लगा है। पुराने ट्यूबवेल और पंपसेट हांफने लगे है। हैंडपंप के हालात पहले से खराब है। ऐसे में लोग एक एक बूंद पानी के लिए परेशान है। बीते साल की अपेक्षा इस साल शहरवासियों को 2 एमएलडी पानी की सप्लाई भी कम दी जा रही है। जिसके कारण एक आम आदमी को उसके हिस्से का पानी दे पाना जलदाय विभाग के लिए ऊँट के मुंह में जीरा देने के समान साबित हो रहा है। शहर की पेयजल सप्लाई को दुरुस्त रखने और हर नल तक पानी पहुंचाने के लिए जलदाय विभाग तैयारियों में जुटा हुआ था। उपभोक्ताओं के बेहतर सुविधा और अबाध पेयजल सप्लाई देने के लिए कार्यालय के अंदर कंट्रोल रुम स्थापित किया गया। विभाग की ओर से एक नंबर भी जारी किया गया। लेकिन शिकायत और उनके निराकरण के आंकड़ों पर अगर ध्यान केंद्रित किया जाए, तो जलदाय विभाग बीते 30 दिन में कंट्रोल रुम पर प्राप्त 63 शिकायतों में से महज 39 शिकायतों का समाधान कर सका। जबकि बीते अप्रैल माह की 24 अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए कुछ प्रयत्न ही नही किए गए। जिससे आप अंदाजा लगा सकते है कि कंट्रोल रुम पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को जलदाय विभाग कितनी गंभीरता से ले रहा है।

**इन इलाकों में पेयजल संकट :** शहर में पेयजल संकट की बात करे तो ऐसे कई क्षेत्र है, जहां वाटर वर्क्स की सप्लाई बड़ी मुश्किल से मिल पा रही है। शहर में जलदाय विभाग एक टाइम पानी की सप्लाई दे रहा है और उस सप्लाई का समयावधि भी इतनी कम है कि 500 लीटर की टंकी भी बड़ी मुश्किल से भर पा रही है। पचौरी पाड़ा, विरजा पाड़ा, पुरानी सराय, कच्ची कुई क्षेत्र लोग पेयजल संकट से परेशान है। क्षेत्रिय निवासी जावेद, मोनू ने बताया कि जलदाय विभाग सुबह एक टाइम 10 से 15 मिनट पानी की सप्लाई दे रहा है, जो पर्याप्त नही है। क्षेत्र में पेयजल संकट को देखते हुए कुछ समय पहले जलदाय विभाग ने लोगों की प्यास बुझाने के लिए ट्यूबवेल लगवाया था। लेकिन अब उससे भी पानी नही आ रहा है। महिला रुकसाना, नूर चश्मी ने बताया कि पानी को सोने-चांदी की तरह सहेज कर रखना पड़ रहा है। एक एक बूंद इस समय कीमती है। पहले पानी का ज्यादा संकट नही था, लेकिन अब ट्यूबवेल से भी सप्लाई नही हो पा रही है।

## 5121 कुंडीय यज्ञ महोत्सव : अस्थायी पुलिस चौकी-बस स्टैंड और मेडिकल कैंप किये स्थापित, यज्ञ के लिए झोपड़ी का किया जा रहा निर्माण

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावल खंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित मलूपुरा कमालपुर पर 5121 कुंडी है यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसको लेकर समस्त तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है यज्ञ शाला का भव्य निर्माण कराया गया है।

**दौसा जिले के महवा उपखंड से कलश यात्रा :** इस महोत्सव के लिए महुआ से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसके बाद आनंद आश्रम में सर्व समाज की तरफ से यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के लिए 120 बीघा में घास-फूस का यज्ञ मंडप तैयार किया जा रहा है। यज्ञ महोत्सव के लिए पिछले चार महीनों से तैयारियां की जा रही हैं। आगरा जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर स्थित आनंद आश्रम में महोत्सव के लिए तैयारियां की जा रहीं हैं। जिसमें सैकड़ों कारीगर काम कर रहे हैं। यह महोत्सव 4 मई को आयोजित होगा। यहां 5121 यज्ञ कुंड तैयार किए जायेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी पुलिस चौकी का भी निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में उलूपुरा, सलेमपुर खुर्द, झारोटी, खानपुर, बाछरैन, कमालपुरा सहित आसपास के कई गांव के लोग शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां सर्व समाज की तरफ से की जा रहीं हैं। महुआ से शुरू होने वाली विशाल कलश यात्रा के जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। यह कलश यात्रा 4 मई को सुबह 7 बजे शुरू होगी। जिसका समापन कार्यक्रम स्थल पर होगा।

# द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को, राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण में अधिवक्तागण निभाएं अपनी सहभागिता : रेखा यादव

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 10 मई को संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, बैंक के ऋण संबंधी मामले, एनआई एक्ट के प्रकरण व राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा न्यायालय परिसर राजाखेड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा, अधिवक्ताओं, दिहौली एवं राजाखेड़ा थानाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सचिव यादव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रैफर एवं निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए एवं इसके लिए समस्त अधिवक्ताओं से समुचित आवश्यक सहयोग अधिवक्ताओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया तथा अधिवक्ता की समस्याओं व जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अधिवक्ता द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना समुचित सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक के दौरान थानाधिकारी पुलिस थाना दिहोली एवं राजाखेड़ा को लोक अदालत के नोटिसों की तामील कराए जाने के निर्देश दिए गए।

## राजस्थान वित्त निगम द्वारा नीतियों में किए गए सरलीकरण एवं नवीन ऋण योजनाओं के उद्देश्य से बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** राजस्थान वित्त निगम द्वारा उद्यमियों को राहत प्रदान करने हेतु नीतियों में किए गए सरलीकरण एवं नवीन ऋण योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शुक्रवार को शाखा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयपुर से नॉडल अधिकारी आर.पी. महावर, शाखा प्रबंधक अशोक मौर्य एवं उप प्रबंधक आलोक निगम ने उपस्थित उद्यमियों को निगम की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक ने बताया कि युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान ऋण सीमा 1.5 करोड़ से बढ़ाकर 2 करोड़ की गई। अन्य ऋण योजनाओं में प्रोसेसिंग फीस में 50 प्रतिशत की कटौती की गई। नई एमएसएमई ऋण योजना के तहत तकनीकी सुधार व ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट हेतु 20 करोड़ तक ऋण 9.50 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। फ्लेक्सी ऋण योजना में पुनर्भुगतान अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 7 वर्ष की गई है। बैठक में रीको, जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों, भीलवाड़ा के चार्टर्ड अकाउंटेंटस तथा विभिन्न उद्यमियों ने भाग लेकर अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

## जोधड़ास फाटक पर बन रहे रेलवे अंडरपास का विधायक कोठारी ने किया निरीक्षण तकनीकी खामियां सुधारने के दिए आदेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने जोधड़ास फाटक संख्या 66 पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास (आरयूबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई तकनीकी खामियों को लेकर उन्होंने उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल अजमेर के उप मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर आवश्यक सुधार की मांग की है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रेलवे फाटकों को बंद कर फाटक मुक्त भारत की दिशा में काम किया जा रहा है। इसी क्रम में जोधड़ास फाटक पर आरयूबी का निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग स्कूल बसों, फैक्ट्रियों में कार्यरत मध्यमवर्गीय नागरिकों और भारी वाहनों के लिए म त्वपूर्ण है, जो इसे एक 24म7 आवागमन मार्ग बनाता है। विधायक कोठारी ने बताया कि वर्तमान निर्माण की खामियों के कारण भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका है और जनता को असुविधा हो सकती है। उन्होंने अंडरपास को सुरक्षित, सुविधाजनक और तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाने की आवश्यकता जताई। खामियों को लेकर उठाए गए प्रमुख बिंदुओं में उल्लेख किया गया कि एक ओर से अंडरपास में प्रवेश रुशेप में होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोड़ के बाद बनाया गया बड़ा स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों को असुविधा में डाल रहा है। अंडरब्रिज के संकरे मोड़ों के कारण दो वाहनों का एक साथ निकलना संभव नहीं है। सामने दीवार की स्थिति ऐसी है कि बड़े वाहन टर्न नहीं कर पा रहे हैं। अंडरपास बॉक्स की चौड़ाई इतनी कम है कि वाहन को रिवर्स लेकर सीधा करना पड़ता है। साथ ही, वर्षा ऋतु में सड़क की ढलान अंडरपास की ओर होने से जलभराव की संभावना भी बनी रहती है।

## सीएमएचओ डॉ सामर की कार्यवाही, रेस्टोरेंट एवं जूस सेंटर का औचक निरिक्षण कर लिए सेम्पल

बढ़ता राजस्थान



**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** आमजन को जिले मे शुद्ध, सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाए जाने के उद्देश्य से जिले मे शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत ग्रीष्म कालीन विशेष अभियान चलाया जा रहा हे इसी क्रम मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी सामर द्वारा शुक्रवार को इंद्रगढ़ में गर्मी के सीजन को देखते हुए राज्य स्तर से प्राप्त आदेशों के तहत श्री श्याम रेस्टोरेंट एंड जूस सेंटर तथा कमलेश्वर ढाबा का औचक निरीक्षण किया गया और मौके पर सड़ीगली सामग्री नष्ट करवाई तथा साफ सफाई के निर्देश दिए गए डॉ सामर ने बताया की मोके से दही, ग्रेवी के नमूने लेकर जांच हेतु भिजवाऐ गए। उन्होंने बताया की नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आरसी एच ओ डॉ सतीश सक्सेना एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी, संजय सिंह, टीम सदस्य नरेश व मनीष भी उपस्थित रहे।

# फार्म हाउस पर रेव पार्टी में रंगे हाथ पकड़े गए युवक पुलिस ने जब्त की ई-सिगरेट और चार कारें

बढ़ता राजस्थान







**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में पुलिस थाना सदर द्वारा हलेड़ रोड सुवाणा स्थित सेठी फार्म हाउस नंबर 03 पर चल रही रेव पार्टी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन एवं वृत्ताधिकारी वृत सदर श्यामसुन्दर विश्नोई के निकट पर्यवेक्षण में की गई। दिनांक 2 मई 2025 की रात 12:21 बजे थानाधिकारी कैलाश कुमार को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेठी फार्म हाउस में कुछ युवक और युवतियां नशा कर रहे हैं और तेज आवाज में गाने बजाकर शोर कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। फार्म हाउस के अंदर से तेज संगीत और हो-हल्ला सुनाई दे रहा था। मुख्य द्वार का एक छोटा गेट खुला था, जिससे पुलिस टीम अंदर पहुंची। अंदर स्विमिंग पूल के पास तीन युवक और दो युवतियां मौजूद थीं, जिन्हें वहीं बैठने की हिदायत दी गई। पुलिस को वहां दो युवक सिगरेट और हुक्का पीते हुए मिले। पूछताछ में पहले युवक ने अपना नाम गौरव जेठानी पुत्र मुरलीधर जेठानी उम्र 19 वर्ष निवासी शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा बताया। दूसरे ने अपना नाम विश्वास कृपलानी पुत्र महेश कृपलानी उम्र 24 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा बताया। गौरव जेठानी के पास ई-सिगरेट थी जिसे वह उपयोग कर रहा था, वहीं पास में प्लास्टिक के दो पारदर्शी हुक्के, चार चिलम, तंबाकू और दो पाइप भी रखे हुए थे। दोनों से सार्वजनिक स्थान पर इन वस्तुओं के उपयोग और कब्जे के लिए वैध लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके आधार पर ई-सिगरेट, तंबाकू युक्त हुक्का, और चार कारें जब्त की गईं। गौरव जेठानी और विश्वास कृपलानी को मौके से बिना जमानत गिरफ्तार किया गया। उनके विरुद्ध इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का निषेध अधिनियम 2019 की धारा 4/7, कोटपा संशोधित अधिनियम 2021 की धारा 4(क)/21(क), तथा राजस्थान धूम्रपान निषेध अधिनियम की धारा 9/11 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। गिरफ्तार किए गए अन्य अभियुक्तों में निखिल पुत्र रमेश सिंधी निवासी सिंधुनगर, थाना सिटी कोतवाली भीलवाड़ा, आशीष पुत्र महेश कृपलानी निवासी शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा और दक्ष पुत्र हरीश कलवानी निवासी सिंधुनगर, थाना सिटी कोतवाली भीलवाड़ा शामिल हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी कैलाश कुमार और थाना सदर की पुलिस टीम शामिल रही।

## जिला मेटल माइंस मजदूर संघ द्वारा आयोजित शिविर में 195 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडगढ़।** श्री सांवलिया जी राजकीय चिकित्सालय में ब्लड की कमी एवं मजदूर दिवस के अवसर पर जिला मेटल माइंस मजदूर संघ एवं एसएस एण्ड कंपनी द्वारा यूनियन आफिस चंदेरिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राजकीय श्री सांवलिया चिकित्सालय एवं टीम जीवन दाता के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ डिप्टी सीईओ स्मेल्टर एवं चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड मानस त्यागी एवं जिला मेटल माइंस मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी, एसएस एण्ड कंपनी के साइट इंचार्ज अशोक कुमार, जिंक के लोकेशन एचआर हेड अनूप कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मेटल माइंस मजदूर संघ के महामंत्री एस के मौड, महेन्द्र सिंह भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज सिंह हाडा, शान्तिलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष जीएनएस चौहान, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सालवी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में रक्तदान करने पहुंचे। लोकेशन हेड मानस त्यागी ने स्वयं रक्तदान कर सभी से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान के पुण्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

हिंदुस्तान जिंक के कर्मचारियों और व्यापारिक भागीदारों द्वारा कुल 195 यूनिट रक्तदान किया गया। महिला रक्तदाताओं, श्रमिको के परिजनों ने भी उत्साह से भाग लिया। शिविर में देवीलाल राठौड ने 52वीं बार एवं शोभालाल जाट ने 18वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र मीणा, रविराज पुल्लभाटला, सुदंर राज, बालचंद पाटीदार, डॉ संजीव मिश्रा, विकाश, सुरज प्रकाश, छोटू सिंह, वंशप्रदीप सिंह, अमित सुराणा, प्रियव्रत सिन्हा, राजेन्द्र शर्मा, दिलीप सिंह सिसोदिया, खुशवीर सिंह शक्तावत, अनिल अग्रवाल,एसएन खटीक, मेवा लाल खटीक, चंद्रपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह, डाडम नागदा, कैलाश प्रजापत, जीवन नागदा, विरेन्द्र सिंह, विष्णु गांवरी, बलवंत सिंह, प्रहलाद गवारिया, रामविलास मीणा, नारायण सिंह राणावत, कान सिंह चौहान, समुंदर सिंह, संदीप सिंह, भुवनेश व्यास, गोविंद सेन, पुष्कर सेन, इशाद खान, चेतन सिंह, सोहनलाल, दीपक वैष्णव, शांतिलाल सालवी, प्रदीप पोरवाल, भेरू पुरबिया इंद्र सिंह भाटी, मोहन वैष्णव,गोपाल वैष्णव महिला रक्तदाता खुशबु चौधरी, किरण बोहरा, निरू भारद्वाज, भगवती पालीवाल रेनू बाला श्रृंगी उषा शर्मा सहित बडी संख्या में रक्तदाता, अधिकारी एवं श्रमिक उपस्थित थे। सांवलिया चिकित्सालय ब्लड बैंक के डा. रोहित कुमार धाकड़, सोहन लाल नायक, दिनेश साहू, संतोष प्रसाद, महेश कुमार, सीमा लोहार, भानू मंगल ने अपनी सेवाएं दी।

## भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 16 ग्राम से अधिक स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना बिजौलिया ने स्मैक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जब्त की गई स्मैक का कुल वजन 16 ग्राम 25 मिलीग्राम है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु सभी थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन और वृत्ताधिकारी माण्डलगढ़ बाबूलाल विश्नोई के निकटतम सुपरविजन में थाना बिजौलिया द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने आसूचना संकलन कर दबिश दी और 1 मई 2025 को लोकल व स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के दौरान हैड कांस्टेबल ताराचन्द की सूचना पर मालीपुरा चौराहे पर मनोज बंजारा को डिटेन किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से स्मैक बरामद हुई।

आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विस्तृत अनुसंधान जारी है। गठित पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल ताराचन्द, हरिसिंह, सुरेश, विश्राम, दलबीर, रवि सिंह, जितेन्द्र सिंह तथा महिला कांस्टेबल कुशुमलता और सायना शामिल थे।

## युवा समाजसेवी राजेश सेठिया बने श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान चितौड़गढ़ के महामंत्री

चितौड़गढ़।

श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान चितौड़गढ़ अध्यक्ष किरण डांगी ने राजेश कुमार सेठिया को संस्थान के महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है, इनका कार्यकाल 2025/2026 तक प्रभावी रहेगा। नवनियुक्त महामंत्री राजेश कुमार सेठिया की नियुक्ति पर सभी संघों के अध्यक्ष और मंत्री ने हर्ष व्यक्त किया है। संघ संरक्षक मनसुख पटवारी स्वाध्याय संघ मंत्री पारस डांगी श्री जैन दिवाकर संगठन समिति मंत्री सुधीर जैन कोषाध्यक्ष अनिल पटवारी महिला अध्यक्ष संगीता चिप्पड़ मंत्री स्मिता तरावत सहित सभी ने नियुक्त पर हर्ष व्यक्त किया। महामंत्री राजेश सेठिया वर्तमान में श्री जैन दिवाकर संगठन समिति के अध्यक्ष के साथ-साथ पूर्व में भाजपा युवा संगठन मंत्री ओसवाल संघ सदस्य सीएलजी सदस्य के साथ अनेक संस्थाओं में पदाधिकारी भी रह चुके हैं। इनकी नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार होगा और समाज संगठन को नई दिशा मिलेगी। नियुक्ति के बाद, राजेश कुमार सेठिया ने कहा कि वह संस्थान के विकास और उत्थान में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

## रेडक्रॉस और रोटरी क्लब ने जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा को भेंट किए वॉटर कूलर

बूंदी (अनन्त दाधीच)।



जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा में विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी एवं रोटरी क्लब बूंदी ने दो वाटर कूलर नि:शुल्क भेंट किए। यह पहल जिला कलक्टर अक्षय गोदारा के सहयोग से की गई। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला मुख्य अतिथि थे,जिन्होंने दोनों वॉटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कोटा के जिला महामंत्री भाजपा जगदीश जिंदल, बूंदी के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, भारत विकास परिषद बूंदी के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नुवाल, रोटरी क्लब बूंदी के अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच, रेडक्रॉस सोसायटी बूंदी के सचिव अशोक विजय, उपसचिव राजेन्द्र रावंका, ध्रुव व्यास, त्रिलोकचन्द जैन, नरेश जिंदल, ओमप्रकाश जैन, के.सी. वर्मा, सुरेश, और चन्द्रप्रकाश सेठी सहित रेडक्रॉस सोसायटी और रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहें। स्वर्गीय श्रविदत्त दौराश्री की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजन, सूर्यप्रकाश दौराश्री और श्रीमती गिरिराज दौराश्री ने भीषण गर्मी में विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए पेयजल की सुविधा के लिए यह वॉटर कूलर भेंट किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेशकृष्ण बिरला ने अपने संबोधन में जल सेवा को मानव सेवा बताते हुए सभी से इस पुण्य कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए देश सेवा की भावना से श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि जल ही जीवन है और रेडक्रॉस सोसायटी एवं रोटरी क्लब द्वारा पूरे देश में किया जा रहा जल सेवा का कार्य सराहनीय है। उन्होंने दौराश्री परिवार को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 122 वे दिन भी अनवरत जारी

- किसान केसरी संघ के किसानों एवं ग्रामीणों ने विधानसभा घेराव की दी चेतावनी
- जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर सेवनी सूरजपुरा के ग्रामीण बैठे

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (शाहपुरा)।** शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर सेवनी सूरजपुरा के ग्रामीण किसान केसरी संघ के बैनर तले जिला अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध मे प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को दिया। सेवनी सूरजपुरा के ग्रामीण कैलाश गुर्जर देवकिशन गुर्जर राधेश्याम वैष्णव जीवराज गुर्जर हेमराज गुर्जर महावीर प्रसाद तेली ओमप्रकाश तेली कैलाश साहू गोपाल साहू द्वारका प्रसाद तेली महावीर कुम्हार सुवालाल कुम्हार एवं किसान केसरी संघ के लादू बेरवा देवीलाल बेरवा सांवरलाल गुर्जर अंबालाल गुर्जर सरदारपुर छोटू लाल गुर्जर सरसूंदा मणिशंकर शर्मा सहित कई ग्रामीण क्रमिक अनशन धरने पर बैठे जिनका संघर्ष समिति की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। धरने को जिला बचाओ संघर्ष समिति संयोजक रामप्रसाद जाट सेवनी सूरजपुरा के ग्रामीण कैलाश गुर्जर राधेश्याम वैष्णव ओमप्रकाश तेली गोपाल लाल तेली छोटू लाल गुर्जर केसरी संघ जिला अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा सदस्य उदयलाल बेरवा ने संबोधित करते हुए सरकार से शाहपुरा जिले की बहाली की मांग की तथा किसानों और ग्रामीणों ने विधानसभा का घेराव करने की चेतावनी दी एवं कहा कि शाहपुरा संपूर्ण मापदंड रखने के बावजूद राजनीतिक उदासीनता के कारण जिला का दर्जा हटा दिया गया यदि शीघ्र शाहपुरा को जिले का दर्जा नहीं दिया गया तो किसान और ग्रामीण विधानसभा का घेराव कर उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर संघर्ष समिति सदस्य उदयलाल बेरवा सत्यनारायण पाठक राजेंद्र बोहरा, हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा, रामस्वरूप टेपन शहाबुद्दीन पठान, धनराज जीनगर दुर्गा लाल जोशी मदनलाल कंडारा रामप्रसाद सेन विनीत बुनकर सुरेशचंद्र घूसर, अभिभाषाक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्रप्रताप सिंह राणावत अधिवक्ता त्रिलोक चंद नौलखा दीपक मीणा विक्रम गुर्जर ताज मोहम्मद सहित कई सदस्य मौजूद रहे। जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि 3 मई को अरनिया घोड़ा के ग्रामीण राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में क्रमिक अनशन धरने पर बैठेगे। ग्रामीण क्षेत्र से ग्रामीण किसान एवं आमजन का लगातार समर्थन मिल रहा है।

## आ गई खुशखबरी: राजस्थान के 882 गांवों को मिलेगा चंबल का पानी

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा) पार्वती-कालीसिंध-चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के जरिए 822 गांवों के लोगों की प्यास बुझाने की तैयारी तेज हो गई है। परियोजना के तहत अलवर, खैरथल-तिजारा और कोटपूतली-बहरोड़ के गांवों को दो जगहों से पानी मिलेगा। पुराने अलवर जिले के 16 में से 7 ब्लॉकों में पानी भरतपुर से 200 किलोमीटर का सफर तय करके पहुंचेगा। भरतपुर से आने वाले पानी के लिए 5,372 करोड़ रुपए के टेंडर हो चुके हैं। 2 व 3 जून को निविदा प्राप्त होगी। जांच होने के बाद इसका कार्य अक्टूबर महीने में शुरू होने की संभावना है। इस काम पूरा करने के लिए विभाग ने 3 साल का समय दिया है।

वहीं, खुर्रा-चैनपुरा (करौली) से पानी दूरी तय करके नहर के जरिए 9 ब्लॉकों में मिलेगा। इसके लिए 12 फरवरी को टेंडर होने थे, लेकिन तकनीकी समस्या आने की वजह से अब ये 3,446 करोड़ रुपए के टेंडर 16 मई को होंगे। इसका काम नवंबर तक शुरू होने की उमीद है। इसका पानी 150 किलोमीटर दूरी तय करके यहां पर पहुंचेगा। यह काम पूरा चार साल में होगा।

### नहर और टनल के जरिए पहुंचेगा पानी

परियोजना का पानी कई रास्तों से होकर आएगा। इसमें सबसे ज्यादा समस्या पहाड़ी इलाकों में हैं। जहां पर नहर के जरिए पानी लाना आसान नहीं है, इसके लिए विभाग टनल के जरिए पानी लाएगा। बताया जा रहा है कि जहां-जहां पहाडी नहर के लिए अवरोध बन रही हैं। वहां पर टनल के लिए खाका तैयार किया जा रहा है। नहर का निर्माण होने के बाद इसमें पानी छोड़कर जांचा जाएगा।

### 26 शहरों में बहेगी विकास की बहार

### 18 हज़ार क़रोड़ की लागत से बनेंगे 'सैटेलाइट टाउन'

7 ब्लॉकों के गांव होंगे लाभांवित
भरतपुर के जरिए चंबल के पानी से अलवर के सात ब्लॉक बहरोड़, किशनगढ़बास, कोटकासिम, मुंडावर, नीमराणा, रामगढ़, तिजारा के 882 शहरी और ग्रामीण इलाकें के गांव लाभांवित होंगे। चंबल नहर के जरिए केवल पीने का पानी आएगा। चैनपुरा से नहर के पानी का उपयोग पीने और खेती के लिए हो सकेगा। गांवों में टंकियों के निर्माण सहित विभाग कई तैयारियों में जुटा हुआ है।

अलवर से खुर्रा- चैनपुरा (करौली) की दूरी- 150 किलोमीटर
धमरेड़ बांध से नटनी के बारां तक- 45 से 50 किलोमीटर
नटनी के बारां से जयसमंद बांध- 12 किलोमीटर
नटनी के बारां से लेकर रूपारेल सहित घाट बांध- 40 किलोमीटर
चंबल परियोजना(भरतपुर) की दूरी- 200 किलोमीटर
अलवर को चंबल परियोजना के जरिए 9 ब्लॉकों के 882 गांवों को लाभ मिलेगा।

# शाहपुरा में अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल सुधार को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक, नई टंकी और पाइपलाइन नेटवर्क पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** शहर में अटल मिशन फॉर रीजुवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन 2.0 योजना के तहत पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़, सुव्यवस्थित और भविष्य की ज़रूरतों के अनुरूप बनाने के लिए शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में सुबह 10:30 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति महोदय ने की, जिसमें जलदाय विभाग के सहायक अभियंता शिवराज भील, कनिष्ठ अभियंता गौरव शर्मा, एवं शहर के विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहे।

बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों ने अपनी सर्वे रिपोर्ट्स प्रस्तुत करते हुए बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शाहपुरा में लगभग 40 किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाने की योजना है। इस रिपोर्ट के अनुसार, शहर के कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ अभी तक पेयजल पाइपलाइन नहीं पहुँची है। इन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि सभी नागरिकों को समान रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान में शाहपुरा की जनसंख्या लगभग 35,000 है और आने वाले वर्षों में जनसंख्या और जल की माँग में उल्लेखनीय वृद्धि संभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए योजना में 250 किलोलीटर क्षमता वाली एक नई उच्च जलाशय (ओवरहेड टैंक) के निर्माण का भी प्रस्ताव है। यह टंकी मौजूदा महलों के चौराहे पर स्थित टंकी से अलग स्थान पर बनेगी और आगामी वर्षों में शहर के विस्तार को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई है। जलाशय निर्माण के लिए आसींद रोड और कर्मचारी कॉलोनी के सामने के क्षेत्र को तकनीकी रूप से उपयुक्त पाया गया है, जहाँ विभाग की टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर मूल्यांकन किया है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अमृत 2.0 योजना का वर्क ऑर्डर शीघ्र ही जारी होने वाला है, जिससे कार्य जल्द प्रारंभ होने की संभावना है। वर्तमान में शहर में नवीन सड़क निर्माण कार्य भी जारी है, और जलदाय विभाग इस समन्वय को ध्यान में रखते हुए उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देगा जहाँ निकट भविष्य में सड़कें बननी हैं, ताकि पहले पाइपलाइन का कार्य पूरा हो जाए और बाद में नई सड़कों को तोड़ने की आवश्यकता न पड़े। जलदाय विभाग और नगर परिषद मिलकर इस योजना को समन्वय और तकनीकी दक्षता के साथ क्रियान्वित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, ताकि नागरिकों को स्थायी और बाधारहित जल सेवा मिल सके। योजना के अंतर्गत पुरानी, क्षतिग्रस्त, रिसाव वाली एसी प्रेशर व पीवीसी पाइप लाइनों को हटाकर उन्हें नई, टिकाऊ और मजबूत पाइपों से बदला जाएगा। इससे बार-बार होने वाले लीकेज की समस्या समाप्त होगी और पानी की बर्बादी भी रुकेगी।अमृत 2.0 योजना का मुख्य उद्देश्य है—शहर के हर घर तक स्वच्छ, पर्याप्त और सतत पेयजल की पहुँच सुनिश्चित करना। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभाग दीर्घकालिक सोच, तकनीकी मजबूती और नागरिक हितों को केंद्र में रखते हुए कार्य कर रहा है।

## कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में रुकवाया 16 वर्षीय नाबालिक बालिका का बाल विवाह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि गुरुवार को बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, सृष्टि सेवा समिति, तहसीलदार एवं लाडपुरा एवं कुन्हाड़ी थाना पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में 16 वर्षीय नाबालिक बालिका का बाल विवाह रुकवाया । बाल विवाह रुकवाने गई टीम में बाल अधिकारिता विभाग के संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा, संजय मेहरा, सृष्टि सेवा समिति के जिला समन्वयक भूपेंद्र सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन के कोऑर्डिनेटर नरेश मीणा, काउंसलर महिमा पांचाल, सुपरवाइजर श्रुति शर्मा, जयवीर खटाना, सौरभ मेहरा, नायाब तहसीलदार जानकी लाल मीना, कुन्हाड़ी थाने से सहायक उप निरीक्षक लटुरलाल उपस्थित रहे। संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि बालिका के विद्यालय के दस्तावेज देखे गए जिसमें बालिका 16 वर्ष की पाई गई मौके पर टीम जब बालिका के घर गई तो बालिका का लगन कार्यक्रम 30 तारीख को हो चुका था तथा 4 मई तारीख को शादी थी बालिका की तेल की रस्म हो गई थी टीम को देखकर परिवार वालों में हड़कंप मच गया। बालिका के परिवारजन को नायब तहसीलदार द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत पाबंद किया गया। बालिका के विवाह की प्रबल आशंका को देखते हुए टीम ने बालिका को अपने संरक्षण में लिया और बालिका को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, सदस्य बाबूलाल मेहरा, ऋषभ जैन, अंजुमन बानो के समक्ष पेश किया गया और बालिका को राजकीय बालिका ग्रह में अस्थाई आश्रय दिया गया।

## नाबालिक बालिका को 24 घंटे में किया दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ।** लाखेरी थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिक बालिका को 24 घंटे में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। थानाधिकारी सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि फरियादी बालिका के पिता ने 1 मई गुरुवार को थाने में आकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए नाबालिक को शीघ्र दस्तयाब करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, नरेन्द्र कुमार नागर पुलिस उपाधीक्षक तथा थानाधिकारी सुभाष चंद शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बालिका की तलाशी हेतु सवाईमाधोपुर, दौसा, भरतपुर, सीकर जयपुर सहित अन्य कई शहरों में जानकारी जुटाई, वही विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिक बालिका को 24 घंटे के भीतर जयपुर से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सुभाष चंद शर्मा, हेड कांस्टेबल टीकम सिंह तकनीकी विशेषज्ञ, हेड कांस्टेबल सोहन लाल, महिला कांस्टेबल मंजू देवी, कांस्टेबल राजेश, राधेश्याम सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जागरूकता शिविर आयोजन 5 मई को

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार 5 मई को अरबन हाट वैशाली नगर में किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक धमेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को संपूर्ण देश में लागू किया गया है। इस योजना में 18 श्रेणियां मुख्यत है। इसमें सुथार, खाती, बढ़ई, हथौड़ा एवं औजार निर्माण, तालासाज, मुर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाले, सुनार, कुम्हार, चर्मकार अथवा मोची, राजमिस्त्री, झाड़ू, चटाई और टोकरी निर्माण, खिलौना निर्माण, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं फिश नेट निर्माता आदि 18 पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों एवं शिल्पकारों को लाभ दिया जाएगा। योजना की विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी के लिए सोमवार 5 मई को प्रात: 10 बजे से अरबन हाट वैशाली नगर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सहायक प्रशासनिक अधिकारी बेरवा को सेवानिवृत्ति पर दी भव्य विदाई



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय तहसील कार्यालय में नियुक्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिट्ठू लाल बेरवा को सेवानिवृत्ति पर भव्य स्वागत सत्कार के साथ विदाई दी गई।

स्थानीय तहसील परिसर में आयोजित समारोह में सहायक प्रशासनिक अधिकारी मिट्ठू लाल बेरवा का तहसीलदार श्रृद्धा सिंह सहित स्टाफ गण मय बार एसोसिएशन द्वारा अलग-अलग साफ़ा बंधवाकर व माल्यार्पण कर उपहार देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्रृद्धा सिंह सहित स्टाफ गणों द्वारा सेवानिवृत्त श्री बेरवा के कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा, कर्मठता, परिश्रम से सेवाएं प्रदान करने पर सराहना और प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर बेरवा ने एक करंज का पौधा लगाकर व हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए सरवाड़ तहसील क्षेत्र के गोयला निवासी महेन्द्र कुमार रेगर ने भी एक पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आव्हान किया। सेवानिवृत्त बेरवा एवं नव चयनित भारतीय प्रशासनिक अधिकारी रेगर ने ग्राम-नागोला पहुंच कर जय अम्बे लाईब्रेरी का अवलोकन कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विघार्थियों को सफल होने के लिए विभिन्न टिप्स बताए। नागोला में इस अवसर पर पूर्व व्याख्याता रामगोपाल बैरवा, पंचायत समिति सदस्य भवानी शंकर बैरवा, बैरवा विकास समिति के अध्यक्ष नोरत मल बैरवा, उप प्रधानाचार्य लाला राम रेगर, बडला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य वेद प्रकाश, वार्ड पंच रामधन बेरवा, किशन लाल बेरवा, राम चंद्र बेरवा सहित बड़ी तादाद में अधिकारी, कर्मचारी मय ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित

## जिला कलक्टर ने नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और जनजागरूकता बढ़ाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन सेण्टर (एनसीओआरडी) समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशे की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण और नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे पूर्व की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई । संदिग्ध क्षेत्रों पर प्रभावी कार्यवाही कर आमजन में विश्वास उत्पन्न किया जाए। सूचना तंत्र को सुदृढ़ किया जाए एवं विभाग आपस में सूचनाओं का आदान प्रदान करें। नशे के विरूद्ध अभियान तेजी लाने के साथ में पहले की तुलना में कार्यवाही बढ़ाएं। बैठक में पुलिस, आबकारी, चिकित्सा, शिक्षा और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। पुलिस विभाग ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और ड्रग्स सप्लाई चेन को जड़ से खत्म करने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाएं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों को भी नियमित निरीक्षण किया जाए।

शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विशेष सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अलावा माता-पिता और अभिभावकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि वे बच्चों में हो रहे किसी भी बदलाव को समय रहते पहचान सकें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर्स के स्टॉक की लगातार जांच की जानी चाहिए। दवा की दुकानों पर साइकोट्रॉपिक एवं शेड्यूल एच ड्रग्स की बिक्री बिना चिकित्सकीय पर्चे के न हो। टर्माडोल और कोडीन के दुरुपयोग को रोकने के लिए आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। दवाई विक्रेता द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा एवं समाज कल्याण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर जागरूकता लाने के निर्देश दिए। ड्रग फ्री केम्पस के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। कोटपा एक्ट के अर्न्तगत भी कार्यवाही करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़, नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्युरो के अधिकारी, जीआरपी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा, वृताधिकारी रामावतार चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना रंगा, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक जय प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आर्यिका आदिमति माताजी का दो दिवसीय नवां समाधि दिवस मनाया धूमधाम से, शांति मण्डल विधान में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में आर्यिका रत्न आदिमति माताजी का नवां समाधि दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें समाज द्वारा आर्यिका आदिमति माताजी की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा स्थापित की। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आर्यिका श्रुतमति, सुबोधमति एवं आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में पण्डित विधानाचार्य सुनीलकुमार शास्त्री, मनीष गोधा फागी एवं अशोक भाणजा के निर्देशन में गाजे बाजे से नवीन वेदी में आर्यिका आदिमति माताजी की प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें मुर्ति पुण्यार्जक जयकुमार, सुनील कुमार, विनय कुमार, शिखर जैन व नवीन जैन चकवाड़ा को सोभाग्य मिला। इस दौरान वेदी पुण्यार्जक का सोभाग्य सुनील जैन पंसारी जयपुर को मिला। वेदी का पट खोलने का सोभाग्य विमल जैन, महेन्द्र जैन व सक्षम जैन उरसेवा को मिला। हितेश छाबड़ा ने बताया कि आदिमति माताजी के नवें समाधि दिवस पर 9 शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किए गए जिसमें सोधर्म इन्द्र बनने का सोभाग्य अशोक जैन कलकत्ता को प्राप्त हुआ। विधान की शुरुआत समाजसेवी दिनेश चंवरिया, महावीरप्रसाद पराणा, महेन्द्र चंवरिया एवं महावीरप्रसाद पहाड़ी ने भगवान शांतिनाथजी के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान विधान में इन्द्र बनने का सोभाग्य महावीरप्रसाद पहाड़ी, राजेन्द्र बगड़ी, नेमीचंद सिरस, राजकुमार जैन फागी, कन्हैयालाल जैन, संजय जैन, माणकचन्द सेदरिया एवं अरुण लटुरिया को मिला।

इस दौरान इन्द्र इन्द्राणियों ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। विधान में श्रद्धालुओं ने 130 श्रीफल मण्डल पर चढ़ाकर जिन धर्म प्रभावना की। उन्होंने बताया कि समाधि दिवस के उपलक्ष्य पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता प्रतिभागियों को मेड़ता गुरु भक्त परिवार एवं आशा जैन लटुरिया द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महावीरप्रसाद पराणा, दिनेश चंवरिया, महेन्द्र चंवरिया, मोहित चंवरिया, शंभू कठमाणा, पारस जैन, राजेन्द्र जैन, सुनील जैन, त्रिलोक जैन, अतुल ठोलिया, मनीषा पहाड़ी, ममता जैन, सीमा जैन, इन्द्रा जैन, अमिता चंवरिया, अर्चना जैन, प्रियंका पराणा, शोभा जैन, सलोनी जैन, नीतू जैन, मंजू जैन रानी जैन व दीपा जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## अवैध खनन पर विशेष चौकसी बरतते हुए सख्त कार्रवाई करें : डॉ. सौम्या झा




बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अवैध खनन, भंडारण व परिवहन की रोकथाम के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में राजस्व, पुलिस, खनिज, वन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने खनिज विभाग के सहायक अभियंता सोहनलाल सुथार को निर्देश दिए कि वे राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग के सहयोग से अधिकाधिक अवैध खनन कर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उपखंड अधिकारी उनियारा को दूरभाष पर बनेठा क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं पत्थरों के परिवहन को रोकने के लिए बनाए गए नाकों पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला वन अधिकारी मरिय शाइन ए को वन क्षेत्र में गश्त बढ़ाने पर जोर दिया।

जिला कलेक्टर ने सहायक खनिज अभियंता को धारा 177 के तहत दर्ज प्रकरणों की समस्त डिटेल आगामी सात दिवस में देने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, कहा कि माइनिंग एरिया में लीज धारकों द्वारा कराया जाने वाले 30 प्रतिशत वृक्षारोपण कार्य की सुनिश्चिता की जाएं। इसका प्लान बनाकर प्रस्तुत करें। जिला कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी संपत राम वर्मा को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के उपयोग में ली जा रही मशीनों को सीज किया जाए। बैठक में एडीएम रामरतन सौंकरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर निकाली वाहन रैली



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भगवान परशुराम सेना एवं सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष मीत गौतम व उपाध्यक्ष महावीरप्रसाद गौतम के नेतृत्व में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारों से आस-पास का वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस दौरान वाहन रैली निकाली गई। जिसमें समाज के सैंकडों लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। वाहन रैली को जगह-जगह स्वागत एवं सत्कार किया गया। सैकड़ों की संख्या में विप्र बंधुओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया एवं सैंकडों श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के भोग लगाकर प्रसादी का आनंद लिया।

## सरवाड़ पुलिस ने चलाया संदिग्धो के खिलाफ धर पकड़ अभियान

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/सरवाड़ ( इक़बाल अहमद )।** अजमेर जिले पुलिस थाना सरवाड़ ने धरपकड़ अभियान से दरगाह क्षेत्र में खलबली मच गई।पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान को तेज गति दी गयी। पुलिस ने दरगाह क्षेत्र में व आसपास में रहने वाले संदिग्ध लोगों को पकड़ कर थाने ले जाकर उनसे पूछताछ की जा रही।केकड़ी उपअधीक्षक हर्षित शर्मा के निर्देशन में ओर सरवाड़ थाना अधिकारी जगदीश चौधरी की अगुवाई में संदिग्ध लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा दरगाह बाजार,मामू साहब ओर कर्बला,सापला गेट,दरगाह के आसपास रहने वाले बाबा लोगो को पुलिस थाने ले गयी और उनके डोकोमेंट बारीकी से जांच रही है।कल सुबह लगभग 80 से 90 बाबा लोगो को ओर एक दर्जन के आसपास महिलाओ थाने लाकर उनसे पूछताछ कर रही ओर उनके डोकोमेंट चेक किये जा रहे।तो वही पुलिस कांस्टेबल सापला गेट पर सन्दिग्ध दिखाई देने पर महिला और उसके पति से उसके बारे में पूछताछ की ओर साथ ही उनके आधार कार्ड पहचान पत्र चेक किया गया।सरवाड़ पुलिस सन्दिग्ध लोगो पर पैनी नजर बनाए हुए है।

## परिवादी को समय पर मिले न्याय- डॉ. सिद्धार्थ शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्यामाप्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में अधिवक्ताओं द्वारा एडीओ समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. सिद्धार्थ शर्मा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि परिवादी को समय पर न्याय मिले। जिसके लिए बार एवं बैंच कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लोगों को सच्चा व सरल न्याय दिलवाएं। जिससे न्यायालय के प्रति लोगों मे विश्वास कायम रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलि मीना, डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा, निवाई थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा, सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट बनवारीलाल यादव, एडवोकेट सीताराम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जाट, शिवप्रसाद चौधरी, रामअवतार शर्मा, सतीश शर्मा, हनुमान सिंगवाडिया, डॉ. तेजभंवर सिंह, दयाराम गुर्जर, मुकेश बेनीवाल, अंकित जाट व रामजीलाल जाट सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

# दमकती त्वचा के लिए अपनी डाइट में आज ही जोड़ें ये चीजें



हर लड़की का सपना होता है कि उसकी त्वचा निखरी और दमकती नजर आए। लेकिन रोजमर्रा की भागदौड़ और गलत आहार लेने के कारण यह सपना कब टूट जाता है पता ही नहीं चलता। ऐसे में आहार को संतुलित करने और अपनी डाइट में बदलाव लाना जरूरी है। तभी आप त्वचा की अंदरूनी देखभाल कर पाएंगे। त्वचा दमकती तब नजर आएगी जब आप उसकी देखभाल भीतर से भी करेंगे और यह देखभाल उचित पोषण और खानपान के माध्यम से होगी।

### हरी सब्जियों के माध्यम से

बता दें, हरी सब्जियां जैसे- मेथी, पालक, लौकी, तोरई आदि त्वचा के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इन सब्जियों के अंदर एंटीऑक्सीडेंट, आयरन और विटामिन जैसे- ए सी आदि भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ऐसे में इनके सेवन से न केवल खून साफ होता है बल्कि यह चेहरे पर चमक बनाए रखने में बेहद मददगार है। अगर आप हरी सब्जियों का सेवन नहीं कर सकते तो आप इनका रस भी पी सकते हैं।

### ग्रीन टी को जोड़ें

हरी चाय, यह हर्बल चाय बेहद फायदेमंद है। इसके अंदर भी कई विटामिंस, ऑक्सीडेंट तत्व मौजूद होते हैं जो त्वचा की रक्षा करने में बेहद मददगार हैं। अगर आप इनका सेवन करते हैं तो यह त्वचा को सनबर्न और दाग धब्बों से बचाते हैं। साथ ही ग्रीन टी के सेवन से वजन भी कम होता है तो यह हर प्रकार से सेहत के लिए एक अच्छा विकल्प है। आप आकर्षक निखार और फिट रहने के लिए ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं।

### मछली है त्वचा के लिए अच्छी

ध्यान दें कि मछली के अंदर ओमेगा-3 भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। मछली को अपनी लाइफ में दौड़ने से ना केवल त्वचा खिली हुई नजर आती है बल्कि स्वस्थ भी बनी रहती है। साथ ही ये बालों को भी काला और घना बनाने में मदद करती है। अगर आप फ्री रेडिकल से बचना चाहते हैं और त्वचा को चमकदार बनाना चाहते हैं तो आप अपनी डाइट में मछली को शामिल कर सकते हैं।

### ब्राउन राइस बेहद फायदेमंद है

खाद्य पदार्थ के रूप में जाने जाने वाली ब्राउन राइस त्वचा को स्वस्थ बनाने में भी बेहद



उपयोगी है। बता दें इसके अंदर लिपिड्स मॉलिक्यूल मौजूद होता है जो न केवल त्वचा में नमी बनाए रखता है बल्कि इसके अंदर पाए जाने वाला कैरामिड्स त्वचा में नई उर्जा प्रदान करता है। ऐसे में आप अपनी त्वचा को हेल्दी बनाने के लिए अपनी डाइट में ब्राउन राइस को जोड़ सकते हैं।

### त्वचा के लिए दाल खाएं

बता दें कि दाल के अंदर भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है और शरीर के लिए प्रोटीन बेहद जरूरी है। प्रोटीन की कमी शरीर में कोशिकाओं को क्षति पहुंचा सकती हैं। चूंकि प्रोटीन से नई कोशिकाएं बनती है ऐसे में इसके माध्यम से चेहरे की त्वचा पर ग्लो आता है। हम कह सकते हैं कि दाल के सेवन से त्वचा पर निखार आ सकता है इसीलिए आप अपनी डाइट में दाल को जरूर जोड़ें।

### नींबू है बेहद फायदेमंद

पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और कब्ज जैसी समस्या को दूर करने में नींबू एक वरदान की तरह है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू चेहरे के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। नींबू के अंदर विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में अपने आहार में नींबू को जरूर शामिल करें। विटामिन सी शरीर में गंदगी को बाहर निकालने और चेहरे पर निखार लाने के लिए बेहद जरूरी तत्व है। ऐसे में आप नींबू के रस का सेवन गर्म पानी के साथ करें। इसके अलावा आप सलाद में भी नींबू को छोड़कर इसका सेवन कर सकते हैं।

### चेहरे के लिए अनार है जरूरी

बता दें कि अनार के अंदर एंटीऑक्सीडेंट तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। ऐसे में इसके सेवन से शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। साथ ही खून की मात्रा भी बढ़ जाती है। अगर शरीर पर किसी भी तरह का घाव या चोट लग जाए तो अनार के सेवन से इस घाव को जल्दी भरा जा सकता है। इसके सेवन से त्वचा पर लालिमा छा जाती है।

### सूखे मेवों को जोड़ें अपनी डाइट में

बता दें कि अगर आप अपनी डाइट में किशमिश, काजू, पिस्ता या बदाम को जोड़ेंगे तो इनके अंदर पाए जाने वाले पोषक तत्व आपकी त्वचा में निखार ला सकते हैं। सबसे पहले बात करते हैं काजू कि तो काजू के अंदर विटामिन ए पाया जाता है जो त्वचा की रक्षा करता है। वहीं किशमिश के अंदर भी विटामिन ए भरपूर मात्रा में मौजूद होता है जो बढ़ती उम्र को रोकता है। अगर हम पिस्ते की बात करें तो पिस्ता के अंदर भी विटामिन पाया जाता है, जिससे त्वचा का यूवी किरण कुछ नहीं बिगाड़ पा सकता। साथ ही यह एंटीऑक्सीडेंट का एक प्रमुख स्त्रोत है, जिससे बढ़ती उम्र को रोका जा सकता है। उनके अंदर भी प्रोटीन और फैट मौजूद होते हैं जो न केवल शरीर की रक्त में हीमोग्लोबिन को भी बढ़ाते हैं।



# पेट की चर्बी कम करने के लिए सेब के सिरके का करें आप इस्तेमाल

वेट लॉस के लिए सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर बहुत फायदेमंद है। आप अगर सही तरीके से वजन कम करने के लिए एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करते हैं, तो आपका वेट ही कंट्रोल नहीं होता बल्कि इससे आपके पेट की चर्बी भी कम होती है। 100 ग्राम सेब के सिरके में लगभग 22 कैलोरीज होती हैं। सुबह खाली पेट एक गिलास पानी में एक छोटा चम्मच सेब का सिरका मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है, साथ ही पेट की चर्बी भी कम होती है। सेब के सिरके में मौजूद असेटिक एसिड पेट की चर्बी कम करने में सबसे अहम भूमिका निभाता है। सेब के सिरके के सेवन से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। सेब के सिरके का सेवन कभी भी अकेले न करें, बल्कि पानी में मिलाकर सही मात्रा में ही इसका सेवन करें। कई लोग खाली पेट भी सिरके को पीते हैं लेकिन ऐसा जरूरी नहीं कि सभी लोगों को सिरका डाइजेस्ट हो जाए। ऐसे में खाना खाने के बाद भी एप्पल साइडर विनेगर को पी सकते हैं।

# सुबह खाली पेट कलौंजी खाने से मिलते हैं ये फायदे

भारतीय घरों में कई तरह के मसालों का इस्तेमाल होता है। यह मसाले न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी माने जाते हैं। जीरा, अजवाइन और कलौंजी ऐसे मसाले हैं, जो काफी ज्यादा यूज किए जाते हैं। कलौंजी जिसे कई लोग काला जीरा बी कहते हैं। लगभग हर किचन में आपको आसानी से मिल जाएगा। यह न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इससे आपके शरीर को कई फायदे होते हैँ। सुबह खाली पेट अजवाइन का सेवन करने से स्वास्थ्य को अनेकों लाभ मिल सकते हैं। कलौंजी का बीज फाइबर, अमीनो एसिड, विटामिन बी, विटामिन बी 12, नियासिन और विटामिन सी जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका तेल अन्य तेल की तुलना में अधिक लाभकारी होता है। क्योंकि यह कई आवश्यत तत्वों जैसे- फैटी एसिड, विटामिन और खनिज से भरपूर होता है।



**याददाश्त बढ़ाने में असरदार :** खाली पेट कलौंजी के बीजों का सेवन करने से आपकी याददाश्त क्षमात बढ़ती है। अगर आप मस्तिष्क विकास को बेहतर करना चाहते हैं, तो खाली पेट शहद और कलौंजी के बीजों का सेवन करें। इससे आपका मस्तिष्क विकास बेहतर होगा। बुजुर्ग और छोटे बच्चों को कमजोर याददाश्त में सुधार करने के लिए कलौंजी और शहद खाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा आयुर्वेद में पुदीने की पत्तियों के साथ कलौंजी के बीजों का सेवन करने की सलाह दी हाती है, जो आपकी याददाश्त को बढ़ा सकता है। साथ ही यह अल्जाइमर रोग जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों से बचाव करने में आपकी मदद करता है।

**ब्लड प्रेशर को करे नियंत्रित :** ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में कलौंजी आपके लिए जादू की तरह कार्य कर सकता है। यह ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव को कंट्रोल करता है। हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित रोगियों को नियमित रूप से खाली पेट गुनगुने पानी के साथ कलौंजी का तेल पीने की सलाह दी जाती है।

**दांतों को बनाए मजबूत :** शारीरिक परेशानियों को दूर करने के साथ-साथ कलौंजी का इस्तेमाल दांतों की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा सकता है। अगर आपके मसूड़ों में खून आता है या फिर आपके दांत कमजोर हैं, तो कलौंजी आपके लिए रामबाण साबित हो सकता है। ओरल हेल्थ के लिए आप कलौंजी के तेल को सुबह और शाम दांतों पर लगाएं। इसके अलावा आप खाली पेट गुनगुने पानी में कलौंजी को उबालकर इसका सेवन भी कर सकते हैं। इससे आपके मसूड़ों को काफी लाभ पहुंच सकता है।

**ब्लड शुगर करे कंट्रोल :** खाली पेट कलौंजी के बीजों का सेवन करने से टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को कम किया जा सकता है। इसके सेवन से आप ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकते हैं। डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए सुबह खाली पेट कलौंजी से तैयार ब्लैक टी का सेवन करें। इससे आपको काफी लाभ हो सकता है।

**दिल को रखे स्वस्थ :** दिल को स्वस्थ रखने में कलौंजी काफी असरदार हो सकता है। यह शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में आपकी मदद करता है। अगर आप बेहतर रिजल्ट चाहते हैं, तो कलौंजी के तेल का सेवन दूध के साथ करें। इससे आपका हार्ट हेल्दी रहेगा।

**अस्थमा में दिलाए राहत :** बढ़ते प्रदूषण की वजह से इन दिनों अस्थमा की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ रही है। अगर आप अस्थमा रोगी हैं, तो आपके लिए कलौंजी एक शक्तिशाली औषधि साबित हो सकता है। इसलिए लिए रोजाना सुबह गर्म पानी में कलौंजी और शहद मिलाकर पिएं। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

**वजन घटाने में असरदार :** सुबह खाली पेट कलौंजी का सेवन करने से आपका वजन भी घट सकता है। दरअसल, अगर आप स्लिम और ट्रिम दिखना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने की जरूरत है। कलौंजी की चाय मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में असरदार हो सकता है। ऐसे में कलौंजी के सेवन से आपका वजन घट सकता है।

**सूजन को कर सकता है कम :** कलौंजी के बीजों में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाया जाता है, इसमें विभिन्न पुराने से पुराने सूजन को कम करने का गुण होता है। यह ज्वाइंट्स में होने वाली परेशानियों को कम करने में असरदार हो सकता है। अर्थराइटिस के रोगियों को रोजाना खाली पेट कलौंजी का तेल सेवन करने की सलाह दी जाती है।

**किडनी की करे सुरक्षा :** कलौंजी में ब्लड शुगर, सीरम क्रिएटिनिन के स्तर और ब्लड यूरिया के स्तर को कम करने का गुण होता है। यह मधुमेह की वजह से किडनी में होने वाली जटिलताओं को कम करने में असरदार है। किडनी पथरी और इससे जुड़ी अन्य परेशानी को कम करने के लिए खाली पेट कलौंजी का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**कैंसर रोधी गुण :** कलौंजी एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो कैंसर पैदा करने वाले फ्री रेडिकल्स के असर हो कम कर सकता है। खाली पेट कलौंजी का सेवन करने से स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, फेफड़ों के कैंसर और अग्नाशय के कैंसर से बचाव करने में आपकी मदद कर सकता है।


# गर्मी में ग्लोइंग स्किन के लिए डाइट में जरूर शामिल करें फल और सब्जियां

गर्मियों में हमारी त्वचा चिपचिपी और बेजान नजर आती है। ऐसे में लोगों की इच्छा होती है उनकी त्वचा में फ्रेशनेस आए। ताजगी से भरपूर चमकती दमकती त्वचा पाने के लिए लोग न जाने कितने महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स खरीद लेते हैं और जब फायदा नहीं होता तो वे दुखी हो जाते हैं और अपने चिपचिपे चेहरे को स्वीकार कर लेते हैं। अगर आप भी इन लोगों में से एक तो अब दुखी होने की जरूरत नहीं है। गर्मियों में अगर आप अपनी त्वचा को फ्रेश और चमकदार बनाना चाहते हैं तो अपनी डाइट में थोड़ा सा बदलाव करके आप अपनी इच्छा को पूरा कर सकते हैं।

**चुकंदर का उपयोग :** चुकंदर हो या चुकंदर का जूस, दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। ऐसे में इसके सेवन से चिपचिपी त्वचा को गूर किया जा सकता है। इसके अंदर पाए जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट त्वचा के लिए एंटी एजिंग एजेंट के रूप में कार्य करते हैं। ऐसे में आप नियमित रूप से चुकंदर के रस का सेवन कर सकते हैं। ऐसा करने से ना केवल झुरिया दूर होंगी बल्कि दाग धब्बे भी कम हो जाएंगे।

**टमाटर का उपयोग :** ब्लड सेल्स को बचाने में टमाटर एक बेहतर विकल्प है। इसके अंदर भरपूर मात्रा में लाइकोपिन पाया जाता है जो ना केवल त्वचा को सूरज की किरणों से बचाता है बल्कि झुर्रियों को बढ़ने से भी रोकता है। ऐसे में नियमित रूप से टमाटर का सेवन करना अच्छा विकल्प है। आप टमाटर को सलाद के रूप में या टमाटर को सब्जी के रूप में अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**लौकी का उपयोग :** लौकी के अंदर अधिक मात्रा में पानी पाया जाता है। साथ ही इसके अंदर कैलोरी की मात्रा कम है। इसीलिए



गर्मियों में ज्यादा से ज्यादा लौकी खाना एक अच्छा विकल्प है। आप लौकी का सेवन सब्जी के रूप में, रायते के रूप में या खीर के रूप में कर सकते हैं।

**खीरे का उपयोग :** खीरा त्वचा को ठंडक पहुंचाता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक के रूप में भी किया जाता है। इसमें पानी की भरपूर मात्रा होती है। यह त्वचा को हाइड्रेट रखने में बेहद मददगार है। ऐसे में आप गर्मियों में चिपचिपी और बेजान त्वचा से छुटकारा पाना चाहते हैं तो खीरे को अपनी डाइट में शामिल करें।

**एवॉकाडो का उपयोग :** एवॉकाडो के अंदर एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो न केवल त्वचा को मॉइश्चराइज करते हैं बल्कि अगर कोई व्यक्ति इसका नियमित रूप से सेवन करता है तो बढ़ती उम्र के लक्षण जैसे- झुर्रिया, दाग धब्बे, आंखों के नीचे डार्क सर्कल आदि समस्याएं दूर हो जाती हैं।

# फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना करें ये योगासन

सर्दियों में पराली जलाने से प्रदूषण स्तर बढ़ जाता है। वायु की गुणवत्ता खराब होने के चलते दिल और फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है। इससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर अस्थमा और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह मौसम बेहद कठिन होता है।

इस मौसम में सेहतमंद रहने के लिए सेहत पर विशेष ध्यान देना पड़ता है। डॉक्टर्स हमेशा सर्दियों में सेहतमंद रहने के लिए शरीर को हायड्रेट रखने की सलाह देते हैं। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन बाहर निकल जाता है। साथ ही डाइट में मौसमी फलों और सब्जियों को भी शामिल करें। वहीं, फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना एक्सरसाइज और योग जरूर करें। योग के कई आसन हैं। इनमें भस्त्रिका प्राणायाम, धनुरासन और ताड़ासन फेफड़ों के लिए बेहद फायदेमंद योगासन हैं। इन्हें करने से फेफड़ा स्वस्थ रहता है।

**भस्त्रिका प्राणायाम करें :** भस्त्रिका प्राणायाम करने से शरीर में ऑक्सीजन का संचार तीव्र गति से होता है और कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर कम होता है। इससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। इस योग को करने से गले से संबंधित सभी तकलीफें खत्म हो जाती हैं। योग विशेषज्ञ फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम करने की सलाह देते हैं।

**कैसे करें भस्त्रिका प्राणायाम :** इसके लिए स्वच्छ वातावरण में पद्मानस की मुद्रा में बैठकर गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एक सीध में रखें। अब लंबी सांस लेकर फेफड़ें में वायु को भरें। इसके बाद तेज़ी से सांस छोड़ें। इस आसन को रोजाना सुबह और शाम में जरूर करें।

# दौड़ने वाले जूतों (रनिंग शूज) को कितने दिनों में बदल देना चाहिए? लंबे समय तक एक ही जूता पहनने के नुकसान

आप अपने वर्कआउट के दौरान खासकर कि रनिंग के समय जो जूते पहनते हैं वह आपने कितने समय से नहीं बदले हैं? क्या आपको लगता है कि वह अभी भी बिल्कुल सही है क्योंकि वह कहीं से फटे नहीं हैं। तो यह सोच बिल्कुल सही नहीं। रनिंग शूज़ दरअसल थोड़े समय के बाद नीचे से घिसना शुरू कर देते हैं। कई लोग काफी समय तक एक प्रकार के जूते ही प्रयोग करते रहते हैं। जोकि आपके पैरों के लिए भी अच्छा नहीं है। इसलिए आपको जूते फटने या घिसने से पहले ही अपने नए जूते खरीद लेने चाहिए। यदि आप उनसे 500-600 किलोमीटर तक चल चुके हैं यानी 4 से 6 महीने के समय में आपको जूते बदल लेने चाहिए।

**आपके जूते भी फटते या घिसते हैं :** सबसे पहले आपको यह जान लेना चाहिए कि आपके जूते समय के साथ कमजोर हो जाते हैं और वह घिसना शुरू हो जाते हैं। इसके पीछे का एक कारण यह भी है कि जब आप भागते हैं तो रोड के फ्रिक्शन के कारण भी जूते धीरे धीरे पहनने



लायक नहीं बचते हैं। इसलिए आपके लिए एक समय के अंतराल के बाद जूते बदलना काफी आवश्यक हो जाता है।

**पुराने जूतों से पैर में चोट पहुंच सकती है :** अगर आप अधिक समय पुराने जूतों में ही भागते हैं तो इससे आपके पैर को चोट पहुंचने का रिस्क काफी अधिक बढ़ जाता है। जब आपका जूता आपके पैर और आपके शरीर को उठाने की क्षमता खो देता है तो इसका अर्थ है कि आपके पैरों के मुलायम टिश्यू को भागने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। जिनसे उन पर अधिक प्रेशर पड़ता है। इससे आपके पैर और जोड़ों में काफी अधिक दर्द होना शुरू हो जाता है। आपके पैर के टिश्यू में सूजन भी आ सकती है।

**आपको जूते पहनने के बाद काफी दर्द महसूस करने को मिलता है :** जब आप वह जूते पहन कर भागते हैं तो आपको काफी तकलीफ महसूस होती है। आपको घुटनों में भी दर्द महसूस होता है। आप अपने पैरों की ऐसी खराब स्थिति देखकर समझ जायें कि अब आपको इन्हें बदलने की जरूरत है।

**आपके जूते देखने में भी काफी खराब लगते हैं :** अब आपके जूतों की हालत ऊपर से भी काफी खराब हो गई है और कोई भी व्यक्ति उन्हें देख कर बता सकता है की आपको इन्हें बदल लेना चाहिए।

# वेट लॉस में बेहद असरदार है भीगा हुआ मुनक्का

स्वाद में मीठा मुनक्का हल्के भूरे रंग का होता है जिसे किशमिश की तरह अंगूर को सुखाकर बनाया जाता है। मुनक्का पौष्टिक तत्वों का खजाना है जिसमें भरपूर कैल्शियम, विटामिन और मिनिरल्स पाए जाते हैं, जो बॉडी को एनर्जेटिक बनाए रखते हैं। मुनक्का का स्वाद खाने में बेहद अच्छा लगता है, साथ ही इससे पाचन भी दुरुस्त रहता है। इसका सेवन करने से बॉडी में खून की कमी पूरी होती है। मुनक्का आंखों की सेहत का भी ध्यान रखता है। अगर मुनक्का का इस्तेमाल भीगोकर किया जाए तो इसके फायदे दोगुने हो जाते हैं। भीगा हुआ मुनक्का खाने से दांतों की सेहत ठीक रहती है, साथ ही स्किन की समस्याओं से भी निजात मिलती है। रात को 4-5 मुनक्के को अच्छी तरह से वॉश करके एक गिलास पानी में भिगो दें और अगले दिन उसका सेवन करें। भीगा हुआ मुनक्का और उसका पानी दोनों अच्छी सेहत के लिए उपयोगी है।

**वेट लॉस करने में मददगार :** खाली पेट भीगा हुआ मुनक्का खाने से वजन को कंट्रोल किया जा सकता है। इसे खाली पेट खाने से बॉडी में दिन भर एनर्जी रहती है। इसमें पाए जाने वाले ग्लूकोस और फ्रूक्टोज से वजन कंट्रोल रहता है।

**पाचन दुरुस्त करता है :** फाइबर से भरपूर मुनक्का जब पानी में भीगो देते हैं तो इसमें फाइबर की मात्रा और बढ़ जाती है। पानी में भीगे हुए मुनक्का को खाने से कब्ज से निजात मिलती है और पाचन दुरुरस्त रहता है। सुबह-सुबह इसका सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से निजात मिलती है।



**ब्लड प्रेशर नॉर्मल करता है :** मुनक्के में पोटेशियम पाया जाता है जो शरीर में नमक की मात्रा को संतुलित करने में मदद करता है जिससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है। एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर मुनक्का खून की नलिकाओं को साफ करता है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने में मदद मिलती है।

**थकान से निजात दिलाता है :** मुनक्का ग्लूकोज और फ्रुक्टोज का कुदरती स्त्रोत है जो थकान से निजात दिलाता है। इसका संतुलित मात्रा में सेवन करने से कमजोरी दूर होती है। रोजाना सुबह मुनक्के का पानी पीना से कब्ज, एसिडिटी और थकान से निजात मिलती है। भीगे मुनक्के से आंखों की रोशनी को बढ़ाया जा सकता है। मुनक्का बालों को झड़ने से बचाने में भी मददगार है।

अपने आदर्श को पाने के लिए सैकड़ो बार असफल होने के बाद भी आगे बढ़ो।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# भीषण गर्मी के बीच बारीश का कहर...

## जयपुर समेत कई जिलों में आंधी-बारिश, पेड़ गिरे

### बिजली के पोल और सोलर पैनल धराशायी; आज भी हो सकती है ओलावृष्टि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार सुबह अचानक मौसम बदला और आंधी-बारिश हुई। जयपुर, भरतपुर, अलवर, झुंझुनूं समेत प्रदेश के कई हिस्सों में धूलभरी आंधी चली। करीब 40किमी से ज्यादा गति से चली आंधी से जयपुर में कई जगह पेड़, सोलर पैनल गिर गए। तापमान गिरने से लोगों को आज गर्मी से राहत रही। मौसम विभाग ने 3 जिले प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा को छोड़कर शेष सभी जिलों में आंधी, बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। प्रदेश में गुरुवार से हो रही बारिश का असर तापमान पर पड़ा है और कई जिलों में न्यूनतम तापमान 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। जयपुर में शुक्रवार को अजमेर रोड और खातीपुरा एरिया में तेज हवा की वजह से पेड़ गिर गया, जिससे इन जगहों पर ट्रैफिक के मूवमेंट पर प्रभाव पड़ा। इससे पहले गुरुवार रात हरमाड़ा में अंधड़ से घर की छतों और खेतों में लगे सोलर पैनल गिर गए थे।

### भरतपुर के कामां में तीन इंच बरसात

पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बरसात भरतपुर के पास कामां कस्बे में हुई। यहां 77एमएम (3 इंच) बरसात दर्ज हुई। इसी तरह झुंझुनूं के पिलानी में 20.1, जैसलमेर के सम एरिया में 31, देवीकोट में 10, जैसलमेर शहर में 14, गंगानगर में 11.5स्र्र, अलवर के राजगढ़ में 17एमएम बरसात दर्ज हुई। जयपुर, अलवर, दौसा, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा समेत कई शहरों में 1 से लेकर 10एमएम तक बारिश हुई। गुरुवार शाम जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा और पाली में आंधी के साथ बारिश हुई थी। गुरुवार को जैसलमेर के एरिया में चली तेज आंधी के कारण कई जगह बिजली के पोल गिर गए, जिससे वहां बिजली सप्लाई प्रभावित हुई।

पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो राजस्थान के शहरों में भीषण गर्मी रही। बाड़मेर, जैसलमेर में पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी जैसलमेर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में 46.1, चित्तौड़गढ़ में 45, बीकानेर में 44.9, फलोदी में 44.2, चूरू में 43.5, गंगानगर में 43.3, कोटा में 43.2 और उदयपुर में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिनभर आसमान साफ रहा और हल्की उमस रही। गुरुवार रात न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री दर्ज हुआ। सीकर में भी गर्मी तेज रही, यहां अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 41.2, अजमेर में 42.2, भीलवाड़ा में 42.4 और जोधपुर में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



## राजस्थान में चारधाम यात्रा के नाम हो रहा साइबर फ्रॉड

### फेक वेबसाइट और ऐप बनाए, सुविधा देने का करते हैं वादा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में चारधाम यात्रा के नाम पर साइबर फ्रॉड हो रहे हैं। फेक वेबसाइट और ऐप के जरिए सुविधा देने का वादा कर साइबर क्रिमिनल्स रुपए ऐंठ रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग से लेकर हेलिकॉप्टर बुकिंग व होलीडे पैकेज पर आकर्षक ऑफर देकर ठगा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय की साइबर ब्रांच की ओर से आमजन को सलाह दी है कि अधिकृत एजेंट ओर वेबसाइट से ही बुकिंग करवाए। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहें। महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन में साइबर अपराधों की प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में केदारनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर की बुकिंग, चारधाम व तीर्थ यात्रियों के लिए गेस्ट हाउस और होटल बुकिंग करने के नाम से साइबर क्रिमिनल्स की ओर से धोखाधड़ी के विभिन्न तरीके अपनाए जा रहे हैं। फेक वेबसाइट, भ्रामक सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट, वॉट्सऐप अकाउंट, टेलीग्राम और गुगल सर्च इंजन आदि के माध्यम से विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म पर विज्ञापनों द्वारा प्रचार कर लुभावने ऑफर दिए जा रहे हैं।

## रोहतक में संदीप हुड्डा बोले-नरेश टिकैत माफी मांगें : पानी रोकने पर प्रश्नचिह्न लगाना देशद्रोह

बढ़ता राजस्थान

**रोहतक ( एजेंसी )।** रोहतक में भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप हुड्डा ने किसान नेता नरेश टिकैत द्वारा दिए गए बयान की निंदा की और तुरंत प्रभाव से देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। नरेश टिकैत ने पहलगाम की दर्दनाक घटना को लेकर बयान दिया है, जिसको लेकर भाजपा नेताओं में रोष है। संदीप हुड्डा ने कहा कि नरेश टिकैत को पाकिस्तान के पक्ष में बयान देते समय शर्म आनी चाहिए थी कि वो केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान का पानी रोकने के निर्णय पर प्रश्नचिह्न लगाकर पाकिस्तान के पक्ष में बोल रहे हैं। पहलगाम घटना के बाद जब पूरा देश एकजुट होने की बात कर रहा है तो नरेश टिकैत द्वारा दिया गया बयान ऐसा लगता है, जैसे वे पाकिस्तान के सबसे बड़े हमदर्द हों।

### 28 पर्यटकों की हत्या से पूरा देश आक्रोशित

संदीप हुड्डा ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान को करारा जवाब देने की बात कर रही है। नरेश टिकैत को देश की जनता की भावनाओं के साथ खेलने का कोई अधिकार नहीं है। नरेश टिकैत ने देश की जनता को आहत किया है।

## जयपुर की होटल में जुआ खेलते 5 युवक अरेस्ट : कमरे में रुपयों का दाव लगाते मिले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर की होटल में जुआ खेलते मिले 5 युवकों को ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कमरे में रुपयों का दाव लगाते मिले पांचों आरोपी शौक-मौज के लिए जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 55 हजार रुपए जुआ रकम बरामद की है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया- जुआ खेलते आरोपी किशोर कुमार (40) व नरेन्द्र कुमार (32) निवासी शंकर नगर ब्रह्मपुरी, बादल सिंह (36) निवासी बारियो की बाग सुभाष चौक, पंकज कुमार (32) निवासी शिव शक्ति कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर और धीरज कुमार (32) निवासी गोविन्द नगर ब्रह्मपुरी को अरेस्ट किया है।

गुरुवार रात करीब 8 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रह्मपुरी इलाके में स्थित होटल रासमहल के रुम में कुछ लड़के ताशपत्ती से रुपयों का दाव लगा रहे हैं। पुलिस टीम के होटल रुम में दबिश देने पर पांचों आरोपी जुआ खेलते मिले। पुलिस ने पांचों आरोपियों को अरेस्ट किया। जिनके कब्जे से 55 हजार 300 रुपए जुआ रकम बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने नशे और शौक-मौज के लिए जुआ खेलना स्वीकार किया।

## जयपुर में पत्नी की हत्या, कट्टे में बांधकर छिपाई लाश : फिर घर जाकर बच्चों के पास सो गया पति, गृहक्लेश से परेशान था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में पति के पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। लाश को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर कबाड़ गोदाम में छिपा दिया। पत्नी की हत्या के बाद घर पर बच्चों के साथ जाकर सो गया। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने लाश मिलने पर एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में पति को राउंडअप किया है। पूछताछ में गृहक्लेश के चलते झगड़ा होने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करना कबूल किया है।

एसीपी (चौमूं) अशोक चौहान ने बताया- शुक्रवार सुबह विश्वकर्मा के बढारणा गांव में कबाड़ गोदाम में फरहीन कुरैशी (27) की लाश अर्धनग्न हालत में मिली।



## केदारनाथ धाम के कपाट खुले : 108 क्विंटल फूलों से मंदिर सजाया; पहले दिन 10 हजार लोग पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोल दिए गए। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्र और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया।

मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म श्रृंगार हटाया गया। मंदिर को 54 किस्म के 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे विभिन्न देशों से लाए गए गुलाब और गेंदा के फूल शामिल हैं। पहले दिन करीब 10 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ मैनेज करने के लिए टोकन सिस्टम से दर्शन करवाए जा रहे हैं। भक्त अब अगले 6 महीने तक दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच मौसम ठीक रहा तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है। 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुल गए हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे।

## भ्रष्टाचार के मामलों में जांच लटकाई तो अफसरों पर कार्रवाई

### पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर एक महीने में जांच करनी होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पंच, सरपंचों से लेकर सभी पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों की शिकायतों को दबाकर रखने और उन पर कार्रवाई नहीं करने पर पंचायतीराज विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। अब पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों की शिकायत मिलने पर जांच कर रिपोर्ट सौंपने की समय सीमा तय कर दी है। भ्रष्टाचार के मामलों में शिकायत मिलने पर अब एक महीने के भीतर जांच कर रिपोर्ट विभाग को भेजनी होगी। तय समय सीमा में जांच नहीं करने पर अफसरों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

पंचायती राज विभाग ने भ्रष्टाचार के मामलों को लटकाकर रखने के मामलों को देखते हुए सर्कुलर जारी किया है। विभाग के सर्कुलर के मुताबिक गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के मामलों में तय समय सीमा में जांच नहीं करने के कारण दोषी बच जाते हैं। कई बार सरंपचों और जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूरा हो जाता है। उसके बाद भी जांच नहीं होती है, इस वजह से दोषी बच जाते हैं।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

### प्रशासन की लोगों से अपील- हाईवे खुला या नहीं, स्टेटस चैक करके ही निकलें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर, यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

इससे पहल गुरुवार को पश्चिम बंगाल के संदकफू में ताजा बर्फबारी हुई। जम्मू में भारी बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने आज राजस्थान के 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## रूहअफजा की शिकायत- रामदेव ने वीडियो सिर्फ प्राइवेट किया

### चैनल के सब्सक्राइबर्स अभी भी देख सकते, रामदेव बोले- 24 घंटे में हटा देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** योग गुरु रामदेव के शरबत जिहाद मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि रूह अफजा के खिलाफ रामदेव का वीडियो यूट्यूब से हटाया नहीं गया है, बल्कि उसे प्राइवेट किया गया है यानी कि यूट्यूब चैनल सब्सक्राइबर इसे अभी भी देख सकते हैं।

रामदेव की तरफ से पेश वकील ने कहा कि कोर्ट की तरफ से दिए गए 24 घंटे के समय के भीतर वीडियो हटा दिया जाएगा। हालांकि, हमदर्द ने यह भी दलील दी कि वीडियो को आस्था चैनल पर भी दिखाया जा रहा है। इस मामले पर कोर्ट में अब 9 मई को सुनवाई होगी।

इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने योगगुरु के दूसरे वीडियो पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं।

बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को हमदर्द कंपनी का नाम लिए बिना रूह अफजा को शरबत जिहाद कहा था। इसके बाद विवाद बढ़ गया था। रामदेव ने दो वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे।

## पूर्व मंत्री गिरिजा की अर्थी को गहलोत ने दिया कंधा

### भतीजे ने दी मुखाग्नि; अंतिम संस्कार के समय 104 वेद मंत्र पढ़े गए

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** उदयपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सीनियर कांग्रेस लीडर डॉ. गिरिजा व्यास का शुक्रवार शाम अंतिम संस्कार हुआ। अशोक नगर मोक्षधाम में उनके भतीजे विवेक शर्मा ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार वैदिक विधि से हुआ, इसमें 104 वेद मंत्र पढ़े गए। इससे पहले शवयात्रा में पूर्व सीएम अशोक गहलोत समेत कई कांग्रेस-भाजपा के नेता शामिल हुए। व्यास की अर्थी को गहलोत ने भी कंधा दिया। गिरिजा व्यास ने गुरुवार शाम करीब 7:15 बजे अहमदाबाद स्थित जायडस हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली थी। देर रात उनकी पार्थिव देह उदयपुर लाई गई थी। शुक्रवार सुबह पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए उनके देत्यमगरी आवास पर रखा गया था।इ डॉ. गिरिजा व्यास 31 मार्च को घर पर गणगौर का पूजन कर रही थीं। दीपक के कारण उनकी चुन्नी में आग लग गई थी। घर में ही काम करने वाले एक व्यक्ति ने उनको संभाला था। उदयपुर में निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया था।

# अटारी बॉर्डर पर फंसे पाक नागरिकों के लिए खुला गेट

## 1008 पाक नागरिक लौटे, 1575 भारतीय भी वापस आए, कई मरीज इलाज अधूरा छोड़ लौटे

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पैदा हुए तनाव में पाकिस्तान ने एक बार फिर गेट को अपने नागरिकों के लिए खोल दिया है। बीते दिन, गुरुवार, पाकिस्तान ने गेटों को नहीं खोला था, जिसके चलते पाकिस्तानी नागरिक, जो पाक जाने के लिए अटारी बॉर्डर पहुंचे थे, वे फंस गए थे। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर बयान भी जारी किया है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय का कहना है- पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा अचानक रद्द किए जाने के कारण कई मरीज इलाज पूरा किए बिना गंभीर हालत में वाघा बॉर्डर के रास्ते वापस लौटे हैं। इस निर्णय के कारण कई परिवार जबरन बिछड़ गए, जिनमें बच्चे भी अपने माता-पिता से अलग हो गए। हालांकि वाघा सीमा से लौटने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल थी, लेकिन मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कुछ पाकिस्तानी नागरिक अभी भी अटारी बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। अगर भारतीय प्रशासन अनुमति देता है, तो हम अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार हैं। वाघा सीमा भविष्य में भी लौटने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

### पाकिस्तान ने बंद किया था गेट

गौरतलब है कि बीते कल भारत ने जम्मू-कश्मीर व अन्य राज्यों से आए पाकिस्तान पासपोर्ट धारकों को इमिग्रेशन चेक के लिए इकट्ठा किया था। पूरा दिन पाकिस्तान के गेट खोलने का इंतजार होता रहा। लेकिन अंत में शाम 5 बजे के बाद सभी को वापस लौटना पड़ा, क्योंकि पाकिस्तान ने गेट नहीं खोला। भारत की तरफ से सभी कागजी कार्रवाइयां पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने अपने ही नागरिकों को बीते दिन रिसीव करने से मना कर दिया था।



### 1008 पाक नागरिक लौटे वापस

**पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुए विवाद को लेकर बीते दिन 30 अप्रैल तक 1008 पाकिस्तानी नागरिक वापस लौट चुके हैं। वहीं, 1 मई को पाकिस्तान ने गेट नहीं खोले, जिसके चलते किसी नागरिक ने बॉर्डर पार नहीं किया। जबकि पाकिस्तान से आने वाले भारतीयों का आंकड़ा इससे ज्यादा है। पाकिस्तान से बीते कल तक 1575 भारतीय वापस लौट चुके हैं। आज भी कई भारतीयों व पाकिस्तानियों का आना जाना जारी है।**

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com